# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 15 जुलाई 2026






**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH:** RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **CHHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. **JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, बुधवार 15 जुलाई 2026


## जगदीशपुर में होगी कैबिनेट की आगामी बैठक

# समान नागरिक संहिता बिल को मिलेगी मंजूरी



**सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई ने ड्राफ्ट तैयार करने से लेकर प्रस्तुत करने तक एक भी पैसा नहीं लिया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल


मप्र कैबिनेट की आगामी बैठक 18 जुलाई शनिवार को भोपाल जिले के जगदीशपुर (पूर्व के इस्लाम नगर) में होने जा रही है। इसमें मुख्य रूप से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पर चर्चा होगी। मप्र के इस ड्राफ्ट के लिए सभी 55 जिलों में बैठकें हुई। इसमें आने वाले सुझावों के आधार पर ड्राफ्ट तैयार किया गया। इसकी एक खासियत यह भी है कि इस उच्च स्तरीय कमेटी की अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई ने ड्राफ्ट तैयार करने से लेकर प्रस्तुत करने तक एक भी पैसा नहीं लिया। सदस्यों ने भी खर्चों के अलावा कुछ नहीं लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 20 जुलाई से विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है। यह ▸▸ शेष पेज 4 पर


## सुप्रीम कोर्ट की समय रैना को फटकार, लगाया 3 लाख रुपए का जुर्माना

# पता नहीं... ये किस तरह के यूथ आइकन हैं? लोगों को नीचा दिखाना इनका 'फैशन' बना

**समय रैना ने कोर्ट को गुमराह किया है और हमारे आदेशों का खुलेआम उल्लंघन किया**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


समय रैना


रणवीर



कॉमेडियन समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। मंगलवार को उनके केस पर सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने उन्हें पिछले आदेश का पालन न करने पर फटकार लगाई है। अदालत ने समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया पर 3-3 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर यह रकम जमा नहीं की गई, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों को फटकार लगाते हुए कहा कि ये खुद को यूथ आइकॉन कहते हैं। मुझे नहीं पता कि वह किस तरह का यूथ आइकॉन हैं। यह सोचकर ही मुझे घबराहट होती है। अदालत ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में, आप दूसरों का जितना सम्मान करते हैं, उतना ही सम्मान पाते हैं। हम उन्हें छूट देते रहे हैं। हमने सोचा था कि आप सम्मानित परिवारों से ताल्लुक रखने वाले युवा हैं। मगर लोगों को नीचा दिखाना आपके लिए फैशन बन गया है। हमें लगता है कि (कॉमेडियन) समय रैना ने कोर्ट को गुमराह किया है और हमारे आदेशों का खुलेआम उल्लंघन किया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि रैना पहले दिए गए निर्देशों का पालन करने में नाकाम रहे। कोर्ट ने गौर किया कि बेंच के सामने भरोसा दिलाने के बावजूद, उनका बाद का व्यवहार रिकॉर्ड पर दर्ज किए गए वादों के मुताबिक नहीं था। सीनियर वकील अपराजिता सिंह का कहना है कि समय रैना शो तो कर रहे हैं लेकिन कोर्ट के ▸▸ शेष पेज 4 पर

### क्या था मामला?

दरअसल, पिछले साल अगस्त में, सुप्रीम कोर्ट ने इंडियाज गॉट लेटेंट के होस्ट समय रैना और उनके साथी कॉमेडियनों को विकलांगता और दुर्लभ आनुवंशिक विकारों वाले लोगों का मजाक उड़ाने के लिए बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि ऐसी हरकतों के लिए इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट के तहत सजा हो सकती है। अपने पॉडकास्ट वगैरह पर जाकर माफी मांगें। फिर हमें बताएं कि आप कितना जुर्माना या हर्जाना भरने को तैयार हैं।


## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में देश की पहली सरकारी एआई यूनिवर्सिटी




**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भारत की पहली सरकारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) यूनिवर्सिटी खुलने जा रही है। यहां आयोजित गूगल आईओ कनेक्ट इंडिया 2026 इवेंट में सीएम डीके शिवकुमार ने ऐलान किया। उन्होंने बताया कि इस पहल से कर्नाटक वैश्विक स्तर पर एआई रिसर्च और नवाचार का केंद्र बनकर उभरेगा। यह विवि न सिर्फ एआई टैलेंट तैयार करेगी, बल्कि कॉर्पोरेट और सरकार के बीच एक कड़ी का काम करेगी।

### नवोदय विद्यालय के दो छात्रों की तालाब में डूबने से मौत



**उज्जैन।** घट्टिया स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के दो छात्रों की तालाब में डूबने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतकों की पहचान कक्षा 10वीं के प्रज्ञान विमल और 9वीं के रोशन बरेठा के रूप में हुई है। दोनों सोमवार शाम से लापता थे। मंगलवार सुबह स्कूल परिसर के पीछे स्थित तालाब में दोनों छात्रों के शव तैरते मिले। पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने दोनों के शव बरामद कर लिए।

### नकली चांदी चढ़ावा विवाद में जम्मू की कोर्ट सख्त



**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी मंदिर से जुड़े 500 करोड़ रुपए से अधिक के नकली चांदी चढ़ावा विवाद में जम्मू की अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मुनीश कुमार मन्हास की अदालत ने क्राइम ब्रांच के जांच अधिकारी को मामले के सभी रिकॉर्ड के साथ 29 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। यह निर्देश एडवोकेट दीपक शर्मा की याचिका पर आया है।

## होर्मुज स्ट्रेट में एक बार फिर तनाव | यूएई के दो तेल टैंकरों पर ईरान ने किया हमला

# एक भारतीय की मौत, भारत का कड़ा विरोध, ईरानी राजदूत को किया तलब

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि हमने इस मामले पर ईरानी पक्ष के सामने अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया और साफ कहा कि जिन हमलों की हमने निंदा की है, उन्हें तुरंत रोका जाना चाहिए


रणधीर जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने होर्मुज स्ट्रेट में मंगलवार सुबह दो व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास के उप प्रमुख (डिप्टी चीफ ऑफ मिशन) को तलब कर भारत का कड़ा विरोध दर्ज कराया। मंत्रालय ने इन हमलों की निंदा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर इस तरह के हमले तुरंत बंद होने चाहिए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक हमले का शिकार बने दोनों जहाजों पर कुल 30 भारतीय नाविक सवार थे। इनमें एक भारतीय की मौत हो गई, जबकि 10 घायल हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि भारत से जुड़े 11 जहाज और 148 भारतीय नाविक फिलहाल फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं। ये ▸▸ शेष पेज 4 पर

**भारत बोला** होर्मुज में जहाजों को निशाना बनाना बंद करें


फाइल फोटो

**भारत आ रहे 11 जहाज और 148 भारतीय नाविक फारस की खाड़ी में फंसे**

**दोनों जहाजों पर कुल 30 भारतीय नाविक सवार थे**

### मोम्बासा और अल बहियाह टैंकरों पर मिसाइल टकराई

रिपोर्ट के मुताबिक मोम्बासा और अल बहियाह नामक ये दोनों तेल टैंकर होर्मुज स्ट्रेट के दक्षिणी मार्ग से गुजर रहे थे, तभी मिसाइलें इनसे टकराईं और दोनों टैंकरों में भीषण आग लग गई, जिससे उनके कार्गो को भी भारी नुकसान पहुंचा। हालांकि, बाद में सुरक्षाकर्मियों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। इस हमले में मुख्य रूप से मोम्बासा टैंकर प्रभावित हुआ, जिस पर सवार एक भारतीय नागरिक ने अपनी जान गंवा दी। घायलों में छह भारतीय और दो यूक्रेनी नागरिक शामिल हैं, जिनमें से चार की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है।

### यूएई बोला- अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन

इस बीच, यूएई के रक्षा और विदेश मंत्रालयों ने संयुक्त रूप से हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन और क्षेत्रीय सुरक्षा व स्थिरता के लिए एक बड़ा खतरा करार दिया है। यूएई सरकार ने सख्त लहजे में कहा है कि बढ़ते तनाव के मद्देनजर ▸▸ शेष पेज 4 पर

### अमेरिका और ईरान के बीच चौतरफा सैन्य टकराव

1 **कुवैत:** यहां अमेरिकी पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम, एक एम्युनिशन डिपो (गोला-बारूद भंडार) और एक रडार सुविधा को निशाना बनाया गया।

2 **बहरीन:** बहरीन में मौजूद अमेरिकी सैन्य संचार केंद्र और रडार स्टेशन पर हमले किए गए। इसके बाद बहरीन के गृह मंत्रालय ने अपने नागरिकों से शांत रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है।

3 **कतर:** ईरान ने कतर में स्थित प्रसिद्ध अमेरिकी सैन्य हवाई अड्डे अल उदीद एयरबेस पर बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागी हैं।

## टीकमगढ़ में पीडीएस गेहूं की बोरी से निकलीं जानवर की हड्डियां


# गरीबों की थाली में 'कंकाल'

**प्रशासन ने दुकान की सील**

**विदिशा के वेयरहाउस से टीकमगढ़ पहुंचा था 163 क्विंटल राशन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गरीबों को बांटे जाने वाले राशन की बदहाली का एक ऐसा खौफनाक चेहरा सामने आया है, जिसने पूरे सरकारी तंत्र को कठघरे में खड़ा कर दिया है। यहां एक उचित मूल्य दुकान में वितरण के लिए खोली गई गेहूं की बोरी से एक मृत जानवर के सिर और पैरों की हड्डियां (कंकाल) निकली हैं। यह मामला जिले के ग्राम लक्ष्मणपुरा के हितग्राहियों के सामने आया। यहां उचित मूल्य दुकान बंद होने के कारण 'नन्ही टेहरी' की दुकान से राशन का वितरण किया जा रहा था। राशन लेने पहुंचे हितग्राही कोमल लोधी और परम लोधी के सामने जैसे ही गेहूं की पहली बोरी खोली गई, उसमें जानवर की हड्डियां दिखीं।


राशन के बोरे में हड्डियां

### टीकमगढ़ में लापरवाही का पुराना इतिहास

टीकमगढ़ में घटिया और अमानक सरकारी अनाज पहुंचने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले दमोह जिले से भेजी गई 6265 बोरियों (3132 क्विंटल गेहूं) में जीवित कीड़े, घुन, मिट्टी और बदबूदार सड़ा हुआ गेहूं पाया गया था।

### गेहूं वितरण रोका, जांच शुरू

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सार्थक तिवारी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। नन्ही टेहरी दुकान को तुरंत सील कर दिया गया है और गेहूं का वितरण रोक दिया गया है। इस दुकान पर करीब 163 क्विंटल गेहूं वितरण के लिए आया था। यह खेप विदिशा जिले के संकल्प वेयरहाउस से टीकमगढ़ भेजी गई थी। बोरी पर खरीदी केंद्र के रूप में सेवा सहकारी समिति पठानी का नाम दर्ज है। अब विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि इतनी बड़ी चूक किस स्तर पर हुई।

## छतरपुर पुलिस ने जांच शुरू की

# धीरेंद्र शास्त्री के भाई पर किसान को गोली मारने का लगा आरोप



**भाई शालिग्राम गर्ग जमीन बेचने का दबाव बना रहा था**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छतरपुर

जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़ा में मंगलवार को गोली चलने की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां के किसान मोतीलाल कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि बागेश्वर धाम के कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के भाई शालिग्राम गर्ग ने उन पर गोली चलाई है। गोली लगने से घायल किसान को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां फिलहाल उसका उपचार चल रहा है। कुशवाहा का कहना है कि क्षेत्र के किसानों पर लंबे समय से जमीन बेचने के लिए दबाव बनाया ▸▸ शेष पेज 4 पर

## इंग्लैंड दौरे पर भारत की पहली जीत

# भारत 6 विकेट से जीता पहला वनडे, गिल-अक्षर-सुंदर चमके

एजेंसी ▸▸ बर्मिंघम

इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया को आखिरकार पहली जीत मिल गई है। भारत ने बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेले गए पहले वनडे में इंग्लैंड को 6 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पहले वनडे में इंग्लैंड ने पहले खेलने के बाद जो रूट और लियाम डॉसन के अर्धशतकों की बदौलत 258 रन बनाए थे। जवाब में टीम इंडिया ने 46वें ओवर में 6 विकेट से बाजी मार ली। भारत के ▸▸ शेष पेज 4 पर



**45.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर 262 रन बनाए**

## धार भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

# एएसआई नहीं कर सकेगा ढांचागत बदलाव शुक्रवार की 'नमाज' के लिए मिलेगी जगह

**शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे के बीच रहेगा वक्त**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली /धार



मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक और संवेदनशील धार भोजशाला विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने एक बेहद अहम मोड़ पर बड़ा आदेश दिया है।

मप्र हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट किया है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) भोजशाला परिसर में किसी भी तरह का ढांचागत बदलाव नहीं करेगा। इसके साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के मुख्य फैसले पर फिलहाल रोक लगाने से साफ इनकार ▸▸ शेष पेज 4 पर

### कोर्ट ने बसंत पंचमी की याद दिलाई

पीठ ने सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता से पूछा कि क्या भोजशाला परिसर के आसपास नमाज़ियों के लिए कोई खुली जगह उपलब्ध कराई जा सकती है? न्यायालय ने मुस्लिम पक्ष से भी सवाल किया कि जब तक इस मामले में अंतिम फैसला नहीं आ ▸▸ शेष पेज 4 पर

## पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस की साइक्लोथॉन शुरू

# पटवारी ने मांगा शिक्षा मंत्री का इस्तीफा, इंदौर में लगा जुर्माना

**इंदौर से भोपाल तक साइकिल यात्रा कर रहे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस ने इंदौर से सोमवार सुबह साइक्लोथॉन की शुरुआत की। यह यात्रा नीट-यूजी और सीबीएसई परीक्षा में कथित गड़बड़ी, पेपर लीक तथा बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर निकाली जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत इंदौर से भोपाल तक साइकिल यात्रा कर रहे हैं। यह यात्रा दो दिन में भोपाल पहुंचेगी। शुरुआत में कांग्रेस कार्यकर्ता, छात्र और युवा शामिल हुए, जबकि रास्ते में देवास, सीहोर और भोपाल जिले से भी लोग इस अभियान से जुड़ेंगे। देवास में जीतू पटवारी ने कहा- हमारी मांग है कि हर पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच हो। हर पेपर लीक के पीछे भाजपा के ही माफिया क्यों होते हैं? शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए।


जीतू पटवारी की साइकिल यात्रा

इंदौर में कांग्रेस की साइक्लोथॉन यात्रा के दौरान गांधी प्रतिमा के सामने कचरा फैलाने के मामले में नगर निगम ने कार्रवाई की है। भाजपा प्रवक्ता जेपी मूलचंदानी ने इस मुद्दे को उठाया था। सोशल मीडिया पर ▸▸ शेष पेज 4 पर


## अजीब मौसम : प्रदेश में अब तक औसत सामान्य से 7 प्रतिशत कम बारिश हुई

# पहली बार सुबह से शाम तक सूखा रहा प्रदेश अब 3 दिन बाद बारिश पकड़ सकती है रफ्तार

**कुछ जिलों में 4 से 5 दिन में झमाझम भोपाल भी भीगेगा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार पहला ऐसा दिन रहा जब मानसून ऑनसेट के बाद सुबह से शाम 5 बजे तक कहीं भी एक बूंद तक नहीं गिरी। प्रदेश में 24 जून को मानसून ऑनसेट हुआ है। प्रदेश में अभी कोई सिस्टम नहीं होने और खाड़ी में मानसूनी करंट कम होने से अभी प्रदेश में बारिश की कमी बनी हुई है, लेकिन 17 जुलाई से बारिश का एक दौर फिर शुरू होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश ▸▸ शेष पेज 4 पर


राजधानी का वन विहार, शाम 7 :10 बजे का दृश्य

### आज यहां बादल-बारिश की उम्मीद

मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार तक आलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, उज्जैन, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, मैहर जिलों में हल्की बारिश की उम्मीद है।

### पहले पूर्वी मप्र फिर पूरा प्रदेश

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार लंबे अंतराल के बाद अब 17 जुलाई से फिर बारिश में तेजी आने की उम्मीद है। अगले 5 से 6 दिन में पूरे प्रदेश में बारिश का दौर शुरू हो जाएगा, जो चार से पांच दिन मध्यम से तेज बारिश का रहेगा। कल से पहले पूर्वी मप्र में बारिश शुरू होगी, जो दो से तीन दिन के बाद पश्चिमी मप्र के अधिकांश हिस्सों तक शुरू होगी। इस बीच भोपाल में भी बारिश होगी।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



गुप्त नवरात्रि आज से

हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन 15 जुलाई 2026
कूपन नं. 3

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**कैबिनेट बैठक** मोहन सरकार ने टेक होम राशन व्यवस्था आजीविका मिशन से ली वापस

# महिला व बाल विकास विभाग को दी टेक होम राशन व्यवस्था की जिम्मेदारी

*पिछले करीब छह महीने से टेक होम राशन की व्यवस्था चरमरा गई थी। यह व्यवस्था प्रदेश भर की आंगनवाड़ियों में बंद हो गई थी*


सीएम डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने टेक-होम राशन व्यवस्था को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की संस्था आजीविका मिशन से वापस ले लिया है। पिछले करीब छह महीने से टेक होम राशन की व्यवस्था चरमरा गई थी। यह व्यवस्था प्रदेश भर के आंगनवाड़ियों में बंद हो गई थी। इस वजह से आशंका जताई जाने लगी थी कि कहीं इसे बंद तो नहीं किया जा रहा है। हालांकि, कैबिनेट ने एक बड़ा निर्णय लेकर इसे आजीविका मिशन से वापस लेकर महिला व बाल विकास विभाग को सौंप दिया। अभी त्वरित रूप से अल्पकालीन निविदा, इसके बाद टेंडर के जरिए संचालन होगा। कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए। सरकार ने तात्कालिक रूप से अंतरिम व्यवस्था के रूप में स्व सहायता समूह से पूरक पोषण आहार प्रदाय के लिए महिला व बाल विकास विभाग को अधिकृत किया है। इसके साथ ही साथ अंतरिम व्यवस्था तत्काल शुरू करने व भारत सरकार से नवीन ▶▶ शेष पेज 4 पर

**टेक-होम राशन का उत्पादन एवं वितरण दोनों की व्यवस्था स्व सहायता समूहों को दी**



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लॉन्च किया दृष्टि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म**

**पंचायत स्तर पर ऑडिट प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल होगी**

## पंचायत दर्पण पोर्टल पर पेमेंट गेटवे का भी हुआ शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 23 हजार पंचायतों के लिए ऑडिट प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विकसित दृष्टि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लांच किया है। इसके साथ ही पंचायत दर्पण पोर्टल पर पेमेंट गेटवे की सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक के दौरान इसकी लांचिंग की गई। इससे पंचायत स्तर पर ऑडिट प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल होगी। यह व्यवस्था देश में पंचायतों के पूर्णतः डिजिटल रिमोट वित्तीय ऑडिट की दिशा में अपनी तरह की अभिनव पहल है। पंचायत दर्पण पोर्टल पर शुरू पेमेंट गेटवे पंचायत राज ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दृष्टि की एक खासियत यह भी

इस ऑनलाइन प्लेटफार्म की एक खासियत यह भी है कि प्रदेश के सभी पंचायतों में प्रत्येक माह की 5 तारीख को सभी पंचायतें सभी तरह के बिल व कार्य का विवरण अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे। ऑडिटर पहले बिलों का सत्यापन उसी समय कर लेगा, इसके बाद भौतिक सत्यापन करेगा। हर हाल में प्रत्येक 5 तारीख को इसे अपलोड करना होगा। इस पर अपलोड के बाद उसे बदलने की गुंजायश समाप्त हो जाएगी। जबकि दर्पण पोर्टल पर पेमेंट की व्यवस्था होगी। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### प्रदेश की 23,011 ग्राम पंचायतों में ऑडिट प्रक्रिया होगी तेज

सरकार ने कहा कि केंद्रीय वित्त आयोग से प्राप्त होने वाले अनुदान की राशि के लिए त्रिस्तरीय पंचायतों के समयबद्ध ऑडिट की अनिवार्यता है। भारत के महालेखाकार के निर्देशन में पंचायती राज संचालनालय की ओर से एनआईसी के तकनीकी सहयोग से ऑनलाइन ऑडिट के लिए दृष्टि नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। इस प्लेटफॉर्म पर जाकर ऑडिटर अपने घर या ऑफिस से किसी भी पंचायत के सभी प्रकार के आय व्यय संबंधी अभिलेख देख सकते हैं। उनकी जांच कर सकते हैं। यह ऑडिट प्रक्रिया प्रदेश की 23,011 ग्राम पंचायतों के वित्तीय ऑडिट को तेज, सरल एवं पारदर्शी बनाएगी। इसके उपयोग से सीमित कर्मचारियों की ओर से समस्त पंचायतों का ऑडिट समय पर किया जा सकेगा। इस प्रणाली के ▶▶ शेष पेज 4 पर

मप्र में प्रमोशन में आरक्षणः हाईकोर्ट का फैसला

# कर्मचारियों का डेटा सरकारी है सीक्रेट नहीं, याचिकाकर्ताओं को दें

**कोर्ट ने कहा**

*जब तक पूरा सर्वे और डेटा नहीं मिलेगा, तब तक याचिकाकर्ता आपत्ति कैसे दर्ज करेंगे?*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्यप्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के 'प्रमोशन में आरक्षण' के बेहद संवेदनशील और बहुप्रतीक्षित मामले पर मंगलवार को हाईकोर्ट में एक अहम सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस द्वारा गठित स्पेशल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार द्वारा तैयार किया गया कर्मचारियों का क्वांटिफिएबल डेटा (पिछड़ेपन और प्रतिनिधित्व के आंकड़े) कोई सरकारी सीक्रेट नहीं है। इसे तुरंत याचिकाकर्ताओं के साथ साझा किया जाए। अगर याचिकाकर्ता को पूरा डेटा ही उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, तो वे उस पर अपनी ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ अब 21 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

### राज्य सरकार को आदेशों का पालन न करने पर नसीहत

जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 21 जुलाई दोपहर 2:30 बजे का समय तय किया है। सुनवाई के दौरान जब हाईकोर्ट ने मामले के पुराने रिकॉर्ड खंगाले, तो पाया कि 16 अक्टूबर 2025 को राज्य सरकार को अध्ययन और सर्वे का पूरा डेटा अदालत में पेश करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद 28 अक्टूबर को सरकार ने केवल एक सीलबंद लिफाफे में कुछ चुनिंदा डेटा पेश किया और बाकी दस्तावेज बाद में जमा करने की बात ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सीलबंद लिफाफे पर महाधिवक्ता की दलील खारिज

▶▶ सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता (एजी) प्रशांत सिंह ने दलील दी कि कोर्ट के पिछले निर्देशों के अनुसार ही यह डेटा सीलबंद लिफाफे में पेश किया गया था और इसे प्रतिवादियों से साझा नहीं किया गया था।

▶▶ इस पर कोर्ट ने महाधिवक्ता की दलील को खारिज करते हुए कहा कि जिस तरह महाधिवक्ता का कोई मौखिक आश्वासन रिकॉर्ड पर दर्ज नहीं होता, ठीक उसी तरह डेटा साझा न करने का कोई लिखित आदेश भी रिकॉर्ड में मौजूद नहीं है।

## खबर संक्षेप

### थोक महंगाई दर जून में बढ़कर 9.87% पर



**नई दिल्ली।** देश में महंगाई की मार और तेज हो गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जून में थोक महंगाई दर बढ़कर 9.87% पर पहुंच गई है, जो मई में 9.68% थी। इस उछाल की मुख्य वजह कच्चे तेल, ईंधन और खाद्य पदार्थों की कीमतों में आई भारी तेजी है। खनिज तेल की महंगाई दर रिकॉर्ड 46.48% और कच्चे तेल की महंगाई दर 34.75% दर्ज की गई है।

### मन्नत विवादः शाहरुख को सुप्रीम कोर्ट से राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान के मुंबई (बांद्रा) स्थित बंगले मन्नत के रेनोवेशन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। सीजेआई ने कहा कि मन्नत एक निजी घर है और लोग अपने घरों का रेनोवेशन कर सकते हैं। कोर्ट ने मामले को एनजीटी भेजने की अपील भी नामंजूर कर दी।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.11% बढ़कर 7.74 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में देश का सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह मजबूत गति से आगे बढ़ रहा है। जारी आंकड़ों के अनुसार, 13 जुलाई 2026 तक कर संग्रह सालाना आधार पर 16.11 प्रतिशत बढ़कर 7.74 लाख करोड़ रुपए के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इस दमदार बढ़ोतरी में कॉरपोरेट टैक्स, पर्सनल इनकम टैक्स और सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स की मुख्य भूमिका रही है।

सीबीआई ने आरोपियों को लेकर किया बड़ा दावा

# वॉयस सैंपल देने से किया इनकार न्यायिक हिरासत 28 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में मंगलवार को भोपाल जिला न्यायालय में अहम सुनवाई हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के जरिए हुई इस सुनवाई के दौरान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आरोपियों के वकीलों के बीच तीखी बहस देखने को मिली। वॉयस सैंपल (आवाज के नमूने) लेने की प्रक्रिया को लेकर दोनों पक्षों के दावों में बड़ा टकराव सामने आया है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों मुख्य आरोपियों, गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह की न्यायिक हिरासत 21 जुलाई से बढ़ाकर 28 जुलाई तक कर दी है। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि 6 जुलाई को उनकी एक विशेष टीम दोनों आरोपियों के वॉयस सैंपल लेने जेल पहुंची थी। लेकिन आरोपियों ने इसमें सहयोग नहीं किया। जांच एजेंसी के मुताबिक आरोपी गिरिबाला सिंह ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

▶▶ बचाव पक्ष बोला- पूरा सहयोग कर रहे हैं

▶▶ भोपाल एम्स ने अलग से पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने से किया मना दिल्ली एम्स के जवाब का इंतजार


गिरिबाला सिंह

## राजा के भाई का आरोपः जब से सोनम जेल से बाहर आई, तब से पतियों के मर्डर बढ़े



**नई दिल्ली/इंदौर।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में एक नया मोड़ आया है। आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी की जमानत रद्द करवाने के लिए मेघालय सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। इस अति-संवेदनशील मामले पर सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई कुछ अपरिहार्य कारणों से टल गई है, जो अब 21 जुलाई को होगी। इधर, मृतक कारोबारी के भाई विपिन रघुवंशी ने न्यायपालिका पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि सोनम की जमानत रद्द होना जरूरी है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

'बेकाबू' सांड का तांडवः खरगोन में कुत्ते के काटने के बाद सांड में आए रैबीज के लक्षण

# एसपी दफ्तर में घुसा... फिर 6 फीट ऊंचे गेट को लांघकर शहर की सड़कों पर मचाया गदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

खरगोन में मंगलवार दोपहर उस वक्त सनसनी फैल गई, जब कुत्ता काटने से बेकाबू हुआ एक सांड सीधे पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय परिसर में जा घुसा। सांड ने करीब दो घंटे तक एसपी दफ्तर में जमकर उत्पात मचाया। उस वक्त कार्यालय में जनसुनवाई चल रही थी और बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। इस दौरान सांड साइबर शाखा के ठीक सामने अड़ गया, जिससे वहां मौजूद कर्मचारियों और आवेदकों में दहशत फैल गई। सांड को काबू करने के लिए तुरंत गो माता सेवा संस्थान के गो रक्षकों को बुलाया गया। सांड बाहर न भाग सके, इसके लिए पुलिसकर्मियों ने एसपी ऑफिस का करीब 6 फीट ऊंचा मुख्य गेट बंद कर दिया। लेकिन जैसे ही गो रक्षकों ने सांड को रस्सी का फंदा डालकर पकड़ने की कोशिश की, सांड और भड़क गया। उसने बंद पड़े 6 फीट ऊंचे लोहे के गेट को फांदने के लिए जोरदार छलांग लगा दी। सांड को गंभीर चोट न आए, इसलिए गो रक्षकों ने फुर्ती दिखाते हुए तुरंत गेट खोल दिया और सांड वहां से भाग निकला। एसपी ऑफिस से निकलकर सांड टीआईटी कॉम्प्लेक्स ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सड़क पर बाइक सवार और फल के ठेले को मारी टक्कर, फायर फाइटर की मदद से पाया काबू**


गेट को लांघता सांड

### फायर फाइटर के पानी से किया शांत

इसके बाद बेकाबू सांड नगर पालिका की जल शाखा के परिसर में जा घुसा और खुद को अंदर बंद कर लिया। फायर फाइटर के पानी से किया शांत जल शाखा में सांड को काबू करना बेहद मुश्किल साबित हो रहा था। उसे शांत करने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाई गई। सांड पर ठंडे पानी की बौछारें छोड़ी गईं, जिससे उसका गुस्सा कुछ शांत हुआ। इसके बाद सतीश राठौड़ और उनके साथी गो रक्षकों ने सूझबूझ से फंदा डालकर सांड को बांधा और रेस्क्यू वाहन में चढ़ाकर सुरक्षित स्थान पर भेजा।




## रथ में घोड़े नहीं लगते, सिर्फ घोड़े को सजावट के रूप में इस्तेमाल किया जाता है

# राजधानी के श्रीजी मंदिर लखेरापुरा से आज निकलेगी भव्य जगन्नाथ रथयात्रा, 126 वर्ष पुराना रथ 8 पहिए और 16 खंभे के साथ हुआ तैयार

### इस रथ को गुजरात के सनखेड़ा के कारीगरों ने बनाया था

पहले तो यह पूरी तरह लकड़ी का था पर अब इसके ऊपरी (छतरी) को 53 साल पहले चांदी का बनाया गया

रथ को मंदिर के बाहर नहीं ले जाया जाता मंदिर के अंदर ही प्रभु को विराजमान करके भ्रमण कराया जाता है


लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में हुई विशेष पूजा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के लखेरापूरा श्रीजी मंदिर में बुधवार को निकाली जाएगी। रथ यात्रा की तैयारियां मंगलवार को पूरी हो गई। मंदिर के प्रमुख पंडित श्रीकांत शर्मा ने बताया कि पुष्टिमार्ग में महाप्रभुजी वल्लभाचार्य इसका नियम पुष्य नक्षत्र वाले दिन बताया है। इस बार 15 जुलाई को पुष्य नक्षत्र पर रथयात्रा निकाली जाएगी। रथ लकड़ी से निर्मित 126 वर्ष पुराना है। इसमें आठ पहिए और 16 खंभे हैं। इस रथ को गुजरात के सनखेड़ा के कारीगरों ने बनाया था।

पहले तो यह पूरी तरह लकड़ी का था पर अब इसके ऊपरी (छतरी) को 53 साल पहले चांदी का बनाया गया और इसकी विशेष बात यह है कि यह पूरी तरह फोल्डेबल है। इसका हर हिस्सा अलग हो जाता है। इस रथ में घोड़े नहीं लगते इसके पीछे यह भाव है कि यहां बाल भाव की सेवा है, तो ब्रज में सभी गोपियां प्रभु को खुद ही धक्का देकर ब्रज में घुमाती थीं। इससे प्रभु आनंदित होते थे। सिर्फ घोड़े को सजावट के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। यही भाव से इसमें घोड़े नहीं लगते हैं। रथ को मंदिर के बाहर नहीं ले जाया जाता है मंदिर के अंदर ही प्रभु को विराजमान करके भ्रमण कराया जाता है।

### 20 हजार श्रद्धालुओं को खाजा के रूप में मिलेगा महाप्रसाद

## इस्कॉन में 18 को भगवान श्रीजगन्नाथ की दिव्य रथयात्रा का होगा आयोजन


इस्कॉन मंदिर में रथ तैयार करने के बाद परीक्षण करते आयोजक।

**रथयात्रा का मार्ग एवं समय**

*रथयात्रा का शुभारंभ सायं 4 बजे भोपाल टॉकीज से शुरू होगा तथा यह हमीदिया रोड, भारत टॉकीज, रोशनपुरा चौराहा, रंगमहल एवं न्यू मार्केट से होती हुई प्लेटिनम प्लाजा (माता मंदिर के समीप) पहुँचेगी, जहां इसका समापन होगा।*

**भोपाल।** श्री श्री गौर राधा वल्लभ मंदिर इस्कॉन, पटेल नगर, द्वारा 18 जुलाई को भगवान श्रीजगन्नाथ जी की तेरहवीं वार्षिक भव्य रथयात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह दिव्य महोत्सव भगवान श्रीजगन्नाथ, श्री बलराम एवं माता सुभद्रा की कृपा प्राप्त करने का एक अनुपम अवसर है इसमें भोपाल सहित देश-विदेश से श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। रसिया, अमेरका व नीदरलैंड के भक्त रथ यात्रा के लिए भोपाल आ चुके हैं। वहीं भगवान जगन्नाथ के लिए ड्रेस वृंदावन से आएगा। खास बात यह है कि इस साल रथ के एक एक फीट पर काम किया गया है, जिससे रास्ते में कोई अवरुद्ध न हो।

**विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति**

द्विजमणि प्रभु जो रूस से हैं एवं मत्स्य प्रभु अमेरिका से जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भगवान श्रीजगन्नाथ की भक्ति के प्रचार-प्रसार में सक्रिय हैं, भी इस पावन अवसर पर उपस्थित रहेंगे। वहीं नीदरलैंड सहित देश के अलग-अलग राज्यों से भक्त रथ यात्रा में भाग लेंगे। विशेष आकर्षण पुरी ओडिशा के मशहूर रथ नंदीघोष की परम्परा और आकृति से प्रेरित होकर, भगवान श्री जगन्नाथ के लिए विशेषतः एक भव्य रथ तैयार किया गया है। रथ की ऊंचाई लगभग 27 फीट, चौड़ाई 13 फीट तथा लंबाई 17.5 फीट है।

**महाप्रसाद एवं प्रसाद वितरण**

लगभग 400 किलोग्राम खाजा महाप्रसाद यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं के मध्य वितरित किया जाएगा। समापन स्थल प्लेटिनम प्लाजा पर लगभग 5,000 से 7,000 श्रद्धालुओं को शुद्ध देसी घी से निर्मित हलवा महाप्रसाद प्रदान किया जाएगा।

## मातंग योग, हर्षण योग, गज केसरी योग व बुधादित्य योग संयोग में गुप्त नवरात्रि आज से

**भोपाल।** तंत्र, मंत्र और साधना के लिए खास माने जाने वाले आषाढ़ मास के गुप्त नवरात्रि की शुरुआत बुधवार से होगी। अलसुबह विधि विधान से घट स्थापना के बाद भक्त मां दुर्गा के साथ ही दस महाविद्याओं की आराधना करेंगे। साथ ही सिद्धि प्राप्ति के लिए मां दुर्गा के दिव्य मंत्रों का जप करेंगे। गुप्त नवरात्रि में नौ देवियों के साथ दस महाविद्याओं की विशेष पूजा की मान्यता है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार आषाढ़ शुक्ल पक्ष गुप्त नवरात्रि विधान 15 जुलाई से प्रारंभ होकर 22 जुलाई भड़ली नवमी तक यानी 8 दिन का होगा। इस बार मातंग योग, हर्षण योग, गज केसरी योग, बुद्धादित्य योग, पुष्य नक्षत्र रहेगा। आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि का प्रारंभ मंगलवार दोपहर 3.14 बजे हो गई। यह तिथि बुधवार के दिन दोपहर 11:51 बजे तक रहेगी।

***तृतीय-चतुर्थी तिथि एक दिन होगी पूजा इस बार आठ दिन की होगी नवरात्रि***

**कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त**

पं. रामजीवन दुबे ने बताया नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना शुभ मुहूर्त में की जाती है। घटस्थापना का शुभ समय सुबह 6:15 बजे से सुबह 9:05 बजे तक रहेगा। यदि इस समय कलश स्थापना न हो पाए तो इसके बाद शुभ का चौघड़िया सुबह 10:50 से दोपहर 12:31 बजे तक रहेगा।

## हलहारिणी अमावस्या पर की हरि जी की पूजा

**भोपाल।** आषाढ़ मास की हलहारिणी अमावस्या पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने घरों व मंदिरों मे भगवान विष्णु की विशेष पूजा-आराधना की। अनेक लोगों ने पितरों के निमित्त तर्पण किया। उनकी स्मृति में भोजन व वस्त्रों के दान का सिलसिला भी शाम तक चलता रहा। अनेक ऐसे किसान जिनके खेत या घर के आंगन में हल रखें हैं, उन्होंने इसकी पुष्प व रोली चंदन आदि से पूजा की। जिन्हें हल नहीं मिला उन्होंने अन्य कृषि उपकरणों की पूजा की। गुफा मंदिर लालघाटी समेत कई अन्य मंदिरों में भगवान विष्णु के साथ ही शंकर भगवान, मां पार्वती, गणेश जी व हनुमान की पूजा-आरती कर उन्हें विशेष भोग लगाया।

### खबर संक्षेप

**अब यूजी और पीजी के लिए विद्यार्थी 31 जुलाई तक ले सकेंगे एडमिशन**

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दूसरे चरण की कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी प्रदेश के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए 31 जुलाई तक प्रवेश ले सकेंगे। इस संबंध में आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा ने मंगलवार को आदेश भी जारी कर दिए हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण की सीएलसी की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 थी, जिसे बढ़ाकर अब 31 जुलाई 2026 कर दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अन्य सभी शर्तें, नियम एवं दिशा-निर्देश पूर्ववत लागू रहेंगे।

**महापौर ने किया संवाद और सम्मान समारोह का शुभारंभ**

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की उपस्थिति में मंगलवार को नीलबड़ स्थित ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान सुख शांति भवन के सभागार में आयोजित सम्मान एवं संवाद समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान नशामुक्त भारत सप्ताह के तहत उपस्थित लोगों को संकल्प भी दिलाया गया। समारोह में ब्रह्माकुमारी नीता दीदी, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी जीपी माली सहित महापौर परिषद के सदस्य, पार्षद एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। समारोह में महापौर राय, निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी सहित महापौर परिषद के सदस्यों, पार्षदों एवं गणमान्य लोगों का सम्मान किया गया।

**भारतीय ज्ञान परंपरा का त्रैमासिक कैलेंडर जारी, सितंबर तक होंगे कार्यक्रम**

**भोपाल।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग ने जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर 2026 का त्रैमासिक कैलेंडर जारी किया है। इसके तहत प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 2 अगस्त को आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय जयंती एवं राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस पर आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय के भारतीय विज्ञान और उद्योग में योगदान पर व्याख्यान, विज्ञान मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रदर्शनी, उनके व्यक्तित्व-कृतित्व पर चर्चा तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित होगी। 20 अगस्त को भारतीय अक्षय ऊर्जा दिवस पर प्राचीन ग्रंथों में अक्षय ऊर्जा से संबंधित अवधारणाओं, ऊर्जा संरक्षण एवं भारतीय दृष्टिकोण पर विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान होंगे।

### एमपी भूमि विकास नियम-2012 के तहत जारी होंगे नोटिस

# नगर निगम ने की रिहायशी आवासों के व्यवसायिक उपयोग पर सख्ती

***आवासीय भवनों में अस्पताल, नर्सिंग होम, बैंक, होटल, शोरूम, दुकानें और कार्यालय संचालित मिलने पर नगर निगम करेगा सख्त कार्रवाई***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत भवनों का व्यावसायिक गतिविधियों में इस्तेमाल करने वालों पर नगर निगम अब सख्ती करने जा रहा है। इसके तहत आगामी माह से शहर के सभी जोन और वार्डों में विशेष सर्वे अभियान चलाया जाएगा।

सर्वे के दौरान जिन आवासीय भवनों में अस्पताल, नर्सिंग होम, बैंक, होटल, शोरूम, दुकानें, कार्यालय अथवा अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित मिलेंगी, उनके भवन स्वामियों को मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम-2012 और नगर पालिक निगम अधिनियम-1956 के तहत नोटिस जारी कर दस्तावेजों सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित समय में जवाब नहीं देने या नियमानुसार अनुमति नहीं लेने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

शहर के सभी जोन और वार्डों में विशेष सर्वे अभियान चलाया जाएगा


फाइल फोटो

निगम प्रशासन के अनुसार करीब चार वर्ष पहले अरेरा कॉलोनी और रोहित नगर क्षेत्र में इसी प्रकार का सर्वे कराया गया था। उस दौरान बड़ी संख्या में ऐसे भवन चिन्हित हुए थे, जिनकी अनुमति आवासीय उपयोग के लिए थी, लेकिन उनमें व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं। भवन अनुज्ञा शाखा ने संबंधित भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए थे, लेकिन बाद में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी। अब ऐसे मामलों की संख्या बढ़ने के कारण पूरे शहर में नए सिरे से सर्वे कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए भवन अनुज्ञा शाखा की विशेष टीमें गठित की गई हैं। भवन अनुज्ञा शाखा के प्रभारी सिटी प्लानर नीरज आनंद लिखार ने बताया कि आवासीय भवनों के व्यावसायिक उपयोग को लेकर जल्द ही सर्वे कराया जाएगा।

**भवन मालिकों को देने होंगे दस्तावेज**

*सर्वे में चिन्हित भवन मालिकों से आवश्यक दस्तावेज मांगे जाएंगे। यदि नियमों के विपरीत व्यावसायिक गतिविधियां संचालित पाई गईं तो नोटिस देकर जवाब मांगा जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर जुर्माना और अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।*

**हर एक क्षेत्र में बन गए मार्केट**

*शहर में 1,500 से अधिक निजी कॉलोनियां हैं और बड़ी संख्या में आवासीय भवनों का व्यावसायिक उपयोग हो रहा है। सर्वे के बाद ऐसे भवनों का कर निर्धारण नए सिरे से किया जाएगा, जिससे नगर निगम के राजस्व में भी वृद्धि होने की उम्मीद है।*

### 21 जुलाई को असम, झारखंड और बंगाल के डीजीपी होंगे तलब

साइबर जांच पर हाईकोर्ट सख्त...

## साइबर अपराधों में हर सेकंड अहम, जांच एजेंसियों को अपराधियों से तेज चलना होगा

***कोर्ट ने साइबर अपराधों के मामलों की जांच की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने साइबर अपराधों की जांच में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया है कि डिजिटल अपराधों से निपटने के लिए जांच एजेंसियों को अपराधियों से अधिक तेज और तकनीकी रूप से सक्षम होना होगा। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए असम, पश्चिम बंगाल और झारखंड के पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) को 21 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर संबंधित मामलों की जांच की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

**70 वर्षीय महिला की याचिका पर सुनवाई**

*मामला जबलपुर निवासी 70 वर्षीय चैताली मित्रा से जुड़ा है, जिनके बैंक खाते से 26 अप्रैल 2025 को करीब 6.25 लाख रुपए की साइबर ठगी हुई थी। गोराबाजार थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।*

**एसपी ने बताईं जांच में आने वाली चुनौतियां**

*सुनवाई के दौरान जबलपुर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय, गोराबाजार थाना प्रभारी भूपेंद्र आर्मो और विवेचना अधिकारी संजीव कुमार त्रिपाठी अदालत में उपस्थित हुए। एसपी ने बताया कि बैंकों से प्रारंभिक तकनीकी जानकारी मिलने में तीन से पांच दिन लग जाते हैं।*

### बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में शोध में भारतीयता विषय पर सारगर्भित परिचर्चा

## भारतीय ज्ञान परंपरा केवल ऐतिहासिक धरोहर नहीं, बल्कि समकालीन शोध के लिए एक सशक्त बौद्धिक आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल एवं प्रज्ञा विमर्श न्यास के संयुक्त तत्वावधान में शोध में भारतीयता विषय पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन विवि परिसर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय चिंतन एवं भारतीय जीवन-दृष्टि को शोध के केंद्र में स्थापित करने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शोध की नई दिशाओं पर गंभीर विमर्श करना था।




कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे, केंद्रीय टोली सदस्य प्रज्ञा प्रवाह ने अपने व्याख्यान में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल ऐतिहासिक धरोहर नहीं, बल्कि समकालीन शोध के लिए एक सशक्त बौद्धिक आधार है। उन्होंने कहा कि भारतीयता आधारित शोध समाज की वास्तविक आवश्यकताओं से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने शोधार्थियों का आह्वान किया कि वे भारतीय दर्शन, संस्कृति, परंपराओं, लोकज्ञान एवं जीवन मूल्यों को आधुनिक शोध पद्धतियों के साथ समन्वित करते हुए मौलिक एवं समाजोपयोगी अनुसंधान करें। विशिष्ट वक्ता धीरेंद्र चतुर्वेदी, प्रांत संयोजक, मध्य भारत प्रांत ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय दृष्टिकोण पर आधारित शोध ही वैश्विक स्तर पर भारत की ज्ञान परंपरा को नई पहचान प्रदान कर सकता है।

### 31 अगस्त तक चलेगा दस्तक अभियान सह स्टॉप डायरिया कैंपेन

## हीमोग्लोबिन की जांच कर बच्चों को पिलाया जाएगा विटामिन ए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पांच साल तक के बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के लिए 14 जुलाई से दस्तक अभियान की शुरुआत की गई है। 31 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के दौरान बच्चों में निमोनिया, गंभीर कुपोषण, एनीमिया स्क्रीनिंग एवं दस्त रोग प्रबंधन जागरुकता गतिविधियां की जाएंगी। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि अभियान में स्वास्थ्य व महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ता भोपाल के तीन लाख बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं दे रहे हैं। परिजन अपने बच्चों की रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाने के लिए विटामिन ए जरूर पिलवाएं। डिजिटल हिमोग्लोबीनोमीटर से हिमोग्लोबीन की जांच एवं एनीमिया के स्तर के अनुसार प्रोटोकॉल के अनुरूप उपचार दिया जाएगा। दस्तक अभियान में सघन दस्त नियंत्रण कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। जिसमें ओआरएस का पैकेट और जिंक की गोलियां निःशुल्क दी जा रही हैं। परिजनों को दस्त रोग के लक्षणों की जानकारी देकर ओआरएस बनाने की विधि, जिंक के उपयोग एवं फायदों के बारे में जानकारी देने के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओआरएस कॉर्नर की स्थापना की गई है।

**कोलार में भी अभियान शुरू**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार से विधायक हुज़ूर प्रतिनिधि अनिकेत पांडे द्वारा दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का शुभारंभ किया। आरएस जिंक कॉर्नर, एनआरसी में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा प्रदान कर की गई। इस अवसर पर डॉ सुदर्शना शर्मा एसडीएमओ कोलार सर्कल बृजेश कुमार गोस्वामी अनु विभागीय प्रबंधक, श्री अरविंद अहिरवार कोल्ड चेन प्रभारी, श्रीमती कीर्ति तिवारी पोषण सलाहकार, श्रीमती सीमा चौरसिया एएनएम सहित अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### जनसुनवाई में 210 लोगों ने दर्ज कराई शिकायत

## तीन सौ करोड़ की जमीन का फर्जी नामांतरण, दस्तावेजों में हेरफेर

***राजीवे के बाद नीलबड़ में अवैध उत्खनन की शिकायत***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा में तीन सौ करोड़ की जमीन का फर्जी तरीके से नामांतरण करने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में फर्जी इकरारनामे और अन्य दस्तावेजों में हेरफेर कर नामांतरण कराने की शिकायत की गई है। इधर राताताल के राजीवे गांव में अवैध खनन के बाद नीलबड़े भी अवैध उत्खनन की शिकायत जनसुनवाई में दर्ज कराई गई है। मंगलवार को कलेक्टोरेट में 210 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अंसार मोहम्मद ने शिकायत में बताया कि बैरागढ़ तहसील कार्यालय के अफसरों ने फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कर दो साल पहले करीब 300 करोड़ रुपए की जमीन का फर्जी नामांतरण कराया गया है। नामांतरण के लिए पुराने दस्तावेज, स्टांप, हस्ताक्षर और इकरारनामों का फर्जी उपयोग किया गया। इधर, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष रामभरोसे राठौर ने नीलबड़ क्षेत्र में पिछले दो माह से अवैध उत्खनन का आरोप लगाया। शिकायत में बताया गया कि खनिज अफसरों के संरक्षण में रॉयल्टी का दुरुपयोग किया जा रहा है। यहां से खनिज को दूसरे जिलों तक भेजा जा रहा है।



**सरकारी जमीन पर प्लॉटिंग कर प्लॉट बेचे**

*हुजूर तहसील के ग्राम गड़मुर्रा की किसान संध्या जैन ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, सार्वजनिक रास्ता बंद करने, अवैध उत्खनन की शिकायत दर्ज कराई। वहीं राजेन्द्र सिंह ने भवन क्रमांक-65 सहित कई निर्माण सरकारी जमीन पर होने और फर्जी दस्तावेजों से प्लॉटों की खरीद-फरोख्त करने का आरोप लगाया है।*

**हाउसिंग सोसाइटी के खसरों में की छेड़छाड़**

*दानिश हिल्स के रहवासियों ने दानिश को-आपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी के खसरों में छेड़छाड़ कर अवैध रजिस्ट्रियां और प्लॉट आवंटन करने की शिकायत की है। रहवासियों ने सहकारिता, राजस्व, खनन, वन, नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।*

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
(खरीफ 2026)

अपनी अधिसूचित फसल का बीमा
31 जुलाई 2026 तक अवश्य कराएं

प्रिय किसान भाइयो एवं बहनो,

वर्ष 2026 में एल-नीनो (El Niño) के संभावित प्रभाव से वर्षा में अनियमितता एवं प्राकृतिक आपदाओं की संभावना को देखते हुए अपनी खरीफ फसल की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

फसल बीमा प्राकृतिक आपदा, सूखा, अतिवृष्टि एवं अन्य मौसम जनित जोखिमों से होने वाली आर्थिक हानि से सुरक्षा प्रदान करता है।

अंतिम तिथि का इंतजार न करें

आज ही निकटतम बैंक शाखा, ग्राहक सेवा केन्द्र, फसल बीमा पोर्टल, फसल बीमा ऐप एवं अधिकृत बीमा कंपनी के मध्यस्थ के माध्यम से फसल बीमा कराएं।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मध्यप्रदेश शासन

D-11060/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026



मप्र शासन की कार से हूटर निकालता कर्मचारी।



## मजिस्ट्रेट चेकिंगः महापौर की गाड़ी का बना चालान, 14 कारों से उतरवाई काली फिल्म, 10 हूटर-सायरन जब्त

### एमपी नगर में चेकिंग, डॉ भीमराव आंबेडकर ब्रिज पर लगी लोगों की भीड़, लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के एमपी नगर में मंगलवार को जिला न्यायालय के आदेश पर विशेष मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सीजेएम आग्नीध्र कुमार द्विवेदी ने किया। उनके साथ तीन अन्य मजिस्ट्रेट, चार थानों की पुलिस और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने वाहनों की सघन जांच की।

चेकिंग के दौरान टीटी नगर की मजिस्ट्रेट करुणा दंडोतिया की गाड़ी भी रुकवाई और हूटर निकलवाया गया। हालांकि, सरकार के आदेश को दिखाने के बाद तस्वीर साफ हुई। जिसमें मजिस्ट्रेट को हूटर लगाने की छूट का उल्लेख है। वहीं, छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके के वाहन पर लगी महापौर की प्लेट हटवाकर चालानी कार्रवाई की गई।

- *जिला न्यायालय के आदेश पर सीजेएम के नेतृत्व में कार्रवाई*
- *थानों की पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई*
- *टीटी नगर मजिस्ट्रेट की गाड़ी रुकवाई बाद में नियमानुसार छोड़ी*



डिवाइडर की दीवार पर रखे छिंदवाड़ा महापौर की प्लेट के साथ जब्त हूटर।

### ब्रिज पर ट्रैफिक जाम की वजह से दूसरे वाहन चालक हुए परेशान



कार्रवाई के दौरान सीजेएम के साथ तीन अन्य मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

एसीपी ट्रैफिक देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि अभियान के दौरान डीबी मॉल के सामने 14 वाहनों की ब्लैक फिल्म हटवाई गई और उनके चालान किए गए। वहीं हेलमेट का उल्लंघन करने वाले 8 वाहन चालकों पर भी चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान एमपी नगर से गुजर रहे डॉ भीमराव आंबेडकर ब्रिज से बड़ी संख्या में वाहन चालक कार्रवाई देखने में जुट गए। इसकी वजह से ब्रिज पर जाम की स्थिति बन गई। वहां से निकलने वाले दूसरे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### एसीपी ट्रैफिक बोले-यातायात नियम सभी के लिए बराबर



महामंडलेश्वर की प्लेट निकालते हुए कर्मचारी।

इस दौरान अवैध रूप से हूटर, सायरन और लाल-नीली बत्ती का उपयोग करने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। कई वाहनों से मौके पर ही अवैध हूटर और सायरन हटवाकर जब्त किए गए। एसीपी ट्रैफिक देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि यह विशेष अभियान न्यायालय के निर्देश पर चलाया जा रहा है। इस दौरान करीब 10 वाहनों से अवैध हूटर और सायरन निकालकर जब्त किए जा चुके हैं। उनका कहना है कि वाहन किसी प्रभावशाली व्यक्ति, अधिकारी, जनप्रतिनिधि या आम नागरिक का हो, यातायात नियम सभी पर समान रूप से लागू होते हैं।



एमपी पुलिस की गाड़ी से भी हूटर निकाले गए।

### दंडोतिया टीटी नगर जाघेला बने बैरसिया तहसीलदार




**भोपाल।** तबादलों के बाद तहसील और वृत्तों में खाली पड़े तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की नई पदस्थापना की गई है। जिसके तहत 22 तहसीलदार और नायब तहसीलदारो को तहसीलों में तैनात किया गया है, जिसमें शहर तहसीलदार करुणा दंडोतिया को टीटी नगर और आदित्य जाघेला को बैरसिया तहसील भेजा गया है। आदेश में सात तहसीलदार और 15 नायब तहसीलदारों को इधर से उधर किया गया है।

गोविंदपुरा में नायब तहसीलदार नवीन चंद्र कुंभकार को भेजा गया है, यहां नायब तहसीलदार का पद लंबे समय से खाली था। इधर, भूपेंद्र कैलासिया को शहर तहसील में पदस्थ किया गया है। अब वृत्तों में भी एसडीएम की तैनाती की जाएगी। बता दें कि हाल ही में डिप्टी कलेक्टर और संयुक्त कलेक्टर की पदस्थापना भोपाल में हुई है। वहीं, यहां से कई अधिकारी ट्रांसफर होकर गए हैं। इसलिए एसडीएम स्तर पर प्रशासनिक सर्जरी की जाएगी। कई एसडीएम उधर से उधर किए जा सकते हैं।

### सुबह बंद मिले केंद्र, शाम को दोबारा दबिश देने पहुंचा अमला

## नाले पर जर्जर भवन में चल रही थी कोचिंग, 6 में नहीं थी फायर सेफ्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में संचालित कोचिंग सेंटरों में फायर सेफ्टी को लेकर लगातार खामियां मिल रही हैं। मंगलवार को नगर निगम का फायर अमला 11 नंबर स्टॉप क्षेत्र में संचालित हो रही छह कोचिंग सेंटरों की जांच करने दिन में दो बार पहुंचा। पहली बार अमला सुबह 11 बजे पहुंचा था, लेकिन तब तक कोचिंग सेंटर बंद हो चुके थे। इसके बाद टीम ने शाम 4 बजे दोबारा दबिश दी और सेंटरों के भीतर सुरक्षा इंतजामों को परखा। इनमें एक भी सेंटर में फायर सेफ्टी के जरूरी उपकरण नहीं पाए गए। जबकि जर्जर भवनों में कोचिंग की क्लासेस चलती मिलीं। निगम अमले ने मौके पर ही नोटिस थमाए।

फायर आफिसर सौरभ कुमार पटेल ने बताया कि शिकायत के आधार पर टीम पहली बार 11 नंबर स्थित नाले के ऊपर बने एक जर्जर भवन में चल रही छह कोचिंग सेंटरों की जांच करने पहुंची थी। सुरक्षा मानकों में लापरवाही पाए जाने पर सभी संचालकों को तुरंत फायर उपकरण लगवाने का नोटिस थमाया गया है।

11 नंबर स्टॉप क्षेत्र में संचालित कोचिंग सेंटर्स को तुरंत दिए नोटिस

31 डिफाल्टर सेंटरों की मोहलत खत्म, सीलिंग कार्रवाई आज से

### 31 कोचिंग सेंटरों की दोबारा जांच की जाएगी



नए शहर के 11 नंबर स्टॉप क्षेत्र में चल रहे कोचिंग सेंटर।

शहर के 31 कोचिंग सेंटरों को सीलिंग करने की कार्रवाई टल गई। मंगलवार को इनके खिलाफ तालाबंदी या सीलिंग की कार्रवाई शुरू नहीं हो सकी। इससे संबंधित फाइल वर्तमान में अपर आयुक्त वरुण अवस्थी के पास प्रक्रिया में है। उच्च स्तर से निर्देश मिलते ही इन 31 कोचिंग सेंटरों की दोबारा जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर इन्हें तुरंत सील कर दिया जाएगा।

### 61 में से केवल 30 ने ही दिया है शपथ पत्र


नगर निगम ने 23 जून को शहर के करीब 61 कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किए थे, जबकि फायर डिपार्टमेंट ने आठ सेंटरों को मौके पर ही सील कर दिया था। इसके बाद सात जुलाई को निगम मुख्यालय में हुई बैठक में संचालकों को समझाइश दी गई थी। इस बैठक में अधिकांश संचालकों ने 200 के स्टाम्प पर शपथ पत्र देकर 30 दिनों के भीतर फायर सेफ्टी नियमों का पालन करने का भरोसा दिया था। लेकिन तय समय में 61 में से केवल 30 संचालकों ने ही निगम में शपथ पत्र जमा कराया है। जिन 31 संचालकों ने शपथ पत्र नहीं दिया है, उनके खिलाफ जब्ती और तालाबंदी की फाइल चलते ही सख्त एक्शन लिया जाएगा।



कोचिंग सेंटर को नोटिस देता निगम का अमला।

### लकड़ी का तैयार फर्नीचर, सोफा, बेड और अलमारियां राख

## हमीदिया रोड पर फर्नीचर शोरूम और गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का सामान हुआ खाक



तड़के 5.30 बजे आग लगने का दृश्य।



सुबह सुबह आग बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर हमीदिया रोड स्थित नव बहार सब्जी मंडी के पास एक फर्नीचर शोरूम और उससे जुड़े गोदाम में मंगलवार तड़के भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आसमान में धुएं का गुबार छा गया और आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में लिया।

शो-रूम व गोदाम में रखा लकड़ी का तैयार फर्नीचर, सोफा, बेड, अलमारी, डाइनिंग टेबल, टी-टेबल सहित अन्य घरेलू एवं सजावटी सामान जलकर राख हो गया। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन लाखों रुपए का फर्नीचर और लकडी जलकर राख हो गई।

जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 5:30 बजे आग लगने की सूचना मिलते ही नगर निगम के फायर कंट्रोल रूम से तत्काल दमकल वाहन मौके पर रवाना किए गए। फतेहगढ़, बोगदा पुल, कबाड़खाना, बैरागढ़ और गांधीनगर फायर स्टेशनों से दमकलों को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने लगातार करीब तीन घंटे तक मशक्कत कर आग पर पूरी तरह काबू पाया।

### दमकल कर्मियों ने रोका बड़ा हादसा

गोदाम में बड़ी मात्रा में लकड़ी और तैयार फर्नीचर रखा होने के कारण आग तेजी से फैल गई थी। दमकल कर्मियों ने समय रहते आग को आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के समय शोरूम बंद था। फिलहाल आग के कारण अज्ञात हैं। निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि हमीदिया रोड पर एक फर्नीचर की दुकान और गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर तत्काल दमकलें रवाना की गईं।

### नगर निगम के रात्रिकालीन अतिक्रमण विरोधी अमले ने शब्बन चौराहे पर की कार्रवाई

## जहांगीराबाद में रात में कार्रवाई से हंगामा पुलिस की मौजूदगी में हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम के रात्रिकालीन अतिक्रमण विरोधी अमला मंगलवार को जहांगीराबाद के शब्बन चौराहे पर अतिक्रमण हटाने पहुंचा। इस दौरान भीड़भाड़ वाले इलाके में हड़कंप मच गया। रोड किनारे लगने वाले ठेले व अन्य अस्थाई दुकानदारों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा किया। पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।



शब्बन चौराहे पर पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई।

### अमले ने आरिफ नगर में सड़क निर्माण में बाधक मकान ढहाया

नगर निगम के अमले ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए आरिफ नगर में सड़क निर्माण में बाधक बने एक मकान को ढहा दिया। यह कार्रवाई लोक निर्माण विभाग सहयोग से की गई। इसके अलावा शहरभर में फुटपाथ और सड़कों पर किए गए अतिक्रमण हटाकर ठेले, टेबल और तिरपाल जब्त किए गए।



### खुले में शराब पीने वाले 26 लोगों पर केस

## चंदूखेड़ी में जूस सेंटर की आड़ में शराब बेचने वाले तस्कर पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

परवलिया सड़क चंदूखेड़ी में हर्ष मीणा जूस सेंटर के पीछे शराब की तस्करी करने वाले अजमल मीणा और गुरवेश सिंह को आबकारी की टीम ने 20 दिन बाद दबोच लिया है। इधर रत्नागिरी, बिलखिरिया, पटेल नगर, कोकता खजूरी कला और कोलार की शराब दुकानों के आसपास खुले में शराब पीने वाले 26 लोगों पर केस दर्ज किए गए हैं।



जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि हर्ष चंदूखेड़ी में फरार चल रहे आरोपी अजमल मीणा और गुरवेश सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। जबकि आसपास खुले में शराब पीने के मामले में 26 लोगों को पकड़कर केस बनाए गए हैं।

### वर्षों का इंतजार हो सकता है खत्म

## एमआईसी में 150 कर्मचारियों के प्रमोशन पर आज होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम भोपाल के करीब 150 कर्मचारियों के लिए लंबे समय से अटकी पदोन्नति को बुधवार को फैसला हो सकता है। बुधवार को महापौर मालती राय की अध्यक्षता में होने वाली मेयर-इन-काउंसिल (एमआईसी) की बैठक में लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 के तहत तैयार की गई पात्र कर्मियों की अंतिम सूची को मंजूरी के लिए रखा जा सकता है। एमआईसी की स्वीकृति मिलते ही निगम प्रशासन वरिष्ठता सूची जारी कर पदोन्नति प्रक्रिया आगे बढ़ाएगा।

जानकारी के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने विभिन्न विभागों में कार्यरत पात्र कर्मचारियों की सूची तैयार कर ली है। इसके लिए अधिकारियों ने कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, गोपनीय चरित्रावली (सीआर) और अन्य अभिलेखों का परीक्षण किया है। निगमायुक्त संस्कृति जैन के स्तर पर भी लगातार समीक्षा की जा रही है, ताकि पदोन्नति प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे।

इस बार पदोन्नति का लाभ करीब 150 कर्मचारियों को मिलने की संभावना है। लंबे समय से रुकी इस प्रक्रिया के कारण कर्मचारियों में भी बैठक को लेकर उत्सुकता बनी हुई है। हालांकि पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर निगम के भीतर असंतोष भी सामने आ रहा है। कई वरिष्ठ कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले दो दशक से नियमित पदोन्नति नहीं मिलने से उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। उनका कहना है कि यदि समय पर पदोन्नति होती, तो वे वर्तमान में उपायुक्त या सहायक आयुक्त जैसे वरिष्ठ पदों तक पहुंच सकते थे। कुछ कर्मियों ने पदोन्नति सूची तैयार करने में पारदर्शिता बनाए रखने और वरिष्ठता का पूरा ध्यान रखने की मांग भी की है।

### 15 लाख वार्षिक यात्री क्षमता वाले हवाई अड्डों में भी आया पहले नंबर पर

## राजा भोज एयरपोर्ट ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में राजा भोज विमानतल, भोपाल ने 5 में से 4.96 ग्राहक संतुष्टि सूचकांक प्राप्त करते हुए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ राजा भोज विमानतल ने 15 लाख अथवा उससे अधिक वार्षिक यात्री क्षमता वाले सभी एएआई हवाई अड्डों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि यात्रियों को उत्कृष्ट, सुरक्षित एवं सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करने के प्रति विमानतल की सतत प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण के अंतर्गत स्वच्छता, टर्मिनल सुविधाएँ, सुरक्षा व्यवस्था, यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाएं संकेतक व्यवस्था कर्मचारियों का व्यवहार, सुगम आवागमन तथा समग्र यात्रा अनुभव जैसे विभिन्न मानकों का मूल्यांकन किया जाता है। 4.96 का उत्कृष्ट सीएसआई स्कोर विमानतल पर कार्यरत सभी हितधारकों के समन्वित प्रयासों तथा यात्री-केंद्रित कार्यसंस्कृति को दर्शाता है।

*भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सर्वे में पाए 5 में से 4.96 अंक*

*वर्ष 2025 में किया था सेवा उत्कृष्टता का नया मानक स्थापित*

### इससे पहले 2025 व 2023 में भी प्राप्त किया था प्रथम स्थान



राजा भोज एयरपोर्ट का लाउंज जहां यात्रियों को मिलती हैं सुविधाएं।

यह उपलब्धि पिछले वर्षों में राजा भोज विमानतल के उत्कृष्ट प्रदर्शन की निरंतरता को भी दर्शाती है। इससे पूर्व वर्ष 2023 में भी विमानतल ने ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। वर्ष 2025 में आयोजित ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में 58 एएआई हवाई अड्डों में समग्र रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर सेवा उत्कृष्टता का नया मानक स्थापित किया था। हाल ही में विमानतल पर कैटेगरी-II इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (सीएटी-II आईएलएस) का संचालन प्रारंभ किया गया है, जिससे 350 मीटर तक की रनवे विजुअल रेंज में भी सुरक्षित विमान संचालन संभव हो गया है। इससे विशेष रूप से कोहरे एवं प्रतिकूल मौसम के दौरान उड़ानों की नियमितता और सुरक्षा में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।



## जैकेट दो का शेष...

### पता नहीं... ये ...

आदेश के बावजूद उन्होंने एसएमए फाउंडेशन या पीड़ित लोगों से संपर्क नहीं किया है। कॉमेडियन के वकील ने कहा एसएमए फाउंडेशन से संपर्क न करना अहंकार की वजह से नहीं हुआ है। कोर्ट के अधिकारियों के तौर पर हम क्लाइंट्स को समझाने की कोशिश करेंगे।

### समान नागरिक...

सत्र 24 जुलाई तक चलेगा, जिसमें 14 विधेयक आना है। डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। एक दिन पहले ही समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट मुख्यमंत्री को सौंपा गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य प्रो. गोपाल शर्मा, बुधपाल सिंह, सुश्री शोभा पैठणकर एवं समिति के सदस्य सचिव अजय कटेसरिया मौजूद थे। मुख्यमंत्री को सौंपे गए प्रतिवेदन में समिति की रिपोर्ट 3 खंडों में संकलित है। पहले खंड में समिति की अनुशंसाओं का प्रतिवेदन है। इस खंड में 10 अध्याय है। प्रतिवेदन का दूसरा खंड विधेयक के प्रारूप के रूप में है। प्रस्तावित विधेयक के 4 भाग, 404 धाराएं एवं 7 अनुसूचियां हैं।
समिति को 9.58 लाख से अधिक परामर्श प्राप्त हुए थे। समिति की अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई, समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ सलाहकार शत्रुघ्न सिंह एवं सदस्य अनूप नायर का भी धन्यवाद दिया है, जो व्यक्तिगत कारणों से उपस्थित नहीं हो सके। समिति की ओर से प्राप्त प्रतिवेदन राज्य शासन के विधि विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। विधेयक के परिमार्जन एवं वरिष्ठ सचिव समिति की प्रक्रिया के बाद विधेयक कैबिनेट की स्वीकृत के बाद मानसून सत्र में ही विधानसभा में रखे जाने की संभावना है।

### एक भारतीय ...

सभी जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने का इंतजार कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि ईरान के उप मिशन प्रमुख को तलब किए जाने के बाद हमने एक आधिकारिक बयान जारी किया था। हमने उनके सामने अपनी गहरी चिंता जताई और जो घटना हुई, उसकी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि इस हमले में हमने एक अनमोल भारतीय नागरिक को खो दिया। कई भारतीय नागरिक घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि हमने इस मामले पर ईरानी पक्ष के सामने अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया और साफ कहा कि जिन हमलों की हमने निंदा की है, उन्हें तुरंत रोका जाना चाहिए। ओमान के समुद्र क्षेत्र में होर्मुज स्ट्रेट में दो ईरानी क्रूज मिसाइलों ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दो टैंकरों को निशाना बनाया।

### यूएई बोला- अंतरराष्ट्रीय ...

उसे इस हमले का उचित जवाब देने का पूरा अधिकार है।

### धीरेंद्र शास्त्री के ...

जा रहा है। आरोप है कि जो भी किसान अपनी जमीन बेचने से मना करता है, उसके साथ मारपीट और धमकी जैसी वारदात की जाती हैं। पीड़ित के अनुसार इसी जमीन विवाद के चलते उन पर यह जानलेवा हमला किया गया। छतरपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि घायल किसान के आरोपों की पूरी निष्पक्षता के साथ पड़ताल की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### भारत 6 विकेट से जीता ...

लिए कप्तान शुभमन गिल ने 80 रनों की शानदार पारी खेली। वह रिटायर्ड हर्ट हुए। वहीं गेंदबाजी में चार विकेट लेने वाले अक्षर पटेल ने बल्ले से भी कमाल किया। अक्षर ने 57 रनों की मैच विनिंग पारी खेली। वाशिंगटन सुंदर ने महत्वपूर्ण 52 रन बनाए। दोनों भारत को मैच जिताकर नाबाद लौटे।

### एएसआई नहीं कर ...

कर दिया है, लेकिन संवेदनशील स्थिति को देखते हुए एक अंतरिम और अस्थायी व्यवस्था लागू की है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए निर्देश दिया कि भोजशाला परिसर के भीतर शुक्रवार की नमाज़ पर लगी रोक फिलहाल बरकरार रहेगी। हालांकि, अंतरिम व्यवस्था के तहत मुस्लिम पक्ष को हर शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज़ अदा करने के लिए परिसर के पास ही कोई खुली और वैकल्पिक जगह मुहैया कराई जाए। परिसर के बाहर नमाज़ के लिए खुली जगह देने का निर्देश केवल एक अंतरिम और अस्थायी व्यवस्था है, इसे स्थायी न माना जाए।

### कोर्ट ने बसंत....

जाता, तब तक के लिए क्या हम आसपास के एरिया में नमाज की व्यवस्था के आदेश दे सकते हैं? अदालत ने याद दिलाया कि इससे पहले कोर्ट ने बसंत पंचमी के दिन भी एक अंतरिम व्यवस्था की थी और दोनों पक्षों को सौहार्दपूर्ण तरीके से पूजा-अर्चना की इजाजत दी थी।

### पटवारी ने मांगा ...

कचरा फैले होने का वीडियो सामने आने के बाद नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। इसके बाद एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी रवि दांगी के नाम 2,000 रुपए का स्पॉट फाइन किया गया।

### पहली बार सुबह ...

के आसपास तीन सकुर्लेशन हैं, खाड़ी में भी सिस्टम बन रहा है। इससे दो से 3 दिन में प्रदेश के पूर्वी हिस्से से बारिश की शुरूआत होगी, जो धीरे-धीरे पूरे प्रदेश को भिगोएगी। 18 जुलाई के बाद भोपाल में भी मध्यम बारिश की उम्मीद है।

मौसम केंद्र के अनुसार एक जून से मंगलवार तक प्रदेश में सामान्य से औसतन 7 प्रतिशत कम बारिश हुई है। पूर्वी मप्र में 21 प्रतिशत कम और पश्चिमी हिस्से में 6 फीसदी अधिक बारिश हुई है। प्रदेश में अब तक कुल 241.8 मिमी बारिश हुई है, जबकि 260 मिमी तक होना थी। यह सामान्य से 7 प्रतिशत कम है। भोपाल में अब तक 99.9 मिमी ज्यादा है। यहां कुल 400.3 मिमी बारिश हुई है।

## पेज एक का शेष...

### महिला व बाल ...

दिशा- निर्देश जारी होने एवं इस अनुसार व्यवस्था स्थापित होने तक के लिए टेक-होम राशन की व्यवस्था, अल्प कालीन निविदा के माध्यम से किए जाने के लिए विभाग को अधिकृत किया गया है।

### पंचायत दर्पण ...

संचालनालय दकी ओर से एनआईसी, जल निगम एवं यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से विकसित किया गया है।

### प्रदेश की ...

क्रियान्वयन से समय और संसाधनों की बचत के साथ वित्तीय जवाबदेही और सुशासन को मजबूती मिलेगी।

### कर्मचारियों का ...

कानूनी आपत्ति कैसे दर्ज करेंगे? न्याय का सिद्धांत यही कहता है कि पूरा रिकॉर्ड प्रतिवादियों (याचिकाकर्ताओं) के साथ साझा किया जाना अनिवार्य है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को राहत देते हुए कहा कि सरकार से डेटा मिलने के बाद वे 17 जुलाई तक इस पर अपनी आपत्तियां कोर्ट में दाखिल कर सकते हैं।

### राज्य सरकार ...

कही। लेकिन, वे शेष दस्तावेज कभी रिकॉर्ड पर आए ही नहीं। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए डिवीजन बेंच ने माना कि सरकार ने अदालत के आदेशों का पूरी तरह से पालन नहीं किया है।

### वॉयस सैंपल देने ...

केवल एक बार सैंपल दिया और दोबारा सैंपल देने से मना कर दिया। आरोपियों के वकील विनोद जॉर्ज करलो ने सीबीआई के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कोर्ट में कहा कि गिरिबाला सिंह की तबीयत बेहद खराब होने के बावजूद उन्होंने दो बार वॉयस सैंपल दिए थे। तीसरी बार असहज महसूस करने पर उन्होंने अगले दिन प्रक्रिया पूरी करने का अनुरोध किया था, जिसे इनकार करना नहीं कहा जा सकता। भोपाल एम्स ने कोर्ट को स्पष्ट कर दिया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और उससे जुड़े सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज पहले ही सीबीआई को सौंपे जा चुके हैं, इसलिए अब अलग से कोई रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। वहीं, दिल्ली एम्स द्वारा की जाने वाली दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर कोर्ट को अभी तक कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला है।

### राजा के भाई का आरोपः

कि जब से सोनम रघुवंशी जमानत पर बाहर आई है, उसके बाद देश के अलग-अलग हिस्सों में पत्नियों द्वारा अपने पतियों की हत्या की कई घटनाएं सामने आई हैं।

### एसपी दफ्तर में घुसा...

होते हुए सीधे नगर पालिका कार्यालय की ओर भागा। भीड़भाड़ वाले इस इलाके में सांड को अपनी तरफ तेजी से दौड़ता देख लोगों में भगदड़ मच गई। भागते हुए सांड ने एक बाइक सवार को टक्कर मारकर सड़क पर गिरा दिया। रास्ते में एक फल की दुकान (ठेले) को पलट दिया, जिससे सारे फल सड़क पर बिखर गए। पशु चिकित्सकों और स्थानीय लोगों के अनुसार, सांड को किसी पागल कुत्ते ने काट लिया था, जिसके कारण उसमें रैबीज के लक्षण दिखाई दे रहे थे और वह हिंसक हो गया था।


**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal–462011 (M.P.)
Website : www.mpsedc.mp.gov.in
Ph. : 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

**NOTICE INVITING TENDER'S (NIT)**

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender :

| S.No. | Tender No. | NIT |
|---|---|---|
| 1. | MPSEDC/ MKT/2026/702 | RFP for Supply and Installation of Laptops and Desktops. |

For detail scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on MP Tender Portal (**www.mptenders.gov.in**).
M.P. Madhyam/126865/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद अशोकनगर (म.प्र.)**
Email: cmoashoknagar@mpurban.gov.in Ph No 07543-222811
क्रमांक / तकनीकि /2026/4448 — अशोकनगर दिनांकः-08/07/2026

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (LAKHS) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एंव EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_520352_1 दिनांक :09/07/2026 | वार्ड 04 मुक्तिधाम वाली रोड एवं अन्य गलियों में सीसी रोड निर्माण कार्य। | 1 06 माह<br>2 16.37 लाख | 1 रू 2,000/-<br>2 रू 16,400/- | 10/08/2026 |
| 2 | 2026_UAD_520352_2 दिनांक :09/07/2026 | पटेल पार्क से टीबी टावर होते हुए पुरानी कलारी तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 1 06 माह<br>2 16.93 लाख | 1 रू 2,000/-<br>2 रू 16,930/- | 10/08/2026 |
| 3 | 2026_UAD_520352_3 दिनांक :09/07/2026 | मोहरी रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड के आगे पाइप नाला एवं दुकान निर्माण कार्य। | 1 12 माह<br>2 155.80 लाख | 1 रू 15,000/-<br>2 रू 78,000/- | 10/08/2026 |

निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद अशोकनगर**



सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल

**आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (एक्ट 54 का 2002) अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था।
ऋणी द्वारा पूर्ण राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी, जमानतदार एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है।
ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा।
ऋणकर्ता जमानतदार / संपत्ति स्वामी का ध्यान आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधान के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम | चल एवं अचल बंधक संपत्ति का विवरण / चौहद्दी /संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक | मांग सूचना के अनुसार देय राशि |
|---|---|---|---|
| **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एसआई लाईन्स शाखा, भोपाल** | | | |
| ऋणी- **श्रीमती सोनल पारेख** सहऋणी- **श्रीमती विनीता राबिन** | विक्रेता के मालिकाना हक के तहत, आवासीय उपयोग के लिए डायवर्टेड भूमि का एक हिस्सा-जिसमें खसरा नंबर 21/1/1 (क्षेत्रफल 0.557 हेक्टेयर), खसरा नंबर 21/1/2 (क्षेत्रफल 0.3530 हेक्टेयर) और खसरा नंबर 23/3 (क्षेत्रफल 0.3000 हेक्टेयर) शामिल हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 1.210 हेक्टेयर है—उसमें से प्लॉट नंबर ए-9 (आवासीय उपयोग के लिए डायवर्टेड भूमि, खसरा नं. 21/1/2) स्थित ग्राम अरहेडी, प.ह.नं. 38, आर.एन.एम. 03, ब्लॉक फंदा, तहसील हुजूर, ज़िला भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल 15 फीट X 40 फीट (अर्थात 600 वर्गफीट / 55.76 वर्गमीटर) संपत्ति मालिक - श्रीमती सोनल पारिख चर्तुसीमाएँः उत्तरः प्लॉट नंबर ए-10, दक्षिणः प्लॉट नंबर ए-08, पूर्वः प्लॉट नंबर ए-16, पश्चिमः आंतरिक सड़क। | 05.05.2026 / 10.07.2026 | दिनांक 05.05.2026 को ₹ 21,69,645.98/- +दिनांक 06.05.2026 से ब्याज एवं खर्चे |
| **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, टी.टी. नगर शाखा, भोपाल** | | | |
| ऋणी- **मेसर्स यूनाइटेड फूड्स द्वारा पाटनर्स 1. श्री अमीन कमर खान एवं 2. श्री शैलेन्द्र मालवीय एवं** जमानतदारः1. श्रीमती साइमा अनवर पत्नि मोहम्मद अनवर खान एवं 2. श्रीमती मेहबूबुन्निसा पत्नि श्री इक्तेदार अहमद खान | व्यावसायिक संपत्ति स्थित खसरा नंबर 13/1/1/3/0001/0004, पी.एच. नंबर 16, हल्का- नारायणपुर मेवाती, मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र फेस-2, ग्राम - खानपुरा तहसील- गौहरगंज, जिला- रायसेन, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल - 10656.27 वर्गफुट, संपत्ति मालिक- श्रीमती महबूबुनिशा पत्नी इक्तेदार अहमद खान एवं साइमा अनवर खान पत्नि मोहम्मद अनवर खान चर्तुसीमाएँः उत्तरः अग्रवाल जी की भूमि, दक्षिणः सड़क, पूर्व- इंडेन गैस एजेंसी / गोदाम, पश्चिम- मैक्सटर फैक्ट्री | 31.01.2019 / 10.07.2026 | दिनांक 31.01.2019 को ₹ 16,10,280/-& ₹ 12,50,385.65/- +दिनांक 01.02.2019 से ब्याज एवं खर्चे |

स्थान : भोपाल, दिनांक : 10.07.2026 — प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवायें। लाभ नही तो पैसे वापिस। 09083218330
R-01-06-2026,to 23-07-26

हरिभूमि आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना @ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm 1 अप्रैल 2025 से लागू

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION · AFFORDABLE FEES · A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED — ESTD. 1999
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6287



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 6286 का हल



## सूडोकु नवताल - 6297

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6296 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## खबर संक्षेप

### विविड इलेक्ट्रोमेक के राजस्व में 36% का उछाल

**मुंबई।** विविड इलेक्ट्रोमेक लिमिटेड डेटा सेंटर, इंफ्रास्ट्रक्चर, नवीकरणीय ऊर्जा और औद्योगिक परियोजनाओं में मजबूत निष्पादन के जरिए अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। साथ ही, कंपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, उत्पाद क्षमताओं को सशक्त बनाने और प्रमुख ओईएम साझेदारों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने पर केंद्रित है। वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में राजस्व बढ़कर 32.68 करोड़ रहा।

### सॉटेफिन भारत का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** रोबोटिक एवं ऑटोमेटेड पार्किंग समाधानों की टर्नकी प्रदाता सॉटेफिन भारत लिमिटेड का आईपीओ गुरुवार 16 जुलाई, 2026 को खुलने जा रहा है। कंपनी का लक्ष्य ऊपरी प्राइस बैंड पर 89.76 करोड़ रुपए जुटाने का है। कंपनी के शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे। यह इश्यू 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 48,00,000 तक इक्विटी शेयरों का है। आईपीओ 20 जुलाई 2026 को बंद होगा।

### दो शोध पत्रिकाओं का किया विमोचन

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने नई दिल्ली स्थित आवास पर भारतीय लोकतंत्र की 75 वर्षीय यात्रा पर आधारित पुस्तक 75 इयर्स ऑफ इंडियन डेमोक्रेसीः द इंडियन इलेक्शन स्टोरी इन फैक्ट्स एंड फिगर्स 1950-2025 का विमोचन किया। दो त्रैमासिक शोध पत्रिकाओं इंडियन जर्नल ऑफ इलेक्टोरल स्टडीज और इंडियन जर्नल ऑफ सोशियो-इकोनॉमिक स्टडीज के प्रथम अंकों का भी लोकार्पण किया।

### एजेस फेडरल ने लांच किया इंडिजीनियस फंड

**मुंबई।** एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने इंडिजीनियस फंड लांच करने की घोषणा की। यह थीमैटिक इन्वेस्टमेंट सॉल्यूशन है, जो कंपनी के यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान के माध्यम से उपलब्ध होगा। बीएसई 500 इंडेक्स को बेंचमार्क के रूप में इसलिए चुना गया है क्योंकि यह विभिन्न क्षेत्रों और भारतीय लिस्टेड कंपनियों के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। जो फंड की निवेश रणनीति के अनुकूल है।

### जैगल को-ब्रांडेड रिटेल क्रेडिट कार्ड लांच

**मुंबई।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज लिमिटेड के साथ मिलकर एयू जैगल को-ब्रांडेड रिटेल क्रेडिट कार्ड लांच करने की घोषणा की। यह एक विशिष्ट पेशकश है जो आज के बदलते ग्राहकों के लिए बेहतर रिवॉर्ड्स, कस्टमाइजेबल लाभ और एक सहज डिजिटल अनुभव को एक साथ लाती है। यह कार्ड एक इनोवेटिव जैग कॉइन्स-टू-कैशबैक प्रस्ताव पेश करता है।

### नथिंग फोन (4बी) की बिक्री शुरू हुई

**नई दिल्ली।** लंदन स्थित कंज्यूमर टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने अपने नए स्मार्टफोन फोन (4बी) की बिक्री शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, यह सीरीज का पहला स्मार्टफोन है और नथिंग इकोसिस्टम का अनुभव लेने का सबसे किफायती विकल्प है। फोन के 8जीबी+ 128जीबी वेरिएंट की प्रभावी शुरुआती कीमत 29,999 रुपए और 8जीबी + 256जीबी वेरिएंट की कीमत 33,699 रुपए रखी गई है।

### अमेजन ने किया मेगा फुटबॉल फेस्ट स्टोर लांच

**बेंगलुरु।** अमेज़न.इन ने अपना मेगा फुटबॉल फेस्ट स्टोर लांच किया है, जहां ग्राहकों के लिए फुटबॉल से जुड़े उत्पादों पर आकर्षक डील्स उपलब्ध हैं। यह अभियान 19 जुलाई 2026 तक चलेगा। स्टोर में फुटबॉल, ऑफिशियल टीम जर्सी, ट्रेनिंग उपकरण, स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर, स्ट्रीमिंग डिवाइस, फिटनेस ट्रैकर और मैच-डे एक्सेसरीज जैसे उत्पाद प्रमुख ब्रांडों नाइकी, एडिडास, प्यूमा, सैमसंग के साथ उपलब्ध हैं।

---

**अडाणी ग्रुप ने एक वर्ष में 13वें स्थान से छलांग लगाकर 8वां स्थान हासिल किया**

# अडाणी ग्रुप पहली बार भारत के टॉप-10 सबसे मूल्यवान ब्रांड्स में शामिल, ब्रांड वैल्यू बढ़कर 8.48 अरब डॉलर हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अडाणी ग्रुप ने पहली बार भारत के सबसे मूल्यवान ब्रांड्स की सूची में शीर्ष-10 में जगह बना ली है। दुनिया की अग्रणी स्वतंत्र ब्रांड वैल्यूएशन कंसल्टेंसी ब्रांड फाइनेंस की ब्रांड फाइनेंस इंडिया 100 रिपोर्ट-2026 के अनुसार, अडाणी ग्रुप ने एक वर्ष में 13वें स्थान से छलांग लगाकर 8वां स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही वह महज तीन वर्षों में टॉप-10 में पहुंचने वाला सबसे तेज़ भारतीय कॉर्पोरेट ब्रांड बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अडाणी ग्रुप की ब्रांड वैल्यू बढ़कर 8.48 अरब डॉलर हो गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 31.3 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि भारत के शीर्ष 20 ब्रांड्स में सबसे तेज़ वार्षिक बढ़ोतरी मानी गई है। पिछले एक वर्ष में समूह की ब्रांड वैल्यू में 2.02 अरब डॉलर का इजाफा हुआ, जो वर्ष 2022 में उसकी कुल ब्रांड वैल्यू से भी अधिक है।

*पिछले वर्ष की तुलना में 31.3 प्रतिशत अधिक*

*देश के शीर्ष पांच एनर्जी ब्रांड्स में शामिल हुए*

**ब्रांड वैल्यू में 152 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज यह बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पहुंच गई**

### अडाणी पावर बना देश का नंबर-1 एनर्जी ब्रांड



रिपोर्ट में सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि अडाणी पावर की रही, जिसकी ब्रांड वैल्यू में 152 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पहुंच गई। इसके साथ ही अडाणी पावर भारत का नंबर-1 एनर्जी ब्रांड बन गया। वहीं अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस भी देश के शीर्ष पांच एनर्जी ब्रांड्स में शामिल हुए हैं, जबकि अडाणी टोटल गैस ने भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

### ब्रांड स्ट्रेंथ में भी बड़ा सुधार

ब्रांड फाइनेंस के अनुसार, अडाणी ग्रुप का ब्रांड स्ट्रेंथ इंडेक्स बढ़कर 84 पर पहुंच गया है। इस श्रेणी में समूह ने आठ स्थानों की छलांग लगाई और भारत के शीर्ष 20 ब्रांड्स में सबसे तेज सुधार दर्ज किया। ब्रांड फाइनेंस एशिया-प्रशांत के प्रबंध निदेशक एलेक्स हेग ने कहा कि अडाणी ग्रुप का टॉप-10 में पहुंचना इस बात का संकेत है कि समूह भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में उसका विस्तार उसकी ब्रांड पहचान को लगातार मजबूत कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 में भारत के टॉप-100 ब्रांड्स की कुल ब्रांड वैल्यू बढ़कर 252.8 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जो देश की तेज आर्थिक और औद्योगिक प्रगति को दर्शाती है।

---

**व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लिंकिंग पर एआईएमटीसी ने उठाए सवाल**

# ट्रांसपोर्टरों ने जताई सरकार की नीतियों पर नाराजगी, चक्का जाम की दी चेतावनी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) की आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी के चेयरमैन सीएल मुकाती ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव महमूद अहमद को पत्र लिखकर राजस्थान में वीएलटीडी को वाहन पोर्टल से लिंक न किए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

एआईएमटीसी की 219वीं मैनेजिंग कमेटी बैठक में देशभर से जुटे ट्रक-बस ऑपरेटरों ने परिवहन उद्योग पर बढ़ते आर्थिक बोझ और सरकार की अव्यवहारिक नीतियों को लेकर गहरी नाराजगी जताई। एआईएमटीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरीश सबरवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीजल वाहनों पर बढ़ते प्रतिबंध, महंगे टोल, ई-चालान का दुरुपयोग और वीएलटीडी की अनिवार्यता मुख्य मुद्दे रहे।

**वाहन पोर्टल से लिंक न किए जाने पर की गंभीर चिंता व्यक्त** | **वीएलटीडी की अनिवार्यता, ई-चालान का दुरुपयोग मुद्दे रहे**

### आर्थिक शोषण ने वाहन मालिकों की मुश्किलें बढ़ा दी



मुकाती ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और कानूनों का पालन ट्रांसपोर्ट जगत हमेशा करता आया है, लेकिन कानून के नाम पर राज्यों में व्याप्त अव्यवस्था और कथित आर्थिक शोषण ने वाहन मालिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वाहन पोर्टल का संचालन केंद्र सरकार के अधीन है तो राज्यों को अपनी मर्जी से पोर्टल ब्लॉक करने या वीएलटीडी लिंकिंग रोकने की अनुमति क्यों दी गई है। केंद्र सरकार को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि देशभर में वीएलटीडी डिवाइस की कीमतों में भारी अंतर है। कुछ राज्यों में यह डिवाइस 5 से 6 हजार रुपए में उपलब्ध है।

**10 सूत्रीय मांगें, नहीं तो चक्का जाम**

बैठक में डॉ. हरीश सबरवाल सी.एल. मुकाती, सरदार बल मलकीत सिंह, जीआर शानमुगाप्पा, बाल मुकुंद शर्मा, चरणजीत सिंह और शंभू गुप्ता समेत कई पदाधिकारियों ने सरकार के सामने 10 मांगें रखीं। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो देशव्यापी चक्का जाम किया जाएगा।

### मंत्रालय से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील

एआईएमटीसी ने आरोप लगाया कि कुछ राज्यों में चुनिंदा कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए कथित रूप से एकाधिकार की स्थिति बनाई गई है, जिससे वाहन मालिकों को बाजार मूल्य से अधिक कीमत पर डिवाइस खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। साथ ही, संगठन ने यह भी कहा कि वाहन निर्माता कंपनियों द्वारा नए वाहनों में लगाई गई इनबिल्ट वीएलटीडी डिवाइस को भी कई राज्यों में मान्यता नहीं दी जा रही, जिसका नुकसान ट्रांसपोर्टरों को उठाना पड़ रहा है। कर्मचारियों के वेतन का भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

---

**आंतरिक लोकपालों को दिए निर्देश**

# ग्राहकों की शिकायतों के समाधान में तेजी लाने पर आरबीआई का जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय रिजर्व बैंकने ग्राहकों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए वित्तीय संस्थाओं के आंतरिक लोकपालों को अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए हैं। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने सोमवार को बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और अन्य विनियमित संस्थाओं के आंतरिक लोकपालों से शिकायतों का निष्पक्ष, सार्थक और प्रभावी निपटारा सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि आंतरिक लोकपालों को बार-बार सामने आने वाली शिकायतों और समस्याओं की पहचान करनी चाहिए। साथ ही, शिकायतों के मूल कारणों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम उठाने में संस्थाओं की मदद करनी चाहिए।

आरबीआई द्वारा आयोजित आंतरिक लोकपालों के तीसरे वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्वामीनाथन जे ने कहा कि एक मजबूत आंतरिक लोकपाल व्यवस्था से बाहरी शिकायतों की संख्या कम होगी। उन्होंने बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के बोर्ड तथा वरिष्ठ प्रबंधन से इस व्यवस्था को और मजबूत बनाने का आग्रह किया।

आंतरिक लोकपाल किसी भी विनियमित संस्था में ग्राहक शिकायतों की समीक्षा का अंतिम स्वतंत्र स्तर होता है। जब ग्राहक की शिकायत संस्था के स्तर पर पूरी तरह हल नहीं हो पाती, तब यह व्यवस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आरबीआई लोकपाल या किसी अन्य बाहरी मंच पर जाने से पहले ग्राहकों को इसी माध्यम से समाधान प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

---

**अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तय की**

# मध्यप्रदेश के 7 जिलों में रबी 2026 के लिए पीएम फसल बीमा योजना लागू करेगी एचडीएफसी इर्गो

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जनरल इंश्योरेंस कंपनी एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस को मध्य प्रदेश सरकार ने रबी सीजन 2026 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवॉय ) लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

कंपनी अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा (पूर्वी निमाड़) और खरगोन जिलों में ऋणी एवं गैर-ऋणी किसानों को योजना का लाभ उपलब्ध कराएगी। योजना के तहत इन जिलों में अधिसूचित फसलों जैसे उड़द, कपास, मूंग, मूंगफली, मक्का, धान, ज्वार, अरहर, सोयाबीन और बाजरा का बीमा किया जाएगा।

प्रत्येक फसल के लिए किसान अंश (प्रीमियम) जिला एवं फसल के अनुसार निर्धारित किया गया है। किसानों के खातों से प्रीमियम कटने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तय की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, भूस्खलन, चक्रवात, आंधी-तूफान, अतिवृष्टि, कीट एवं रोगों सहित अन्य प्राकृतिक जोखिमों से होने वाले फसल नुकसान पर बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

नुकसान का आकलन राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित क्षेत्रों में फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) के माध्यम से किया जाएगा। यदि पैदावार निर्धारित स्तर से कम पाई जाती है तो पात्र किसानों को बीमा दावा (क्लेम) का भुगतान किया जाएगा। योजना में बुआई से पहले, फसल की अवधि, कटाई तथा कटाई के बाद तक के जोखिमों को भी कवर किया गया है। सभी बीमित फसलें मध्य प्रदेश सरकार के कृषि विभाग द्वारा अनुमोदित हैं। पात्र किसान अपने जिले के बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट के माध्यम से योजना का लाभ ले सकते हैं।

---

**लंबित मामलों पर 20 जुलाई को होगी सुनवाई**

# जीएसटी के दाखिल अपीलों पर राहत की उम्मीद, विशेष पीठ करेगी सुनवाई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




जीएसटी कानून के तहत अपील दाखिल करने में हुई देरी के कारण निरस्त हुई अपीलों के मामलों में अब राहत की उम्मीद जगी है। विभिन्न कारणों से समय पर अपील प्रस्तुत नहीं कर पाने वाले व्यापारियों के प्रकरणों की बड़ी संख्या को देखते हुए जीएसटी ट्रिब्यूनल की मुख्य पीठ ने तीन सदस्यीय विशेष पीठ का गठन किया है, जो देशभर से विलंब से प्रस्तुत द्वितीय अपीलों पर सुनवाई करेगी।

जीएसटी प्रावधानों के अनुसार किसी आदेश के विरुद्ध अपील दाखिल करने के लिए तीन महीने का समय निर्धारित है। इसके अतिरिक्त अपील अधिकारी अधिकतम एक महीने की देरी को स्वीकार कर सकता है। लेकिन कई मामलों में व्यापारियों को उनके विरुद्ध पारित आदेशों की जानकारी समय पर नहीं मिल पाने या अन्य परिस्थितियों के कारण निर्धारित समय सीमा में अपील दाखिल नहीं हो पाती। ऐसी स्थिति में अपील अधिकारी के पास विलंब को माफ करने का अधिकार सीमित होने के कारण कई अपीलें खारिज कर दी जाती हैं। इन मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जीएसटी ट्रिब्यूनल की मुख्य पीठ ने विशेष पीठ गठित करने का निर्णय लिया है। यह पीठ पूरे देश में विलंब से दाखिल द्वितीय अपीलों की सुनवाई करेगी। इसके लिए 20 जुलाई की तारीख निर्धारित की गई है।

कर सलाहकारों का मानना है कि मामलों की गंभीरता और बड़ी संख्या को देखते हुए विशेष पीठ करदाताओं के हित में कोई सकारात्मक निर्णय ले सकती है, जिससे लंबे समय से लंबित मामलों के समाधान का रास्ता खुल सकता है। एडवोकेट मृदुल आर्य ने बताया कि मध्य प्रदेश जीएसटी ट्रिब्यूनल में भी करीब 100 ऐसे मामले हैं, जिनमें प्रथम अपील केवल देरी से प्रस्तुत होने के कारण निरस्त कर दी गई थी।

---


**: : जाहिर सूचना : :**

सर्वसाधारण को इस लोक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री हिम्मत बहादुर पुरी गोस्वामी (हिम्मत गोस्वामी), पिता श्री सुंदर पुरी गोस्वामी, स्थायी निवासी जागृति कॉलोनी, एन.सी.सी. कैडेट कोर ऑफिस के पास, आचार्य विनोबा भावे वार्ड, मुरवारा, जिला कटनी, मध्य प्रदेश 483501 (वर्तमान निवासी भोपाल, मध्य प्रदेश), नीचे वर्णित अचल संपत्ति को उसके वर्तमान भूमिस्वामी श्री शैलेंद्र सिंह, पुत्र श्री शंकर सिंह, मूल निवासी ग्राम खेल्ली, गौर्मी, सुकंद, जिला भिंड, मध्य प्रदेश (हाल मुकाम भोपाल, मध्य प्रदेश) से क्रय (खरीदने) करने का पूर्ण मन बना चुके हैं तथा इस संबंध में दोनों पक्षों के मध्य सौदा तय हो चुका है। अचल संपत्ति का विवरणः ग्राम व पटवारी हल्काः नीलबड़, पटवारी हल्का क्रमांक 33, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) स्थित "गोल्डन सिटी" कॉलोनी में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई-34. मूल खसरा एवं रकबा विवरणः यह संपत्ति पूर्व में भूमि खसरा क्रमांक 88 एवं 89, कुल रकबा 1.420 हेक्टेयर के अंश भाग में दर्ज थी। अद्यतन भू-अभिलेख खसरा विवरणः मध्य प्रदेश कम्प्यूटरीकृत भू-अभिलेख (वर्ष 2026-2027) के अनुसार उक्त भूमि का नया मुख्य बटांकन खसरा क्रमांक 88/1/1/1/1 है, जिसका कुल रकबा 0.4463 हेक्टेयर है। इस खसरा नंबर में विक्रेता श्री शैलेंद्र सिंह का वैध अंश भाग (हिस्सा) 9/480 दर्ज है, जिसके अंतर्गत आने वाले भाग में से 1000 वर्गफीट (92.93 वर्गमीटर) क्षेत्रफल का सौदा हुआ है। भूमि की यूनिक आईडीः 1565572026 पूर्व पंजीकृत दस्तावेजः उक्त संपत्ति पूर्व में पंजीकृत विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक MP059702020A1790623 दिनांक 26/11/2020 के माध्यम से हस्तांतरित की गई थी। चूँकि मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति को पूर्णतः स्पष्ट, निर्विवाद एवं भारमुक्त स्वामित्व (Clear and Marketable Title) के साथ क्रय करना चाहते हैं, अतः यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, सरकारी अथवा अर्ध-सरकारी विभाग, उत्तराधिकारी या अन्य किसी व्यक्ति का उक्त संपत्ति अथवा उसके किसी अंश भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, अधिकार, हित, बंधक, लियन, ऋणभार, न्यायालयीन वाद, अनुबंध, दान, वसीयत अथवा अन्य कोई दावा या आपत्ति हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिनों के भीतर अपने दावे/आपत्तियों के समर्थन में समुचित दस्तावेजी साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी से लिखित रूप में संपर्क करें। यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई वैध दावा अथवा आपति प्राप्त नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपति पूर्णतः निर्विवाद एवं भारमुक्त है तथा मेरे पक्षकार बिना किसी अन्य सूचना के विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) की प्रक्रिया पूर्ण कर देंगे। तत्पश्चात प्राप्त किसी भी दावा या आपति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा वह मेरे पक्षकार पर बाध्यकारी नहीं होगी।

भवदीय,
**विकास तिवारी** (अधिवक्ता)
मो.: 8109770096


---

**पुरी रथ यात्रा की तैयारियों से पहले**

# यात्रा से पहले एयरटेल ने किया ओडिशा में नेटवर्क को मजबूत

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

भारती एयरटेल (एयरटेल) ने पुरी रथ यात्रा की तैयारियों के मद्देनज़र पूरे ओडिशा में अपने व्यापक नेटवर्क विस्तार की घोषणा की। वार्षिक रथ यात्रा के दौरान वॉयस और डेटा ट्रैफिक में होने वाली भारी वृद्धि को देखते हुए, एयरटेल ने पुरी में अपने नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर को अग्रिम तैयारी के तहत मजबूत किया है, जिसमें पवित्र नगरी तक जाने वाले सभी प्रमुख सड़क और रेल कॉरिडोर शामिल हैं। 5जी सेवा से लैस ये विस्तार, नेटवर्क की मांग में अनुमानित वृद्धि को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और श्रद्धालुओं की सर्वाधिक आवाजाही के दौरान हाई-स्पीड डेटा सेवाओं के साथ-साथ निर्बाध वॉयस कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए किए गए हैं। पिछले 12 महीनों में कंपनी ने पूरे राज्य में 1,500 से अधिक नई 5जी साइट्स स्थापित की हैं। इससे ओडिशा के 30 जिलों में उसका नेटवर्क कवरेज उल्लेखनीय रूप से मजबूत हुआ है और शहरी क्षेत्रों, उभरते कस्बों तथा ग्रामीण समुदायों में रहने वाले 11 मिलियन से अधिक ग्राहकों को विश्वसनीय हाई-स्पीड कनेक्टिविटी मिल रही है।

### एमवे का 'आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रीशन मल्टी-डिफेंस यूवी प्रोटेक्ट' पेश

**नई दिल्ली** । हेल्थ और वेलबीइंग क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एमवे इंडिया ने अपने प्रीमियम स्किनकेयर पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए 'आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रीशन मल्टी-डिफेंस यूवी प्रोटेक्ट' लॉन्च किया है। कंपनी के अनुसार, यह नया उत्पाद न्यूट्रीलाइट से प्राप्त वनस्पति तत्वों और आधुनिक स्किनकेयर तकनीक का संयोजन है, जिसे त्वचा को धूप, प्रदूषण और अन्य पर्यावरणीय प्रभावों से सुरक्षा देने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

---

## बिजनेस न्यूज

### आईईएस पब्लिक स्कूल में इन्फोस्पार्क 2026 का आयोजन




**भोपाल।** आईईएस पब्लिक स्कूल में इन्फोस्पार्क 2026 का आयोजन आईईएस कैम्पस में किया गया। इन्फोस्पार्क 2026 में भोपाल के लीडिंग सीबीएसई स्कूल जिनमे भोपाल, सीहोर और विदिशा ज़िलों के सीबीएसई, आईसीएसई और कैमब्रिज स्कूलों ने हिस्सा लिया जिनमे आईईएस पब्लिक स्कूल भोपाल एवं सीहोर सहित बिलाबोंग हाई स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, ओलंपस हाई आदि के लगभग 200 से आधिक छात्रो ने हिस्सा लिया एवं अपने जौहर दिखाये। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि डॉ. निवेदिता शर्मा चेयरपर्सन, मध्य प्रदेश बाल संरक्षण आयोग और हर्षित सक्सेना एसोसिएट डायरेक्टर-एआई प्रोडक्ट्स, नेटलिंक भोपाल विशिष्ट अतिथि एवं प्रो. (डॉ.) सुनीता सिंह, चेयरपर्सन आईईएस पब्लिक स्कूल भोपाल एवं सीहोर द्वारा किया गया। तदुपरान्त आईईएस के छात्रों द्वारा गणेश वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। एक्स्पर्ट्स द्वारा छात्रों को डिजिटल रूप से सुरक्षित और प्रगतिशील भविष्य के निर्माता बनने के लिए प्रेरित किया।

### भारत का पहला 'नीट रेडी लैपटॉप' किया लांच

**भोपाल।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2027 के कंप्यूटर आधारित टेस्ट प्रारूप में होने की तैयारी के बीच एसर, इंटेल और इन्फिनिटी लर्न ने मिलकर भारत का पहला 'नीट रेडी लैपटॉप' लांच किया है। यह पहल छात्रों को डिजिटल परीक्षा के लिए तकनीकी रूप से तैयार करने के उद्देश्य से की गई है। यह लैपटॉप एसर के एस्पायर सीरीज़, इंटेल की उन्नत कंप्यूटिंग तकनीक और श्री चैतन्य एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स की पहल इन्फिनिटी लर्न के एआई-आधारित नीट तैयारी प्लेटफॉर्म का एकीकृत समाधान है। कंपनियों का दावा है कि यह छात्रों को परीक्षा की डिजिटल आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक, अध्ययन सामग्री और अभ्यास का समग्र इकोसिस्टम उपलब्ध कराएगा। एसर इंडिया के प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश कोहली ने कहा कि प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के डिजिटल प्रारूप में बदलाव के साथ छात्रों के लिए विश्वसनीय तकनीक और उपयुक्त डिवाइस तक पहुंच पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

### लांच हुआ सिंटेक्स 'स्मार्ट' वाटर टैंक, 100 फीसदी सुरक्षित जल भंडारण का दावा



**भोपाल।** वेलस्पन वर्ल्ड समूह की कंपनी सिंटेक्स ने भोपाल में अपना नया 'स्मार्ट' वाटर स्टोरेज टैंक लॉन्च किया है। कंपनी के अनुसार, यह टैंक 100 प्रतिशत वर्जिन प्लास्टिक से निर्मित है और सुरक्षित, स्वच्छ तथा लंबे समय तक जल भंडारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। वेलस्पन बीएपीएल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सिंटेक्स के निदेशक यशोवर्धन अग्रवाल ने कहा कि कंपनी गुणवत्ता, स्वच्छता और टिकाऊ जल भंडारण समाधानों के प्रति प्रतिबद्ध है। सिंटेक्स का 'स्मार्ट' टैंक अब भोपाल में कंपनी के अधिकृत डीलर नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध है। इसे 500 लीटर, 750 लीटर और 1000 लीटर की क्षमता में बाजार में उतारा गया है।

### न्युवोको विस्टास के तिमाही नतीजे घोषित

**मुंबई।** न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 30 जून, 2026 को समाप्त वर्ष के लिए अपने वित्तीय नतीजे घोषित किए। कंपनी ने प्रोजेक्ट पूरा करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है; उसने तय समय से पहले सूरत के लिमला सीमेंट प्लांट (जो वदराज सीमेंट प्लांट सुविधाओं में से एक है) में 2 एमएमटीपीए की ग्राइंडिंग क्षमता का उद्घाटन किया। यह उपलब्धि कंपनी की प्रोजेक्ट पूरा करने की क्षमता का एक मजबूत सबूत है। इससे पश्चिमी भारत में कंपनी का काफी विस्तार होगा और उत्तरी बाजार के लिए राजस्थान के प्लांट में बहुत जरूरी क्षमता खाली हो सकेगी। कंपनी ने वित्तवर्ष 2027 की पहली तिमाही में 5.3 एमएमटी का सीमेंट बिक्री वॉल्यूम हासिल किया, जो साल-दर-साल 5 फीसदी की बढ़ोतरी दिखाता है।

---


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, इटारसी (म.प्र.)

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

E-mail- cmoitarsi@mpurban gov.in

पता- भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के पास सिंधी कॉलोनी इटारसी पिन-461111

क्र./न.प./भंडार / 2026/916 — इटारसी, दिनांक 10/07/2026

**// ई निविदा आमंत्रण सूचना //**

कार्य हेतु ऑनलाईन टेंडर शासन के टेंडर पोर्टल बेवसाईट https:\\www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेडर नंबर | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | प्रारंभ तिथि / अंतिमदिनांक / बिड खोले जाने की तिथि | टेंडर फार्म मूल्य/ अमानत फार्म राशि | ठेकेदार की श्रेणी/ कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_520759_1 | नगरपालिका परिषद इटारसी मे संचालित कम्प्यूटर, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन, सीसीटीव्ही कैमरे तथा अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों की सामग्री सहित मरम्मत कार्य | 900000/- | 11.07.2026<br>25.07.2026<br>27.07.2026 | 2000/-<br>9000/- | केन्द्रीयकृत पंजीयन/ 11 माह |

शर्ते एवं जानकारी बेबसाईट https:\\www.mptenders.gov.in से एवं नगरपालिका की स्टोर शाखा से प्राप्त की जा सकती है। संशोधन होने पर केवल वेबसाईट पर प्रदर्शित किया जावेगा एवं निविदा से संबंधित समस्त टेंडर शर्ते टेंडर फार्म में ऑनलाईन देखी व कार्यालय में आकर समझी जा सकती है।


**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, इटारसी**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, इटारसी**

## चिंतन

# कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता

भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और अवसरों का सेतु भी है। भारत जैसे बहुभाषी देश में यह बात और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत लागू की गई त्रि-भाषा नीति (थ्री-लैंग्वेज फॉर्मूला) भी इसी सोच पर आधारित है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई की इस नीति पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता। अदालत की यह टिप्पणी शिक्षा के व्यापक उद्देश्य को रेखांकित करती है, लेकिन यह सवाल भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि क्या इस नीति को लागू करने के लिए देश का शिक्षा तंत्र पूरी तरह तैयार है? राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को बहुभाषी बनाना, भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देना और शिक्षा को अधिक समावेशी बनाना है। नई व्यवस्था के अनुसार नौवीं और दसवीं कक्षा में तीन भाषाएं पढ़ना अनिवार्य होगा, जिनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होंगी। इससे विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा और देश की भाषाई विविधता से जुड़ने का अवसर मिलेगा। यह कदम भारतीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। हालांकि, इस नीति को लेकर कई व्यावहारिक चिंताएं भी सामने आई हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया कि अनेक विद्यार्थी पिछले कई वर्षों से फ्रेंच, जर्मन या अन्य विदेशी भाषाएं पढ़ रहे हैं। ऐसे छात्रों के लिए अचानक नई भारतीय भाषा अपनाना आसान नहीं होगा। इससे उनकी पढ़ाई और परीक्षा दोनों प्रभावित हो सकती हैं। दूसरी ओर, कई स्कूलों में संबंधित भाषाओं के प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। अनेक भारतीय भाषाओं की पाठ्य पुस्तकें भी समय पर उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। इन व्यावहारिक कठिनाइयों को देखते हुए सीबीएसई ने अपनी प्रारंभिक व्यवस्था में संशोधन किया है। नई गाइडलाइन के अनुसार वर्तमान दसवीं, नौवीं, आठवीं और सातवीं के विद्यार्थियों को तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा नहीं देनी होगी। केवल वर्तमान छठी कक्षा के विद्यार्थी पहले ऐसे बैच होंगे, जिन पर यह नीति पूरी तरह लागू होगी। यह निर्णय बताता है कि सरकार भी चरणबद्ध तरीके से इस बदलाव को लागू करना चाहती है, ताकि विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव न पड़े। वहीं जो छात्र शैक्षणिक वर्ष 2027-28 में कक्षा 10वीं में प्रवेश करेंगे, उन्हें अपनी तीसरी भाषा (जिसे आर3 कहा गया है) का स्कूल-आधारित इंटरनल असेसमेंट पास करना ही होगा। इसके बिना उन्हें सेकेंडरी स्कूल एग्जामिनेशन पास सर्टिफिकेट नहीं दिया जाएगा। दरअसल, भाषा सीखने के अनेक लाभ हैं। शोध बताते हैं कि एक से अधिक भाषाओं का ज्ञान बच्चों की स्मरण शक्ति, तार्किक क्षमता और रचनात्मक सोच को विकसित करता है। भविष्य में रोजगार, उच्च शिक्षा और राष्ट्रीय स्तर पर संवाद के अवसर भी बढ़ते हैं। इसलिए नई भाषा सीखना कभी नुकसान का सौदा नहीं हो सकता। यदि पर्याप्त शिक्षक, गुणवत्तापूर्ण पाठ्यपुस्तकें, डिजिटल सामग्री और प्रशिक्षण उपलब्ध नहीं होगा तो अच्छी मंशा वाली नीति भी विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि भाषा नीति लागू करने से पहले सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों और विद्यार्थियों को बदलाव के लिए पर्याप्त समय मिले। बहुभाषी भारत में भारतीय भाषाओं को सम्मान मिलना समय की मांग भी है। यदि यही संतुलन बनाए रखा गया, तो सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी वास्तव में सार्थक सिद्ध होगी कि कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता।



आर्थिकी
मममता कुशवाहा

# महंगाई : अर्थव्यवस्था के सामने नई चुनौती

जून माह में खुदरा महंगाई बढ़कर लगभग 4.38 प्रतिशत तक पहुंचने के बाद यह स्पष्ट संकेत मिला कि महंगाई का दबाव फिर से बढ़ रहा है। लगातार कई महीनों की वृद्धि ने भारतीय रिजर्व बैंक, सरकार, उद्योग जगत और आम नागरिक-सभी की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऐसे समय में जब भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, महंगाई का यह बढ़ता दबाव केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि हर घर की रसोई, हर किसान की खेती, हर व्यापारी के कारोबार और हर युवा के भविष्य से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। यही कारण है कि बढ़ती महंगाई को केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और विकासात्मक चुनौती के रूप में भी देखा जा रहा है।

कुछ दिन पहले जारी हुए खुदरा महंगाई के ताज़ा आंकड़ों ने एक बार फिर देश में आर्थिक बहस को तेज कर दिया है। जून माह में खुदरा महंगाई बढ़कर लगभग 4.38 प्रतिशत तक पहुंचने के बाद यह स्पष्ट संकेत मिला कि महंगाई का दबाव फिर से बढ़ रहा है। लगातार कई महीनों की वृद्धि ने भारतीय रिजर्व बैंक, सरकार, उद्योग जगत और आम नागरिक-सभी की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऐसे समय में जब भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, महंगाई का यह बढ़ता दबाव केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि हर घर की रसोई, हर किसान की खेती, हर व्यापारी के कारोबार और हर युवा के भविष्य से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। यही कारण है कि बढ़ती महंगाई को केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और विकासात्मक चुनौती के रूप में भी देखा जा रहा है।

महंगाई का सामान्य अर्थ वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से है। जब किसी परिवार को पहले की तुलना में समान वस्तुएं खरीदने के लिए अधिक धन खर्च करना पड़ता है, तब उसकी क्रय शक्ति घटने लगती है। यदि आय उसी गति से नहीं बढ़ती, जिस गति से महंगाई बढ़ रही हो, तो जीवन स्तर पर सीधा प्रभाव पड़ता है। यही वजह है कि महंगाई का सबसे अधिक बोझ मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। इनके बजट का बड़ा हिस्सा भोजन, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक जरूरतों पर खर्च होता है, इसलिए कीमतों में मामूली वृद्धि भी उनकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर देती है। वर्तमान समय में महंगाई बढ़ने का सबसे बड़ा कारण खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़े हैं। इन वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर हर परिवार की रसोई पर पड़ता है। भारत जैसे देश में जहां बड़ी आबादी सीमित आय पर निर्भर है, वहां खाद्य महंगाई केवल आर्थिक समस्या नहीं बल्कि सामाजिक चिंता का विषय बन जाती है। भोजन महंगा होने पर परिवार अपनी आवश्यकताओं में कटौती करने को मजबूर होते हैं, जिससे पोषण स्तर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। महंगाई को बढ़ाने वाले कारण केवल घरेलू नहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पश्चिम एशिया में जारी तनाव, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भारत जैसे आयात-निर्भर देशों के लिए बड़ी चुनौती बन जाते हैं। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा होता है, तो परिवहन लागत बढ़ती है। इसका प्रभाव उद्योगों की उत्पादन लागत पर पड़ता है और अंततः उपभोक्ताओं को वस्तुएं महंगे दामों पर खरीदनी पड़ती हैं। इस प्रकार वैश्विक घटनाओं का असर सीधे भारतीय बाजार और आम नागरिक के जीवन पर दिखाई देता है। जलवायु परिवर्तन भी महंगाई का एक बड़ा कारण बनकर उभरा है। अनियमित मानसून, अत्यधिक वर्षा, सूखा और प्राकृतिक आपदाएं कृषि उत्पादन को प्रभावित करती हैं। यदि फसलें खराब होती हैं या उत्पादन कम होता है, तो बाजार में आपूर्ति घट जाती है और कीमतें बढ़ जाती हैं। भारत की बड़ी आबादी अभी भी कृषि पर निर्भर है, इसलिए मौसम की अनिश्चितता केवल किसानों की आय



ही नहीं, बल्कि पूरे देश की खाद्य सुरक्षा और मूल्य स्थिरता को प्रभावित करती है। आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और अधिक गंभीर हो सकते हैं, इसलिए कृषि क्षेत्र को अधिक सक्षम और तकनीक आधारित बनाने की आवश्यकता है। बढ़ती महंगाई का सबसे बड़ा प्रभाव देश की मौद्रिक नीति पर पड़ता है। भारतीय रिजर्व बैंक का प्रमुख उद्देश्य मूल्य स्थिरता बनाए रखना और आर्थिक विकास को संतुलित रखना है। यदि महंगाई लगातार लक्ष्य से ऊपर बनी रहती है, तो आरबीआई रेपो रेट बढ़ाने का निर्णय ले सकता है। रेपो रेट बढ़ने का अर्थ है कि बैंकों को धन महंगा मिलेगा, जिसका असर गृह ऋण, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण और उद्योगों को मिलने वाले कर्ज पर पड़ेगा। ब्याज दरें बढ़ने से लोग कम खर्च करते हैं और उद्योग भी निवेश में सावधानी बरतते हैं। इससे आर्थिक गतिविधियों की गति धीमी हो सकती है। इसलिए महंगाई पर नियंत्रण और विकास के बीच संतुलन बनाना केंद्रीय बैंक के लिए सबसे कठिन जिम्मेदारी होती है। महंगाई का प्रभाव केवल उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं रहता। उद्योगों के लिए कच्चा माल, बिजली, ईंधन और परिवहन महंगा होने से उत्पादन लागत बढ़ जाती है। यदि कंपनियां बढ़ी हुई लागत उपभोक्ताओं पर डालती हैं, तो वस्तुएं और महंगी हो जाती हैं। यदि वे कीमतें नहीं बढ़ातीं, तो उनका लाभ घटता है और निवेश प्रभावित होता है। इसका असर रोजगार सृजन पर भी पड़ सकता है। छोटे और मध्यम उद्योग, जिनकी आर्थिक क्षमता सीमित होती है, ऐसे समय में सबसे अधिक दबाव महसूस करते हैं। परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था की विकास दर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सरकार के सामने भी इस समय अनेक चुनौतियां हैं। केवल ब्याज दरों के सहारे महंगाई पर स्थायी नियंत्रण संभव नहीं है। इसके लिए उत्पादन बढ़ाना, आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करना, जमाखोरी और कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण रखना तथा कृषि और परिवहन क्षेत्र में सुधार करना आवश्यक है। आवश्यक वस्तुओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना, भंडारण क्षमता बढ़ाना और किसानों को आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराना भी महंगाई नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। साथ ही ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देकर आयातित ईंधन पर निर्भरता कम की जा सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था आज पहले की तुलना में कहीं अधिक वैश्विक हो चुकी है। इसलिए दुनिया के किसी भी हिस्से में उत्पन्न आर्थिक या राजनीतिक संकट का प्रभाव भारतीय बाजार तक पहुंच जाता है। ऐसे में आर्थिक नीतियों को केवल वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि भविष्य के संभावित जोखिमों को देखते हुए तैयार करना होगा। मूल्य स्थिरता, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास को एक साथ लेकर चलना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सरकार, रिजर्व बैंक, उद्योग जगत और किसानों के बीच बेहतर समन्वय ही इस चुनौती का प्रभावी समाधान दे सकता है। वास्तव में बढ़ती महंगाई केवल कीमतों का प्रश्न नहीं, बल्कि देश की आर्थिक स्थिरता, सामाजिक संतुलन और विकास की दिशा से जुड़ा हुआ विषय है। यदि समय रहते प्रभावी कदम उठाए जाएं, तो इस चुनौती को अवसर में भी बदला जा सकता है। मजबूत कृषि व्यवस्था, पारदर्शी बाजार, संतुलित मौद्रिक नीति, बेहतर आपूर्ति तंत्र और दूरदर्शी आर्थिक निर्णय ही भारत को महंगाई के दुष्प्रभावों से बचा सकते हैं। आज आवश्यकता आंकड़ों पर बहस करने से अधिक ठोस और समन्वित कार्रवाई की है, ताकि आर्थिक विकास की गति भी बनी रहे और आम नागरिक की थाली तथा जेब दोनों सुरक्षित रह सकें।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## संघर्ष
डॉ. घनश्याम बादल



# होर्मुज पर टैक्स की जंग समुद्र पर किसका अधिकार

युद्ध केवल मोर्चों पर नहीं लड़े जाते, वे समुद्रों, व्यापार मार्गों, अर्थव्यवस्था और कूटनीति पर भी लड़े जाते हैं। आज फारस की खाड़ी का प्रवेश द्वार, हार्मुज़ जलडमरूमध्य, इसी प्रकार के संघर्ष का केंद्र बन गया है। ईरान और अमेरिका एक-दूसरे पर युद्धविराम की शर्तें तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं। एक ओर ईरान अपने समुद्री क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों पर नियंत्रण और शुल्क लगाने की बात कर रहा है, तो दूसरी ओर अमेरिका भी समुद्री सुरक्षा के नाम पर जहाजों से 20 प्रतिशत शुल्क वसूलने की घोषणा कर चुका है। दोनों पक्ष अपने-अपने कदम को वैध ठहरा रहे हैं, किंतु प्रश्न यह है कि इसकी कीमत कौन चुकाएगा? उत्तर स्पष्ट है-दुनिया। ताज़ा घटनाक्रम में दोनों देश युद्धविराम के उल्लंघन के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि ईरान ने हार्मुज़ में जहाजों की आवाजाही बाधित कर समझौते की भावना का उल्लंघन किया, जबकि ईरान का कहना है कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई, नाकेबंदी और इज़राइल को समर्थन ने युद्धविराम को अर्थहीन बना दिया। स्वतंत्र रूप से इन दावों की पूरी पुष्टि संभव नहीं है, लेकिन इतना स्पष्ट है कि दोनों पक्ष युद्धविराम की अलग-अलग व्याख्या कर रहे हैं और यही टकराव का सबसे बड़ा कारण बन गया है। इस पूरे संकट में इज़राइल की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। ईरान का आरोप है कि इज़राइल की सैन्य गतिविधियों को अमेरिकी समर्थन प्राप्त है, जबकि अमेरिका इसे क्षेत्रीय सुरक्षा का प्रश्न बताता है। परिणाम यह है कि युद्ध केवल ईरान और अमेरिका के बीच सीमित नहीं रह गया, बल्कि पूरा पश्चिम एशिया उसकी चपेट में आ गया है। हार्मुज़ विश्व ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा है। सामान्य परिस्थितियों में विश्व के समुद्री तेल व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा इसी मार्ग से गुजरता है। यदि इस मार्ग पर कोई भी पक्ष कर लगाए, जहाजों को रोकें या सैन्य नियंत्रण स्थापित करें, तो उसका प्रभाव केवल खाड़ी तक सीमित नहीं रहेगा। तेल की कीमतें बढ़ेंगी, समुद्री बीमा महंगा होगा, माल ढुलाई की लागत बढ़ेगी और अंततः पूरी दुनिया में महंगाई का दबाव बढ़ेगा। सबसे रोचक और विडंबनापूर्ण स्थिति यह है कि दोनों पक्ष लगभग एक जैसी नीति अपना रहे हैं। ईरान कहता है कि वह अपनी समुद्री सीमा और सुरक्षा के लिए शुल्क लेगा। अमेरिका कहता है कि वह समुद्री सुरक्षा उपलब्ध करा रहा है, इसलिए उसके लिए भी शुल्क लिया जाना चाहिए। नाम अलग-अलग हो सकते हैं- 'टैक्स', 'टोल', 'सुरक्षा शुल्क' या 'प्रतिपूर्ति'- लेकिन अंततः भुगतान जहाज मालिकों को करना होगा और उसका भार दुनिया के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। यही इस पूरे विवाद की सबसे बड़ी विडंबना है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून का मूल सिद्धांत यह है कि अंतरराष्ट्रीय नौवहन मार्गों पर निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किया जाए। किसी एक देश द्वारा समुद्री मार्ग को आर्थिक या राजनीतिक दबाव का साधन बनाना वैश्विक व्यापार व्यवस्था की भावना के विरुद्ध माना जाता है। यही कारण है कि दोनों पक्षों के दावों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रश्न उठ रहे हैं। भारत के लिए यह संकट विशेष चिंता का विषय है।

भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा भाग आयात करता है और उसका महत्वपूर्ण हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। यदि हार्मुज़ में तनाव बढ़ता है तो कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेंगी, पेट्रोल और डीज़ल महंगे होंगे, परिवहन लागत बढ़ेगी, उर्वरकों की कीमत प्रभावित होगी और अंततः महंगाई का दबाव आम नागरिक तक पहुंचेगा। इसके अतिरिक्त खाड़ी देशों में कार्यरत लाखों भारतीयों की सुरक्षा और भारतीय निर्यात-आयात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। खाड़ी देशों की स्थिति भी कम कठिन नहीं है। वे एक ओर अमेरिका के सुरक्षा सहयोगी हैं, दूसरी ओर उनकी अर्थव्यवस्था समुद्री व्यापार और ऊर्जा निर्यात पर निर्भर है। इसलिए वे किसी भी ऐसे संघर्ष से बचना चाहते हैं जिससे व्यापार बाधित हो। लंबे समय तक तनाव बना रहा तो खाड़ी देशों की आर्थिक वृद्धि और निवेश दोनों प्रभावित होंगे। वास्तविकता यह है कि आधुनिक युद्धों में 'आर-पार की जीत' अब लगभग असंभव हो गई है। अमेरिका जैसी महाशक्ति भी ईरान जैसे क्षेत्रीय शक्ति-संपन्न देश को स्थायी रूप से झुका नहीं सकती, और ईरान भी अमेरिका को सैन्य रूप से पराजित करने की स्थिति में नहीं है। यह संघर्ष किसी एक क्षेत्र का नहीं, पूरी मानवता का प्रश्न बन चुका है। यदि अमेरिका और ईरान वास्तव में शांति चाहते हैं तो उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि प्रतिष्ठा की लड़ाई में आर्थिक स्थिरता और वैश्विक विश्वास को दांव पर नहीं लगाया जा सकता। आधुनिक विश्व में स्थायी विजय युद्ध से नहीं, संवाद और संतुलित कूटनीति से ही प्राप्त होती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## बुरे लोग ही दूसरों में ढूंढते हैं दोष



संकलित
दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

## झूठ बोलकर मिला ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित
प्रेरणा

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा, सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## सटाका




## आज की पाती

### होर्मुज संकट : विश्व आर्थिकी के लिए बढ़ता खतरा

अमरीका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक चिंता का विषय बना दिया है। यदि यह समुद्री मार्ग लंबे समय तक बाधित रहता है, तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार व्यवस्था प्रभावित होगी। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय संघर्ष अब वैश्विक संकट का रूप ले सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। प्रतिदिन दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल और बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। जहाजों की आवाजाही अगर बाधित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आना स्वाभाविक है। *– कमलेश शर्मा, अंबाला*

## ट्रेंड

### महिला क्रिकेट टीम को बधाई



भारतीय महिला क्रिकेट के एक नए दौर की शुरुआत। इंग्लैंड के खिलाफ आज का टेस्ट मैच जीतने के लिए हमारी महिला क्रिकेट टीम को बधाई। यह भारतीय महिला क्रिकेट के अदम्य कौशल का प्रतीक है।
- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### विकास में कसर नहीं छोड़ेंगे



भारत सरकार पश्चिम बंगाल के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। 'डबल-इंजन' सरकार कदम-से-कदम मिलाकर और कंधे-से-कंधा मिलाकर आगे बढ़ेगी। पश्चिम बंगाल को तरक्की और विकास के मामले में देश में नंबर वन बनाने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी।
-**शिवराज सिंह चौहान**, केंद्रीय कृषि मंत्री

### शिक्षा व्यवस्था पक्षपाती हुई



भ्रष्ट, अन्यायपूर्ण, पक्षपाती और बेईमान - ये चार शब्द मेरे नहीं हैं, बल्कि देश के छात्र आज भारत की शिक्षा व्यवस्था के लिए इनका इस्तेमाल कर रहे हैं। सच तो यह है कि भारत की शिक्षा व्यवस्था अब जबरन वसूली का एक बेईमान ज़रिया बन गई है।
- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### सोनम की मांगों का समर्थन



सीजेपी का जंतर-मंतर पर कई दिनों से विरोध-प्रदर्शन चल रहा है। सोनम वांगचुक वहां कई दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। हम उनकी मांगों का समर्थन करते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

### यूरोप में भीषण गर्मी भौंरों के लिए साबित हो रही जानलेवा

संभव है कि गर्मियों के महीनों में आपको अपने आस-पास फुटपाथ पर मरे हुए भौंरे (बम्बलबीज) दिखाई दें। इसके पीछे कई कारण हैं जिनमें कुछ मौसमी और काफी हद तक इंसानी गतिविधियां हैं। भौंरे सामाजिक होते हैं और कॉलोनियों में रहते हैं। इन कॉलोनियों को बहुत सक्रिय मजदूर भौंरें चलाते हैं, जिनकी उम्र बहुत छोटी यानी चार से छह हफ्ते की होती है। इसका अभिप्राय है कि काफ़ी कम समय में ही बूढ़े होकर ये भौंरें मर जाते हैं और कॉलोनी में बीमारी फैलने से रोकने के लिए, स्वस्थ युवा मजदूर भौंरे मरे हुए भौंरों को बाहर निकालकर कॉलोनी से काफ़ी दूर ले जाते हैं।



एक और वजह मौसम है। 2026 में इंग्लैंड में जून का महीना अब तक का सबसे गर्म रहा (और पूरे ब्रिटेन के लिए यह दूसरा सबसे गर्म महीना था) और इस गर्मी में तापमान के और भी ज्यादा रहने की आशंका है। इस तरह की अत्यधिक गर्मी से भौंरों में तनाव पैदा होता है। लंबे समय तक गर्मी के संपर्क में रहने से उनके विकास पर असर पड़ता है और उनकी आबादी की लंबे समय की स्थिरता खतरे में पड़ जाती है। भीषण गर्मी का नकारात्मक असर इन भौंरों के प्रजनन, उड़ने और भोजन की तलाश करने की क्षमता पर भी पड़ता है।

## ऑफ बीट

### साइकिल चलाना पैदल चलने से चार गुना ज्यादा प्रभावी

साइकिलिंग के माध्यम से लोग चलने या दौड़ने की तुलना में कम ऊर्जा खपत पर तेज और दूर तक सुविधाजनक तरीके से सफर करने में सक्षम होते हैं।



लेकिन आखिर पैदल चलने की तुलना में साइकिलिंग इतनी आसान क्यों लगती है? इसका जवाब छिपा है उस सुव्यवस्थित जैव-यांत्रिकी में जो साइकिल का हमारे शरीर के साथ तालमेल बनाती है। लेकिन यह सरलता एक ऐसी इंजीनियरिंग को छिपाए हुए है, जो मानव शरीर की संरचना और क्रिया प्रणाली से बिल्कुल मेल खाती है। जब हम चलते या दौड़ते हैं तो असल में हमारा झुकाव एक नियंत्रित तरीके से आगे की ओर रहता है और हर कदम पर खुद को संभालते हैं। हमारे पैरों को हर कदम पर एक बड़े दायरे में आगे बढ़ाना पड़ता है, हर कदम पर पैरों को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ऊपर उठाना पड़ता है। सिर्फ इस क्रिया में ही शरीर की बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है। साइकिल पर, आपके पैर बहुत छोटी गोलाकार गति में घूमते हैं। हर क्रिया पर अपने पूरे पैर का वजन उठाने के बजाय, आप बस अपनी जांघों और पिंडलियों को एक संकुचित पैडल वाली साइकिल पर घुमाते हैं। इस वजह से शारीरिक ऊर्जा की बचत तुरंत महसूस होती है। लेकिन असली दक्षता यह है कि मानव ताकत ऐसी ऊर्जा में बदल जाती है जो साइकिल को आगे बढ़ाती है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## भारत मंडपम में 'भारत टेक्स 2026' का आगाज़

# 130 देशों के 60 हजार से अधिक खरीदार और विदेशी प्रतिनिधिमंडल आयोजन में हुए शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े वैश्विक वस्त्र आयोजन 'भारत टेक्स 2026' का मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भव्य शुभारंभ हुआ। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा, विभिन्न राज्यों के वस्त्र मंत्री, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और विदेशी प्रतिनिधिमंडल भी उपस्थित रहे।

उद्घाटन के बाद मीडिया से बातचीत में गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत टेक्स प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का परिणाम



है, जो आज एक वैश्विक मंच के रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष इस आयोजन में प्रदर्शकों, खरीदारों, विक्रेताओं और आगंतुकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस वर्ष 130 देशों से 60 हजार से अधिक खरीदार और प्रदर्शक इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस आयोजन में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा बड़ी संख्या में उद्यमी भी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ भारतीय वस्त्र उद्योग को मिल रहा है, जिससे निर्यात और वैश्विक व्यापार के नए अवसर पैदा हुए हैं।

'भारत टेक्स 2026' में भारत की वस्त्र, फैशन, सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी), प्रौद्योगिकी, नवाचार, निवेश और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में बढ़ती वैश्विक भूमिका को प्रदर्शित किया जा रहा है। इस आयोजन में देश-विदेश के निर्माता, निर्यातक, वैश्विक खरीदार, निवेशक, नीति निर्माता, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल, हस्तशिल्पी, स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी प्रदाता एक मंच पर आए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के '5एफ विजन'- फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से फॉरेन-से प्रेरित 'भारत टेक्स' अब वस्त्र उद्योग के संपूर्ण मूल्य श्रृंखला (टैक्सटाइल वैल्यू चेन) के लिए व्यापार, निवेश, नवाचार, नीति संवाद और रणनीतिक साझेदारी का प्रमुख वैश्विक मंच बन चुका है। 'भारत टेक्स 2026' के तीसरे संस्करण में करीब 7,000 खरीदार और 20,000 से अधिक वस्त्र उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। आयोजन में 14 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक भी भाग ले रहे हैं। इस दौरान 20 से अधिक देशों के 350 से ज्यादा वक्ता, जिनमें अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ, उद्योग जगत के अग्रणी प्रतिनिधि, नीति निर्माता और विभिन्न क्षेत्रों के विचारक शामिल हैं, वस्त्र उद्योग के भविष्य, वैश्विक बाजार, नवाचार, निवेश और सतत विकास जैसे विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह आयोजन भारत के वस्त्र उद्योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने, निर्यात बढ़ाने और विदेशी निवेश आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में सीईओ पद के लिए अमिताभ ने दिया आवेदन

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला सामने आने के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और अनिल मिश्रा इस्तीफा दे चुके हैं। अब ट्रस्ट ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश के पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने भी आवेदन किया है। अमिताभ उत्तरप्रदेश में कई विवाद और मामलों के लिए काफी चर्चा में रहते हैं। वे 1992 बैच के एक पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं। अमिताभ को मार्च 2021 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी गई थी। वे मुखर छवि और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के लिए जाने जाते हैं। वे 'आजाद अधिकार सेना' के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। आवेदन में अमिताभ ने खुद को हिंदू सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से संबद्ध बताते हुए धार्मिक एवं दार्शनिक परंपराओं तथा भगवान श्रीराम के मर्यादा, न्याय, कर्तव्यनिष्ठा और लोककल्याण के आदर्शों के प्रति अतीव सम्मान होने की बात कही है। उन्होंने प्रशासनिक अनुभव, योग्यता और पारदर्शिता के आधार पर अभ्यर्थिता पर विचार करते हुए चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किए जाने का अनुरोध किया है।



## खबर संक्षेप

### शिअद को बड़ा झटका महासचिव ने छोड़ी पार्टी

**तरनतारन।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) को मंगलवार बड़ा झटका लगा, जब पार्टी के महासचिव इकबाल सिंह संधू ने प्रथम सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया। वे लंबे समय से पार्टी के साथ जुड़े हुए थे व तरनतारन हलके से टिकट के प्रबल दावेदार रहे हैं। संधू गांव मथरेवाल से संबंधित हैं। वे एसएस बोर्ड के सदस्य भी रहे हैं।



### मंडी गोबिंदगढ़ में बेअदबी के आरोपी की हत्या

**गोबिंदगढ़।** पंजाब के मंडी गोबिंदगढ़ से सनसनीखेज खबर है। यहां गांव तुर्रां में सोमवार देर रात श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के आरोपी की घर में घुसकर हत्या कर दी है। मृतक मेवा सिंह तुरां गांव का रहने वाला था। 6 साल पहले श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी का आरोप है।आरोपी ने घुसकर तलवार से हमला किया।



### राष्ट्रपति आज करेंगी 'सौश्रुतम' का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 15 जुलाई को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में 3 दिनी अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 'सौश्रुतम 2026' का उद्घाटन करेंगी। आयुष मंत्रालय के तहत यह 15-17 जुलाई तक चलेगा, जबकि 14 जुलाई को पूर्व-कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह शल्य चिकित्सा के जनक आचार्य सुश्रुत की जयंती पर हो रहा है।



### रामनगर-देहरादून रेल सेवा 18 जुलाई से

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि उत्तराखंड में रामनगर से देहरादून के बीच ट्रेन सेवा 18 जुलाई को शुरू होगी। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया।

बलूनी ने कहा कि यह देहरादून आने-जाने वाले स्थानीय लोगों की यात्रा को बहुत आसान बना देगी।



## अदालत ने 10 दिन के अंदर हलफनामा पेश करने को कहा

**त्रिभाषा नीति का मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा**

**याचिकाकर्ताओं ने किया दावा**

# चाहे कितनी ही भाषाएं थोप दें पर न तो इसके शिक्षक हैं और न किताबें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

त्रिभाषा नीति को लेकर चल रहा विवाद अब सुप्रीमकोर्ट तक पहुंच गया है। इस विवाद पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि सरकार छात्रों को पर्याप्त विकल्प देने के बजाए उन पर भाषाएं थोपना चाहती है। वहीं सरकार की ओर से यह तर्क रखा गया कि नई शिक्षा नीति के तहत भारतीय और स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है।

■ सुनवाई के दौरान सीजेआई ने की एक बड़ी टिप्पणी

यह पूरा मामला सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) के उस सर्कुलर से जुड़ा है, जिसमें छठी कक्षा से त्रिभाषा के फार्मूले को लागू करने की बात कही गई है। इस फार्मूले के तहत छात्रों को भारत की 2 स्थानीय भाषाएं पढ़ना अनिवार्य होगा। इस दौरान सीजेआई ने कहा कि किसी की नौकरी नहीं जाएगी।इस सर्कुलर के खिलाफ कुछ याचिकाकर्ताओं ने ने दावा था कि यह फैसला अधिकार क्षेत्र से बाहर लिया है। इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

◀ अब 29 जुलाई को होगी सुनवाई




### मजबूर किया जा रहा

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद ग्रोवर पेश हुए। उन्होंने कहा कि सीबीएसई के पास ऐसा सर्कुलर जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। यह अधिकार केवल नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के पास है। उनका आरोप था कि छात्रों को बिना विकल्प दिए भाषाएं पढ़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ग्रोवर ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर कोई छात्र संस्कृत की जगह पंजाबी पढ़ना चाहता है तो उसके लिए न तो पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध हैं और न ही किताबें।

### 9वीं में अनिवार्य करने पर केंद्र, सीबीएसई और एनसीईआरटी से जवाब मांगा

सुप्रीम कोर्ट ने कक्षा 9 के छात्रों के लिए तीन भाषाओं की पढ़ाई अनिवार्य करने वाली सीबीएसई की नई नीति पर केंद्र सरकार, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने इस मामले में दाखिल दो नई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। अदालत ने सभी पक्षों से 10 दिन के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम इस मामले पर 29 जुलाई को सुनवाई करेंगे।



### कोर्ट ने उठाया 'स्थानीय भाषा' शब्द पर सवाल

सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने 'स्थानीय भाषा' शब्द पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कोर्ट यह समझना चाहता है कि 'नेटिव' या स्थानीय भाषा से सरकार का क्या मतलब है? वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने भी छात्रों की परेशानी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अगर कोई छात्र अब तक फ्रेंच पढ़ता रहा है और नौवीं कक्षा में अचानक उससे तमिल जैसी कोई दूसरी भाषा पढ़ने और परीक्षा देने के लिए कहा जाए, तो यह व्यावहारिक नहीं होगा। उन्होंने यह भी सवाल किया कि दिल्ली के कितने स्कूलों में ऐसी भाषाएं पढ़ाने के लिए शिक्षक उपलब्ध हैं?

### रोजगार दिलाने वाली भाषाएं ही पढ़ाएं


ग्रोवर ने कहा कि हर बच्चे को ऐसी भाषा सीखने का मौका मिलना चाहिए, जिससे भविष्य में उसे रोजगार मिलने में मदद मिल सके। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने सरकार के हलफनामे का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार का दावा है कि नई पाठ्यपुस्तकें तैयार की जा रही हैं। छात्रों से उम्मीद की जा रही है कि वे अंग्रेजी और दूसरी विदेशी भाषाओं के बजाए भारतीय और स्थानीय भाषाओं को अपनाएं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कक्षाओं के लिए नियमों में कुछ ढील दी गई है।

### नौकरी से हटाया तो बहाल करेंगे

शंकरनारायणन ने अदालत से अनुरोध किया कि अंतिम फैसला आने तक इस नीति को लागू न किया जाए। उनका तर्क था कि इस सर्कुलर को लागू करने से शिक्षकों की नौकरियों पर भी असर पड़ सकता है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि किसी शिक्षक को इस वजह से नौकरी से हटाया जाता है, तो अदालत जरूरत पड़ने पर उसे वापस बहाल भी करवा सकती है।

### इन्होंने दायर की याचिका

नई याचिकाएं अमनदीप कौर और अर्पण रॉय चौधरी की ओर से दायर की गई हैं। याचिकाओं में केंद्र , सीबीएसई, एनसीईआरटी को पक्षकार बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद ग्रोवर और गोपाल शंकरनारायणन ने अदालत के सामने कई व्यावहारिक और कानूनी मुद्दा उठाए।



4 पत्रावलियों पर बातचीत हुई

## मध्यस्थता कोर्ट में वार्ता विफल दोनों पक्षों का समझौता से मना

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

ज्ञानवापी मामले में मध्यस्थता कोर्ट में सुनवाई मंगलवार को पूरी हो गई। दोनों पक्षों ने मध्यस्थता से इनकार कर दिया है। 4 पत्रावलियों पर ये बातचीत हुई है।

चारों पत्रावलियों के पक्षकार आए थे और सभी ने इस मामले में किसी भी प्रकार की मध्यस्थता से इनकार किया और कोर्ट के निर्णय को सर्वमान्य मानने की बात कही।

सभी पक्षों ने अपनी-अपनी बातों पर दृढ़ता दिखाई कि कोई समझौता नहीं करेंगे, अपनी लड़ाई लड़ेंगे। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार समझौते की वार्ता विफल हो गई।

**ज्ञानवापी मामलेकी सुनवाई पूरी**

### श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर बनाम ज्ञानवापी मस्जिद

वाराणसी में श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़ा ऐतिहासिक और कानूनी विवाद है। मंदिर पक्ष का मानना है कि ज्ञानवापी के नीचे आदि-विश्वेश्वर का मंदिर मौजूद है। 1669 में औरंगजेब द्वारा इसे तोड़े जाने के ऐतिहासिक साक्ष्य दिए जाते हैं। मस्जिद पक्ष का दावा है कि यह जमीन सदियों से वक्फ की संपत्ति है और यहां नियमित नमाज होती रही है।

**पूजा स्थल अधिनियम 1991' का हवाला दिया:** वह 'पूजा स्थल अधिनियम 1991' का हवाला देता है, जो धार्मिक स्थल के 1947 वाले स्वरूप को बदलने से रोकता है।

### यह आदिकाल से बना मंदिर था

मंदिर पक्ष से रेखा पाठक, शैलेंद्र पाठक आदि अधिवक्ताओं के साथ आए थे। हिंदू पक्ष ने कहा कि मेरा मंदिर है, मुझे मंदिर चाहिए और कोई समझौता नहीं हो सकता, वहां मंदिर है, आदिकाल से चला आ रहा है। हमें मंदिर में पूजा पाठ करना है। शैलेंद्र पाठक ने कहा कि ज्ञानवापी परिसर के तलगृह अंदर पूजा चल भी रही है।

**प्रदेश सरकार बोली-सहमति नहीं बनी:** प्रदेश सरकार के अधिवक्ता राजेश मिश्र ने बताया कि समझौते के लिए दोनों पक्ष मौजूद रहा, लेकिन समझौते के लिए सहमति नहीं बनी है। उन्होंने बताया कि सभी पक्षों अपने-अपने दावे को लेकर दृढ़ता दिखाई है और कहा कि वे अपनी लड़ाई लड़ेंगे।

केंद्रीय मंत्री मांडविया ने दी सौगात

## देशभर में सात कर्मचारी राज्य बीमा स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने तेलंगाना के सनथनगर स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल से देशभर में सात कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मांडविया ने सनथनगर स्थित ईएसआईसी अस्पताल के नए ओपीडी ब्लॉक का प्रत्यक्ष उद्घाटन किया और 6 परियोजनाओं का वर्चुअल शुरुआत की। ये हैं: असम के बेल्टोला में उन्नत 200 बिस्तरों वाला ईएसआईसी अस्पताल, तमिलनाडु के श्रीपेरुम्बुदुर में 100 बिस्तरों वाला ईएसआईसी अस्पताल, आंध्र प्रदेश के राजामहेंद्रवरम में ईएसआईसी अस्पताल; गुजरात के सुरेंद्रनगर में ईएसआई औषधालय और शाखा कार्यालय, कोटा के उद्योग नगर में ईएसआई औषधालय और शाखा कार्यालय और राजस्थान के भवानी मंडी में ईएसआईऔषधालय।



केतन की मां की प्रधानमंत्री को चिट्ठी

## मोदी जी... मैं मां हूं, बेटे के लिए लड़ रही, इंसाफ दिलाएं



एजेंसी ▶▶ पुणे

यहां के रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की हत्या के मामले में उनकी मां राखी अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक भावुक ईमेल लिखा। उन्होंने पीएम मोदी से अपने बेटे के लिए न्याय सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने बेटे की मौत के लिए जिम्मेदारों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। पत्र में राखी ने कहा कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि एक दिन उन्हें अपने बच्चे के लिए न्याय मांगने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखना पड़ेगा। जिस दिन केतन की मृत्यु हुई, उसी दिन मेरी दुनिया खत्म हो गई। घर का हर कोना, उसका कमरा, कपड़े और तस्वीरें, उन्हें उस क्षति की याद दिलाती हैं। उन्होंने कहा कि हर मां की तरह, मैंने भी केतन को एक खूबसूरत जिंदगी बनाते, शादी करते और हमारे साथ बूढ़ा होते देखने का सपना देखा था।

**पिकनिक मनाने गया था परिवार**

नासिक के इगतपुरी में गुंडागर्दी का मामला

## महिला से छेड़छाड़, परिवार का 25 किमी तक किया पीछा, हमला... 9 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नासिक

यहां के इगतपुरी स्थित भवली बांध पर पिकनिक मनाने गए एक परिवार की महिला से कथित छेड़छाड़ का विरोध करने पर कुछ युवकों ने परिवार पर हमला कर दिया। आरोपियों ने कार में तोड़फोड़ की और 25-30 किलोमीटर तक उनका पीछा किया। इस मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर वीडियो और तकनीकी जांच के आधार पर 9 आरोपियों को हिरासत में लिया है, जबकि एक आरोपी की तलाश जारी है। खास बात यह है कि घटना में शामिल एक आरोपी पर पहले से हत्या का मामला दर्ज है।



### इस तरह बढ़ा मामला

यह घटना 12 जुलाई को नासिक जिले के इगतपुरी स्थित भवली बांध और झरने वाले पर्यटन स्थल पर हुई। परिवार पिकनिक मनाने गया था। खाना खाने और समय बिताने के बाद जब वे लौट रहे थे, तभी 20-25 वर्ष के दो युवकों ने परिवार की एक महिला पर फब्तियां कसीं, सीटी बजाई और उसे परेशान करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने दोनों युवकों को डांटा। पति और देवर ने भी उन्हें डाटा और सवाल किया कि इस तरह किसी महिला के साथ इस तरह की हरकत क्यों कर रहे हो? परिवार का आरोप है कि कुछ ही देर बाद आसपास की दुकानों और गांव से जुड़े 8-10 लोग वहां पहुंच गए और गाली-गलौज शुरू कर दी।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हरियाणा बना आधुनिक रेल क्रांति का अग्रदूत



**विकसित भारत विकसित हरियाणा**

नायब सिंह सैनी

देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन का संचालन जींद-सोनीपत रेलखंड से होगा

भारत आज विकास के ऐसे स्वर्णिम दौर से गुजर रहा है, जहां आधुनिक तकनीक, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। रेलवे क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा है। आज भारतीय रेल विश्वस्तरीय तकनीक, अत्याधुनिक सुविधाओं और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी विकास यात्रा में हरियाणा को एक ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन का संचालन हरियाणा के जींद-सोनीपत रेलखंड पर किया जाना केवल प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यह परियोजना विकसित भारत और ग्रीन इंडिया के संकल्प को नई मजबूती प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने सदैव इस बात पर बल दिया है कि भारत का विकास आधुनिक तकनीक, नवाचार और आत्मनिर्भरता पर आधारित होना चाहिए। इसी सोच का परिणाम है कि आज भारत स्वदेशी तकनीक के बल पर नई-नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। जींद-सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना भारतीय रेलवे के इतिहास में एक परिवर्तनकारी पहल है। यह परियोजना दर्शाती है कि



भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि नई तकनीकों का निर्माता और विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र बन रहा है। पूर्णतः स्वदेशी डिजाइन, निर्माण और रूपांतरण के साथ तैयार यह ट्रेन भारतीय इंजीनियरों की क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का जीवंत उदाहरण है। यह हाइड्रोजन ट्रेन ब्रॉड गेज पर संचालित होने वाली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक होगी। लगभग 141 करोड़ की लागत से तैयार इस ट्रेन में दो ड्राइविंग पावर कार और आठ यात्री कोच होंगे। लगभग 2400 किलोवाट की शक्ति क्षमता के साथ यह रेलवे की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल होगी। इसका सफल ट्रायल पूरा हो चुका है तथा मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। इससे स्पष्ट है कि भारत अत्याधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल रेल परिवहन की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है। हरियाणा के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष महत्व रखती है, क्योंकि यह परियोजना प्रदेश को आधुनिक रेलवे तकनीक का केंद्र बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगी। लगभग 89 किलोमीटर लंबे जींद-सोनीपत रेलखंड पर संचालित होने वाली यह ट्रेन प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को नई पहचान देगी। इससे न केवल यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। आज हरियाणा में जो विकास दिखाई दे रहा है, वह केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान की है। चाहे राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार हो, रेलवे अवसंरचना का आधुनिकीकरण, हवाई सेवाओं का विस्तार, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में नई परियोजनाएं हों या आधुनिक सार्वजनिक सुविधाओं का विकास-हर क्षेत्र में हरियाणा निरंतर आगे बढ़ रहा है। जींद-सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना भी इसी समन्वित विकास दृष्टि का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रधानमंत्री नका स्पष्ट विजन रहा है कि भारत का विकास केवल बड़े शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि देश के प्रत्येक राज्य और प्रत्येक क्षेत्र तक आधुनिक सुविधाएं पहुंचें। इसी सोच के अनुरूप हरियाणा में रेलवे, सड़क, ऊर्जा, उद्योग और डिजिटल अवसंरचना को अभूतपूर्व गति मिली है। प्रदेश में आधुनिक परियोजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन यह दर्शाता है कि डबल इंजन सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। हाइड्रोजन ऊर्जा भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा मानी जाती है। इसका उपयोग न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा, बल्कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक सिद्ध होगा। रेलवे द्वारा हाइड्रोजन तकनीक को अपनाना इस बात का प्रमाण है कि देश भविष्य की चुनौतियों के लिए आज से ही तैयारी कर रहा है। आज भारत दुनिया के सामने एक ऐसे राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, जो परंपरा और आधुनिकता का संतुलित समन्वय करते हुए विकास की नई इबारत लिख रहा है। हरियाणा इस परिवर्तनकारी यात्रा का सक्रिय सहभागी है। यह परियोजना प्रदेश के युवाओं, इंजीनियरों और उद्योग जगत के लिए भी नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी तथा आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में रोजगार और निवेश के नए अवसर सृजित करेगी। डबल इंजन सरकार के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश इसी प्रकार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत, हरित विकास, आधुनिक तकनीक और विकसित भारत के संकल्प का सशक्त प्रतीक है।

(लेखक हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं)

1 जॉर्डन ने ईरान की चार मिसाइलें मार गिराईं

2 बहरीन पर अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर हमला

ट्रंप ने कहा है होर्मुज स्ट्रेट खुला है और ईरान के साथ या उसके बिना भी खुला रहेगा। केवल ईरान के जहाजों या उसके वाहकों को ही इस मार्ग से आने-जाने से रोका जाएगा। बाकी सभी देशों को इस स्ट्रेट का निष्पक्ष और खुला उपयोग करने की पूरी अनुमति होगी

अमेरिका ने ईरान के सीमावर्ती इलाकों पर नए हमले किए

# माहशहर और अबादान को बनाया निशाना बंदरगाहों की फिर से शुरू की 'नाकेबंदी'

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ वॉशिंगटन

अमेरिका ने इराक और कुवैत के पास ईरान के सीमावर्ती इलाकों पर नए हमले किए हैं। खुजेस्तान प्रांत के डिप्टी गवर्नर वलीओल्लाह हयाती ने बताया कि अबादान शहर (जहां पश्चिम एशिया की सबसे पुरानी तेल रिफाइनरी है) और बंदरगाह शहर माहशहर पर हमले किए गए। वहीं, अमेरिका की सेंट्रल कमांड ने बताया है कि कमांडर इन चीफ के निर्देश पर अमेरिकी सेंट्रल कमांड बल ने ईरानी बंदरगाहों पर समुद्री नाकेबंदी फिर से शुरू कर दी है। इन हमलों से बौखलाए ईरान ने यूएई, बहरीन और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं।



ईरान के बंदर अब्बास पर अमेरिका हमला

## जॉर्डन पर हमले का ईरान ने किया दावा

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने जॉर्डन में स्थित एक अमेरिकी एयरबेस को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया जिसका इस्तेमाल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए किया जा रहा था।

## ईरान का बहरीन में मिसाइल हमला

आईआरजीसी ने दावा किया है कि उसने बहरीन स्थित अमेरिकी नौसेना के फिफ्थ फ्लीट मुख्यालय पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। इस हमले में नौसैनिक अड्डे के ईंधन डिपो में आग लग गई। साथ ही अमेरिकी पैट्रियट एयर डिफेंस रडार, फ्लीट का एयर कंट्रोल रडार, सी-रैम अर्ली वार्निंग रडार सिस्टम और मानव रहित सतही जहाजों के नियंत्रण एवं निगरानी केंद्र को भी निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया।

## ओमान के पास टैंकर में धमाका


टैंकर 'स्टोल्ट मैग्नीशियम' के मैनेजर, 'स्टोल्ट टैंकर्स' का कहना है कि अरब सागर में ओमान के पास चलते समय किसी अज्ञात बाहरी चीज के धमाके के बाद टैंकर में आग लग गई। यह घटना सोमवार की रात 12:40 बजे हुई और इससे जहाज के इंजन रूम में आग लग गई। जहाज पर मौजूद सभी नाविक सुरक्षित हैं और सभी का पता चल गया है, साथ ही क्रू ने आग बुझाने का काम भी शुरू कर दिया है।

## खाड़ी देशों के पास उड़ान नहीं भरें: ईएएसए

यूरोपीय एविएशन सेफ्टी एजेंसी (ईएएसए) ने चेतावनी दी है कि एयरलाइंस को बहरीन, कुवैत, कतर, यूएई और ओमान की खाड़ी के पास उड़ान नहीं भरनी चाहिए। सैन्य गतिविधियों में अप्रत्याशित बदलाव और साथ ही मिसाइल, ड्रोन, लड़ाकू विमान और एयर-डिफेंस सिस्टम के इस्तेमाल की संभावना के कारण, संबंधित हवाई क्षेत्र में सभी ऊंचाइयों और उड़ान स्तरों पर नागरिक उड़ानों के लिए बहुत ज्यादा खतरा पैदा हो गया है।

होर्मुज पर राष्ट्रपति ट्रंप फिर पलटे

# 20% सुरक्षा शुल्क नहीं लेंगे अमेरिका में कराएंगे निवेश



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर 20 प्रतिशत कार्गो शुल्क लगाने के अपने प्रस्ताव को वापस ले लिया। ट्रंप ने कहा कि अब इसकी जगह खाड़ी देशों के साथ बड़े व्यापार और निवेश समझौते किए जाएंगे, जो अमेरिका के लिए कहीं अधिक लाभदायक साबित होंगे। ट्रंप ने दावा किया कि इन समझौतों के तहत अमेरिका में भारी निवेश होगा और इससे लाखों नए रोजगार पैदा होंगे।

## इजराइल ने अमेरिका के रिफ्यूलिंग विमान को लैंड करने से रोका

इजराइल ने राजधानी तेल अवीव के बेन गुरियन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अमेरिकी मिलिट्री रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट को लैंड करने से रोक दिया है। इजराइल ने कहा कि इस एयरपोर्ट पर पहले से ही लगभग 30 अमेरिकी रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट खड़े हैं। अगर कुछ एयरक्राफ्ट नहीं हटाए गए, तो जुलाई के लिए बुक किए गए करीब 50,000 एयरलाइन टिकट फ्लाइट कैंसल होने से प्रभावित हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बायजू रवींद्रन की 6 माह की सजा बरकरार



**नई दिल्ली।** सिंगापुर हाईकोर्ट ने संकटग्रस्त एजुकेशन टेक स्टार्टअप बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ सुनाई गई छह महीने की सजा को पलटने की मांग की थी। सजा के इस आदेश के कारण बायजू तभी सिंगापुर जा सकते हैं जब वे अदालत की ओर से सुनाई गई सजा पूरी करें। अदालत ने बीते 9 जुलाई को रवींद्रन की याचिका खारिज कर दी। रविंद्रन ने याचिका में सजा पर रोक लगाने की मांग की थी। बायजू रविंद्र के लॉ फर्म लजारेफ रे बार्स ने यह जानकारी दी है।

### पीओके में प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग, 6 की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के रावलकोट में पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाई है, जिससे 6 लोगों की मौत हुई है। रावलकोट के नए बस टर्मिनल के पास मंगलवार को हिंसक झड़पें हुई हैं। बलूच सुधोनति में भी सुरक्षाबलों और आम लोगों के बीच टकराव हुआ है। बलूच सुधोनति और रावलकोट में जाहिद, जफर, असलान अकबर और वाजिद नाम के लोगों की मौत की खबर है। रावलकोट और आसपास ताजा हिंसा ने तनाव और बढ़ा दिया है।

यूएन सुरक्षा परिषद 2028-29 की अस्थायी सदस्यता के लिए भारत का अभियान शुरू

# जयशंकर बोले- भरोसे और ईमानदारी से विकास सुनिश्चित करने का भारत पक्षधर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 2028-29 के कार्यकाल के लिए अस्थायी सदस्यता के लिए भारत उम्मीदवारी जता रहा है। इसे लेकर समर्थन जुटाने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर न्यूयॉर्क में हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत के अभियान की शुरुआत करते हुए अधिक प्रतिनिधित्व वाले, प्रभावी और भविष्य के अनुरूप वैश्विक व्यवस्था के लिए भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने दुनिया भर से आए राजनयिकों और प्रतिनिधियों को संबोधित किया। उन्होंने एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि यहां मैंने 'शांति' यानी नियमों, भरोसे और ईमानदारी के जरिए सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने-पर आधारित भारत के नजरिए को रेखांकित किया। जयशंकर ने कहा कि भारत की प्राथमिकताओं में ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करना और अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा पर उसकी चिंताओं को ध्यान में रखना। हमारे साझा भविष्य को तय करने में ग्लोबल साउथ को बड़ी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुधार गए बहुपक्षवाद को आगे बढ़ाना, इसे लोकतांत्रिक, प्रतिनिधित्वपूर्ण और असरदार बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत का नजरिया बातचीत, सहयोग और मतभेदों को दूर करने पर आधारित होगा। भविष्य के लिए तैयार शांति-रक्षा व्यवस्था, जो बेहतर संसाधनों से लैस हो, तकनीकी रूप से सक्षम हो, जिसके लक्ष्य यथार्थवादी हों और जो मुख्य उद्देश्यों पर केंद्रित हो। 'महिला, शांति और सुरक्षा' एजेंडा से प्रेरित होकर, हम हमेशा महिला शांति-रक्षकों की भूमिका का समर्थन करेंगे।

जयशंकर ने कहा कि भारत का नजरिया बातचीत, सहयोग और मतभेदों को दूर करने पर आधारित होगा। 'महिला, शांति और सुरक्षा' एजेंडा से प्रेरित होकर, हम हमेशा महिला शांति-रक्षकों की भूमिका का समर्थन करेंगे

ग्लोबल साउथ की शांति और सुरक्षा पर ध्यान देगा भारत

समुद्री व्यापार का सुरक्षित और निर्बाध प्रवाह बनाए रखेगा



## स्लोवाकिया ने यूएनएससी में भारत की दावेदारी के लिए जताया समर्थन


स्लोवाकिया के विदेश मंत्री जुराज ब्लानार और जयशंकर

स्लोवाकिया के विदेश और यूरोपीय मामलों के मंत्री जुराज ब्लानार ने न्यूयॉर्क में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने यूएनएससी में अस्थायी सदस्यता की भारत की उम्मीदवारी का समर्थन दोहराया। दोनों नेताओं ने भारत और स्लोवाकिया के बीच मजबूत होती रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की। उन्होंने स्लोवाकिया की वी4 अध्यक्षता, वी4+इंडिया प्रारूप की तैयारियों, प्रभावी बहुपक्षवाद, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार तथा वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर सहयोग सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## सुरक्षा और जनहित पर केंद्रित होगा एआई

जयशंकर ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समावेशिता, सुरक्षा और जनहित पर केंद्रित होगा। भारत इसके दुरुपयोग और अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए खतरों से निपटने के लिए भी उतने ही प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून, खासकर यूएनसीएलओएस के अनुसार एक स्वतंत्र, खुले और नियमों पर आधारित समुद्री व्यवस्था को बढ़ावा देना। समुद्री व्यापार का सुरक्षित और निर्बाध प्रवाह बनाए रखना, समुद्री डकैती का मुकाबला करना, नाविकों की सुरक्षा और एचएडीआर मिशनों को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता होगी।

## जयशंकर ने यूएन प्रमुख गुटेरेस से की मुलाकात, वैश्विक घटनाओं पर की चर्चा



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने दुनिया की अहम घटनाओं पर चर्चा की, जिसमें पश्चिम एशिया, यूक्रेन और सूडान में चल रहे संघर्ष शामिल थे। जयशंकर ने कहा कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के सेक्रेटरी जनरल एंटोनियो गुटेरेस से मिलकर खुशी हुई। वेस्ट एशिया, यूक्रेन और सूडान समेत दुनिया भर की घटनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही, भारत और संयुक्त राष्ट्र के बीच सहयोग की मजबूती को भी सराहा गया।

## भारत ने फिलिस्तीन की यूएन सदस्यता की मांग का किया समर्थन

भारत ने फिलिस्तीन की संयुक्त राष्ट्र में पूर्ण सदस्यता की मांग का फिर से समर्थन किया है। साथ ही, इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान के लिए 'दो-राष्ट्र समाधान' पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्रालय की सचिव श्रीप्रिया रंगनाथन ने ब्रुसेल्स में 'फिलिस्तीन डोनर ग्रुप' की मंत्री-स्तरीय बैठक में भारत का आधिकारिक रुख रखा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत फिलिस्तीन की यूएन पूर्ण सदस्यता का समर्थन करता है और अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर इजराइल और फिलिस्तीन दोनों देशों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का समर्थन करता है।

स्पेन दौरे पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

# व्यापार, निवेश सहित कई क्षेत्रों में साझेदारी और मजबूत करेंगे


जोर्डी हेरेउ बोहर और पीयूष गोयल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को आधिकारिक स्पेन दौरे की शुरुआत की। यात्रा के पहले दिन उन्होंने भारत-स्पेन आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से कई उच्च स्तरीय बैठकों में भाग लिया। दोनों देशों ने व्यापार, निवेश, नवाचार, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ाने के साथ-साथ नए आर्थिक अवसरों की तलाश पर जोर दिया। पीयूष गोयल ने स्पेन के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं अर्थव्यवस्था, व्यापार और व्यवसाय मंत्री कार्लोस कुएर्पो कैबालेरो से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत बनाने, बाजार पहुंच बढ़ाने, आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ करने तथा नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, उन्नत विनिर्माण, डिजिटल प्रौद्योगिकी, अवसंरचना और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

## भारत और स्पेन के राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे

### उद्योग और पर्यटन सहयोग पर हुई विस्तृत बातचीत

दोनों देशों ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर भी विचार-विमर्श किया तथा नए निवेश को बढ़ावा देने के लिए फास्ट ट्रैक तंत्र का प्रभावी उपयोग करने और इस वर्ष के अंत में भारत-स्पेन संयुक्त आयोग की बैठक आयोजित करने पर सहमति जताई। गोयल ने स्पेन के उद्योग एवं पर्यटन मंत्री जोर्डी हेरेउ बोहर से भी मुलाकात की। बैठक में सतत विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, गतिशीलता, उन्नत विनिर्माण, पर्यटन, ऑटोमोटिव, रेलवे और स्मार्ट बुनियादी ढांचे में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने 'मेक इन इंडिया' के तहत सी-295 कार्यक्रम को औद्योगिक साझेदारी का सफल उदाहरण बताया और वर्ष 2026 को भारत-स्पेन संस्कृति, पर्यटन एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्ष के रूप में मनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। बता दें, भारत और स्पेन अपने राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं और वर्ष 2026 को भारत-स्पेन द्विभाषी संस्कृति, पर्यटन एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्ष के रूप में मना रहे हैं।

## भारत में निवेश के लिए किया आमंत्रित

भारत-स्पेन व्यापार मंच में दोनों देशों के सरकारी अधिकारियों, उद्योगपतियों और व्यापारिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पीयूष गोयल ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए स्पेनिश कंपनियों को विनिर्माण, अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और नवाचार जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। गोयल ने स्पेन की व्यापार एवं निवेश प्रोत्साहन एजेंसी आईसीईएक्स के अधिकारियों से मुलाकात की।

### रूममेट ने सिल दिए महिला के होंठ, अरेस्ट



**टोक्यो।** जापान के इबाराकी में 49 साल की मसाए सकुराई पर आरोप है कि उसने अपनी ही रूममेट के होंठ सुई धागे से सिल दिए। मामले का खुलासा तब हुआ जब महिला अपनी जान बचाने के लिए किसी तरह रूम से निकलकर पास की एक दुकान तक पहुंची। दर्द से कराहती महिला ने अपनी आपबीती दुकानदार को लिखकर बताई। जिसके बाद दुकानदार ने पुलिस को फोन कर बुलाया। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़ित की रूममेट को गिरफ्तार कर लिया।

महाराष्ट्र एटीएस की जांच में खुलासा

# पाक गैंगस्टर भट्टी के संपर्क में थे पुणे के 66 लोग!, डिजिटल साक्ष्य जुटाए

एजेंसी ▶▶ पुणे

पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शहजाद भट्टी के नेटवर्क पर एटीएस ने सोमवार को पुणे जिले में बड़ा अभियान चलाया। एटीएस की टीमों ने शहजाद भट्टी के संपर्क में आए 66 लोगों से पूछताछ की। एटीएस ने बताया कि शुरुआती जांच में इन लोगों के सोशल मीडिया के जरिए शहजाद भट्टी के संपर्क में आने के संकेत मिले हैं। पूछताछ के दौरान संबंधित लोगों के मोबाइल फोन, सोशल मीडिया खाते, चैट, कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

## हाफिज सईद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी



**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले की चल रही जांच के सिलसिले में एनआईए अदालत ने पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। यह आदेश एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने 8 जुलाई को पारित किया। सईद को भारत और यूएस ने वैश्विक आतंकी घोषित किया है।

न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले का दावा

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए साल के अंत तक लागू, 1-2 साल में शुरू होंगी सीधी उड़ानें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने भरोसा जताया है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) इस साल के अंत तक लागू हो जाएगा।



उन्होंने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार को तेज गति देने के साथ ही अगले 1-2 साल में सीधी उड़ानों की शुरुआत का रास्ता भी तैयार करेगा। टॉड मैक्ले ने एफटीए को दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाई देने वाला पहला और सबसे अहम कदम बताया। उन्होंने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच एफटीए पर हस्ताक्षर करना हमारे द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हमने सिर्फ नौ महीनों में इस समझौते पर बातचीत पूरी कर ली। समझौते के लागू होते ही भारतीय निर्यातक न्यूजीलैंड को जीरो ड्यूटी पर सामान भेज सकेंगे। कृषि मशीनरी, ऑटोमोबाइल, केमिकल्स और कई सेवाओं में भारत से निर्यात बढ़ेगा। वहीं, न्यूजीलैंड के 90-95% निर्यात पर टैरिफ खत्म हो जाएगा।

# रक्षा मंत्री ने 'शौर्य विजय यात्रा' को किया रवाना


कारगिल के शहीदों को नमन

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** कारगिल विजय दिवस 2026 के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से लद्दाख के द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक तक आयोजित 13 दिवसीय 'शौर्य विजय यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा में सेवारत और सेवानिवृत्त रक्षा बलों के 28 बाइक सवार अपने परिवारों के साथ 1,900 किमी की दूरी तय कर 1999 के कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। यात्रा का आदर्श वाक्य 'एक सवारी, एक राष्ट्र, एक सलाम' रखा गया है। राजनाथ सिंह ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि 1999 की विजय भारत के उस अटूट संकल्प का प्रतीक है कि देश अपनी भूमि, पहचान और सम्मान पर किसी भी शत्रुतापूर्ण दुस्साहस का पूरी शक्ति से जवाब देगा। लगभग 20,000 फीट की ऊंचाई और माइनस 40 डिग्री सेल्सियस पर तिरंगे का गौरव रखा।

विदेश मंत्रालय के पूर्व अधिकारी का दावा

# अख्तर-आसिफ भारत में लाते थे ड्रग्स, कोच वूल्मर की मौत भी शायद इसी कारण हुई थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय के पूर्व अंडर सेक्रेटरी आरवीएस मणि ने दावा किया कि भारत दौरे पर आने वाली पाकिस्तान क्रिकेट टीम और उसके प्रतिनिधिमंडल के कुछ सदस्य कथित तौर पर ड्रग्स तस्करी में शामिल होते थे। उन्होंने इस गतिविधि के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का भी हाथ होने का आरोप लगाया। मणि ने कहा कि इस मामले की रिपोर्ट हुई थी कि शोएब अख्तर और मोहम्मद आसिफ, जो क्रिकेटर हैं, उन्होंने पाकिस्तानी हाई कमिश्नर के सामने खुद स्वीकार किया था कि वे ड्रग्स लेकर आए हैं। इसके बाद उन्हें वापस भेज दिया गया था।


शोएब अख्तर आसिफ मणि

## आतंकवाद की फंडिंग भी ड्रग्स तस्करी से

*मणि ने कहा कि शोएब-आसिफ की घटना के करीब छह महीने बाद पाकिस्तान टीम के इंग्लिश कोच बॉब वूल्मर, जो पाकिस्तानियों द्वारा ड्रग्स तस्करी का विरोध कर रहे थे, उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मणि ने कहा कि इन सभी डॉट्स को कनेक्ट किया जाना चाहिए और यह तय है कि पाकिस्तानी दल ड्रग्स लाते थे। उन्होंने कहा कि भारत में होने वाले लगभग 30 फीसदी आतंकी हमलों की फंडिंग ड्रग्स तस्करी से होती थी। भारत में ड्रग्स भेजना पाक की नीति रही है।*

# हर बाधा को पार करना ही 'ऑपरेशनल एक्सीलेंस' 'ऑब्सटेकल ट्रेनिंग' के बाद ही तैयार होते हैं अग्निवीर

*आज पार की गई हर बाधा कल के लिए एक योद्धा को मजबूत बना रही*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने अग्निवीरों को ट्रेनिंग देने की जानकारी साझा की है। भारतीय सेना ने कहा कि हर बाधा को पार करना ऑपरेशनल एक्सीलेंस (काम में बेहतरीन प्रदर्शन) की दिशा में एक कदम है। डोगरा रेजिमेंटल सेंटर में अग्निवीरों को कठिन बाधा-पार प्रशिक्षण (ऑब्सटेकल ट्रेनिंग) से गुजरना पड़ता है। इससे उनमें सहनशक्ति, फुर्ती, मानसिक मजबूती और दबाव में काम करने का आत्मविश्वास पैदा होता है। युद्ध के मैदान की शारीरिक और मानसिक चुनौतियों का अनुभव कराने के लिए डिजाइन की गई यह ट्रेनिंग तेजी से फैसला लेने, टीमवर्क और मुश्किल हालात में डटे रहने की क्षमता को बढ़ाती है।


ट्रेनिंग के दौरान बाधा पार करते अग्निवीर

## ट्रेनिंग युद्ध की हकीकत के करीब

सेना ने कहा कि हकीकत के करीब, चरणबद्ध और मिशन पर केंद्रित ट्रेनिंग के जरिए, युवा रंगरूटों को ऐसे आत्मविश्वासी और युद्ध के लिए तैयार सैनिकों में बदल रहा है, आज पार की गई हर बाधा कल के लिए एक योद्धा को और मजबूत बनाती है।

## मजबूत टीमवर्क जरूरी

*सेना ने बताया कि हर चरण में असली ऑपरेशन जैसे हालात में तेजी, तालमेल, सटीकता और मजबूत टीमवर्क की जरूरत थी। ऐसे में असल और मिशन पर केंद्रित ट्रेनिंग से तेजी से कार्रवाई करने की क्षमता मजबूत होती है और लड़ने की कुशलता बढ़ती है। इससे यह भी पक्का होता है कि भारतीय सेना के पैराट्रूपर्स किसी भी आपात स्थिति में तेजी और असरदार ढंग से कार्रवाई करने के लिए तैयार रहें। कड़ी ट्रेनिंग, सटीक हमला, मिशन पूरा करना।*

## आतंकवाद विरोधी मिशन का अभ्यास किया

वहीं, भारतीय सेना ने शत्रुजीत ब्रिगेड के पैराट्रूपर्स के 'स्पेशल हेलीबोर्न ऑपरेशन्स' के बारे में जानकारी दी। इसमें अग्निवीरों ने ज्यादा जोखिम वाले आतंकवाद-विरोधी मिशनों के लिए अपनी ऑपरेशनल तैयारी को बेहतर बनाने के मकसद से, शहरी इलाके में बंधकों को छुड़ाने जैसे मुश्किल हालात का अभ्यास किया। इस अभ्यास में टैक्टिकल हेलीकॉप्टर इंसर्शन (जैसे स्लिदरिंग, एसटीआईई और लो-होवर डिल) के जरिए जमीन और हवा के बीच बेहतरीन तालमेल दिखाया गया। इसके बाद छत पर सटीक तरीके से उतरने और कमरे के अंदर तेजी से और सटीक कार्रवाई (सीक्यूबी) करने का अभ्यास किया गया।

**शहर के बदमाशों में नहीं दिख रहा पुलिस का डर, छोटे से छोटे विवादों में हथियारों से कर रहे हमला**

# भोपाल में बढ़ा अपराधों का ग्राफ... 24 घंटे में चार जगह हुई चाकूबाजी आधा दर्जन लोग गंभीर घायल; शहर की कानून-व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में बीते 24 घंटे के दौरान चाकूबाजी की चार अलग-अलग घटनाओं में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई इन वारदातों ने शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। राजधानी के बदमाशों में पुलिस का डर खत्म होने के कारण छोटे से छोटे विवादों में भी हथियारों से जानलेवा हमला कर रहे हैं। वहीं ठोस कार्रवाई नहीं होने से लगातार आपराधिक मामले बढ़ते जा रहे हैं। इधर, पुलिस सिर्फ मामला दर्ज कर जांच के नाम पर खानापूर्ति ही कर रही है, जिससे लोगों में पुलिस कार्रवाई से विश्वास उठता जा रहा है। पुलिस ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सभी घटनाओं के पीछे अलग-अलग कारण रहे हैं।

**पुलिस सिर्फ मामला दर्ज कर जांच के नाम पर कर रही खानापूर्ति**

**ठोस कार्रवाई नहीं होने से लगातार बढ़ते जा रहे आपराधिक मामले**

**पुलिस ने चारों वारदात में लिप्त आरोपियों को नहीं कर सकी अरेस्ट**



### जेल से छूटे बदमाश ने पड़ोसी पर किया हमला

*छोला मंदिर थाना क्षेत्र के शिव नगर में रविवार रात 52 वर्षीय सोहन लाल पर उनके बड़े भाई प्रताप ने चाकू से हमला कर दिया। बताया गया कि सोहन लाल लाइट डेकोरेशन का काम करते हैं। घटना के समय वह भोजन कर रहे थे। इसी दौरान उनका भाई वहां पहुंचा और पुराने विवाद को लेकर झगड़ा करने लगा। आरोप है कि उसने चाकू निकालकर सोहन लाल के सिर पर वार कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी करीब दो महीने पहले ही जेल से छूटा था।*

### ऑटो चालक के पेट में घोंपा चाकू

छोला मंदिर क्षेत्र के भानपुर ब्रिज के पास 34 वर्षीय ऑटो चालक शाहरुख खान पर भी चाकू से हमला किया गया। शाहरुख रविवार रात अयोध्या नगर क्षेत्र से लौट रहा था। रास्ते में आरोपी आफाक ने उसे रोककर आरोप लगाया कि वह उसके दुश्मनों का साथ दे रहा है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और आरोपी ने शाहरुख के पेट में चाकू घोंप दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### फुटबॉल को लेकर विवाद, मां-बेटी समेत परिवार पर हमला

गौतम नगर थाना क्षेत्र की रिसालदार कॉलोनी में फुटबॉल खेलने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। शिकायतकर्ता वसीम के अनुसार, बच्चों की फुटबॉल पड़ोसी की कार से टकरा गई थी। इसी बात पर विवाद हुआ। रात में पड़ोसी मेहताब खान अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर पहुंचा और वसीम, उसकी बुजुर्ग मां फरजाना, बहन समीना तथा भतीजे आमिर पर हमला कर दिया। इस दौरान आमिर के पैर में चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बैरागढ़ में कपड़ा कारोबारी पर जानलेवा हमला

बैरागढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर दो बदमाशों ने 45 वर्षीय कपड़ा कारोबारी नीरज जिनयानी पर चाकू से हमला कर दिया। घटना सेवा सदन के पीछे उनके घर के सामने हुई। उस समय नीरज अपनी मोपेड पर बैठे थे। हमलावरों ने एक के बाद एक दो वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। चाकू उनकी पीठ में धंस गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश या लेन-देन के विवाद की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने चारों मामलों में अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं और घटनाओं के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। लगातार हो रही चाकूबाजी की घटनाओं से शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है।

---

## खबर संक्षेप



### वेयर हाउस के पास गंदगी फैलने से किसान परेशान

**औबेदुल्लागंज।** ग्राम हिरानियां के पास स्थित वेयरहाउस के पास गंदगी और रोड पर गंदा पानी बहने से वहां आने वाले किसानों को काफी परेशानी हो रही है। बेयरहाउस के प्रबंधक राणा ने नगर पालिका कार्यालय औबेदुल्लागंज में लिखित शिकायत भी की है, लेकिन आज तक उसका समाधान नहीं हुआ। यहां हिरानिया गांव का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है।

### जनपद के सीईओ कटारे बने डिप्टी कमिश्नर



**औबेदुल्लागंज।** जनपद के सीईओ निखिलेश कटारे का डिप्टी कमिश्नर के पद प्रमोशन हो गया। औबेदुल्लागंज ब्लॉक में अधिकतर अधिकारियों का प्रमोशन हुआ है। वन मंडल औबेदुल्लागंज में पांच रेंजरों के तवादले होने से वन मंडल सुना हो गया है। वहीं एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव का डिप्टी कलेक्टर के पद पर प्रमोशन हुआ।

### व्यापार महासंघ के मनोज का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के मनोज मेघानी का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर सिंधी समाज के अध्यक्ष रमेश वासवानी, व्यापार संघ के उपाध्यक्ष विवेक मित्तल, सचिव प्रदीप अरोरा, रतन मेघानी, दिनेश सेन, आशीष दीक्षित, अमित राय आदि उपस्थित रहे।

### एयरपोर्ट परिसर में किया पौधरोपण



**संतनगर।** कल्याणमयी, भोपाल शाखा के सौजन्य से विमानतल परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष, कल्याणमयी प्रियंका त्रिपाठी, विमानपत्तन निदेशक आलोक त्रिपाठी, कल्याणमयी भोपाल शाखा के सदस्य तथा भाविप्रा सहित अन्य लोग शामिल हुए।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2749 | | |
| दिन: | 677 | 01 | 678 |
| रात: | 125 | 82 | 390 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 789 | 42 | 237 |
| रात: | 459 | 81 | 119 |

---

### ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र के गोलखेड़ी गांव के पास हुआ हादसा

# तेज रफ्तार यात्री बस ने बाइक सवार युवक को कुचला, हुई दर्दनाक मौत

**सोमवार को बंटी पत्नी रेनू और दो बच्चों को लेकर बाइक से गुना जाने के लिए निकला था**

1. पत्नी-बच्चों को उतारकर पेट्रोल लेने के लिए मुड़ा तभी तेज रफ्तार यात्री बस ने मारी टक्कर
2. पुलिस ने टक्कर मारने वाले बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी इलाके में सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार यात्रीबस ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से पहले युवक ने अपनी पत्नी और बच्चों को बाइक से उतार दिया था। उसके बाद वह पेट्रोल भरवाने पंप पर जा रहा था, तभी बस ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। टक्कर मारने वाले बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार बंटी कलावत (34) थाना जामनेर जिला गुना का रहने वाला था। पिछले दिनों वह अपनी पत्नी रेनू कलावत के साथ भोपाल स्थित ससुराल आया था। सोमवार को बंटी अपनी पत्नी रेनू और दो बच्चों को लेकर बाइक से गुना जाने के लिए निकला था।

### राहगीरों ने एंबुलेंस से पहुंचाया अस्पताल



सुबह करीब ग्यारह बजे उसने गोलखेड़ी गांव के पास पत्नी और बच्चों को बाइक से उतारकर सड़क किनारे खड़ा किया और बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए वापस मुड़कर पंप की तरफ जाने लगा। इस दौरान भोपाल की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार बस के चालक ने बंटी की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची प्राइवेट एंबुलेंस की मदद से घायल बंटी को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। बाद में पत्नी रेनू के बयान के बाद पुलिस ने टक्कर मारने वाले बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### सगे भाई ने डंडों से हमला कर भाई को मार डाला

**औबेदुल्लागंज।** दुर्गा प्रसाद और उसके सागे भाई नारायण का गांव के पास स्थित खेत जोतने को लेकर गत दिनों विवाद हो गया। विवाद के दौरान दुर्गा प्रसाद पर नारायण ने डंडों से हमला कर दिया, जिसमें दुर्गा प्रसाद को गंभीर चोट आई थी। गंभीर हालत में दुर्गा प्रसाद को एम्स पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। मृतक दुर्गा प्रसाद के दो पुत्र हैं, अजय और अखिलेश। उन्हें भी गंभीर चोट आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इधर, गौहरगंज टीआई परमार ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर हुए झगड़े में अरोपी नारायण को गिरफ्तार कर लिया गया है। नारायण मृतक का सगा भाई है, पुलिस जांच कर रही है।

### मासूम के अपहरण के प्रयास का मामला

## आरोपी के परिजन ने किया चक्काजाम, बोले- बेगुनाह को फंसाया जा रहा, निष्पक्ष जांच हो



**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र के बागमुगालिया इलाके में सवा साल के मासूम के कथित अपहरण के प्रयास के मामले में नया मोड़ आ गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसके परिजनों ने सड़क पर चक्काजाम कर पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। उनका कहना है कि अरुण भील बेगुनाह है और उसे झूठे मामले में फंसाया जा रहा है। आरोपी के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने मामले की निष्पक्ष जांच किए बिना एकतरफा कार्रवाई की है। उनका कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच कर प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाए। चक्काजाम के दौरान परिजनों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं, बागसेवनिया थाना पुलिस ने पूरी कार्रवाई करके जेल भेज दिया।

■ बागसेवनिया थाना क्षेत्र का मामला

### शपथ ग्रहण समारोह आज

# पूज्य सिंधी पंचायत टीम में 12 में से 6 नए चेहरे लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



शेरू रीझवानी



राऊ वाधवानी



राकेश शेवानी



अमित राजानी



पुरुषोत्तम हरचंदानी



किशोर साधवानी

उपनगर की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के लोकतंत्र पद्धति से हुए निर्वाचन में इस बार 6 नए चेहरे शामिल हुए हैं। इसके पहले पंचायत में 10 पदाधिकारी हुआ कर थे, लेकिन इस बार दो पद बढ़ा दिए गए हैं, जबकि दो पदाधिकारियों का स्वर्गवास हो गया है। इस चुनाव में दो पुराने पदाधिकारी चुनाव हार गए और इस तरह पंचायत की नई टीम में 6 नए चेहरे होगें। सभी 12 पदाधिकारियों का पद ग्रहण शपथ समारोह बुधवार को आयोजित किया गया है।

सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर के त्रिवार्षिक चुनाव 21 जून को संपन्न हुए थे। नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह 15 जुलाई दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी हाल में रखा गया है जिसमें अध्यक्ष पद के लिए माधु चांदवानी, तीन उपाध्यक्ष पद के लिए ओमप्रकाश शेरू रीझवानी, भरत आसवानी, गुलाब जेठानी, महासचिव पद के लिए राजकुमार राऊ वाधवानी, दो सचिव पद के लिए हरीश मेहरचंदानी, जेठानंद मांगतानी, दो सहसचिव पद के लिए किशोर साधवानी, माधवदास पारदासानी, कोषाध्यक्ष पद के लिए राकेश शेवानी, सहकोषाध्यक्ष पद के लिए अमित राजानी एवं ऑडिटर पद के लिए पुरुषोत्तम हरचंदानी शपथ लेंगे । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, अध्यक्षता के रूप में गोविंद गोयल, विशेष अतिथि के रूप में हीरो ज्ञानचंदानी, सुशील वासवानी, कर्नल श्री नारायण पारवानी, पार्षद राजेश हिंगोरानी, पार्षद अशोक मारन उपस्थित रहेंगे। चुनाव अधिकारी बसंत चेलानी एवं सह चुनाव अधिकारी धर्मप्रकाश मोटवानी एवं आयलदास साधवानी ने नगर के सभी गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

---

## बिजली कर्मचारी से मारपीट, पांच आरोपियों पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गुना वृत्त अंतर्गत कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी के साथ अभद्रता और मारपीट करने वाले पांच आरोपियों के विरुद्ध थाना फतेहगढ़ में एफआईआर दर्ज कराई गई है। कंपनी के गुना वृत्त अंतर्गत 13 जुलाई शाम पांच बजे आउटसोर्स कर्मचारी नरेश कुमार लोधी द्वारा ग्राम पाठी में लाइन सुधार का कार्य पूर्ण किया जा रहा था। इस दौरान ग्राम पाठी फतेहगढ़ निवासी रघुवीर नागर, शिवराज नागर, रमेश उर्फ मिंटू नागर, सोनू नागर एवं रामदयाल धाकड़ द्वारा बिजली कर्मी के साथ गाली-गलौज और हमला कर मारपीट की गई। इस हमले में लाइन कर्मचारी नरेश कुमार लोधी को कंधे, हाथ और गर्दन पर गंभीर चोटें पहुंची हैं। घटना के बाद आउटसोर्स कर्मचारी नरेश कुमार लोधी की शिकायत पर थाना फतेहगढ़ में आरोपियों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

**अधूरी निर्माण परियोजना और सरकारी धन का हो रहा दुरुपयोग**

## नगर पंचायत में दुकानों के नाम पर की जा रही चंदा वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के दौरान लगभग एक वर्ष पहले दर्जनों दुकानों को तोड़ा गया था। प्रभावित दुकानदारों का कहना है कि एक साल बीत जाने के बाद भी नई दुकानों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है, जिससे उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है।

इसी बीच नगर में यह भी चर्चा है कि एक स्थानीय नेता द्वारा दुकानों के आवंटन के नाम पर दो-दो लाख रुपए मांगे जा रहे हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि प्रस्तावित दुकानें स्थाई होंगी या अस्थायी, पक्की होंगी या कच्ची। इस संबंध में नगर पंचायत की ओर से कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई है।

### दुकानों का आवंटन केवल नियमानुसार

नगर पंचायत सीएमओ का कहना है कि दुकानों का आवंटन केवल नियमानुसार और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत ही किया जाएगा, किसी भी प्रकार का नियम-विरुद्ध कार्य नहीं किया जाएगा। मामले को लेकर एक और गंभीर सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि नगर पंचायत द्वारा जिस स्थान पर पक्की दुकानों का निर्माण कराया गया है, उस भूमि का विधिवत भू-आवंटन अभी तक नहीं हुआ है। इसके बावजूद दुकानों का निर्माण कर छत तक डाल दी गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इससे सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है।

### मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग

जानकारी के अनुसार, संबंधित निर्माण कार्य पिछले लगभग आठ महीनों से बंद पड़ा है, जबकि ठेकेदार को भुगतान किए जाने की भी चर्चा है। ऐसे में अधूरी परियोजना और निर्माण कार्य रुकने के कारण कई सवाल खड़े हो रहे हैं। नगरवासियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, कथित अवैध वसूली के आरोपों की सत्यता सामने लाने, निर्माण कार्य की स्थिति स्पष्ट करने तथा प्रभावित दुकानदारों को शीघ्र नियमानुसार दुकानें उपलब्ध कराने की मांग की है।

## ऑनलाइन निवेश के नाम पर सात लाख ठगे, दो मामले दर्ज

**भोपाल।** राजधानी के कोतवाली थाना क्षेत्र में ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी के दो मामले सामने आए हैं। साइबर ठगों ने अधिक मुनाफे का झांसा देकर दो लोगों से करीब सात लाख रुपए ठग लिए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पहले मामले में सराफा चौक निवासी शुभम नामदेव ने पुलिस को बताया कि ठगों ने उन्हें निवेश पर अधिक लाभ का लालच दिया। झांसे में आकर उन्होंने 1.50 लाख रुपए जमा कर दिए। बाद में जब उन्होंने राशि वापस मांगी तो आरोपियों ने मोबाइल बंद कर लिया और संपर्क खत्म कर दिया। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों में बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और ऑनलाइन लेनदेन की जांच की जा रही है।

### बैंगलुरु में आयोजित सम्मेलन में किया सम्मानित

## सेवा सदन को मिला 'इनोवेटिव आई केयर प्रैक्टिसेज' अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं और नवाचार आधारित कार्यप्रणाली के लिए सम्मानित हुआ है। बैंगलुरु में आयोजित विज़न-2020 राईट टु साईट के 20वें वार्षिक सम्मेलन में चिकित्सालय को 'अभिनव नेत्र सुरक्षा प्रणाली' श्रेणी में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

यह सम्मान देशभर में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में गुणवत्ता, नवाचार, मरीज-केंद्रित सेवाओं और सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति उत्कृष्ट योगदान देने वाली चुनिंदा संस्थाओं को दिया जाता है। इस वर्ष विज़न-2020 इण्डिया के वार्षिक सम्मेलन का विषय 'इनोवेटिव आई केयर प्रेक्टिसिस' था। सम्मेलन में देशभर के प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञ, अस्पताल प्रशासक, शोधकर्ता, लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञ तथा आई केयर प्रोफेशनल्स शामिल हुए। कार्यक्रम में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में नई तकनीकों, उपचार प्रणाली आदि पर चर्चा हुई।

---

### पार्षदों से एकजुट होकर कार्य करने की अपील

## उपाध्यक्ष प्रतिनिधि की पार्षदों के साथ बैठक, विकास कार्यों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बागिश अग्रवाल ने कुछ पार्षदों के साथ बैठक की। बैठक में नगर परिषद के कार्यों एवं विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में नगर परिषद में अनियमितताओं को लेकर लोकायुक्त एवं ईडी जैसी एजेंसियों में शिकायत करने की संभावना पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में शामिल पार्षदों ने नगर के विकास कार्यों को गति देने के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। उनका कहना था कि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर नगरहित में सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए। बैठक में पार्षद रामेश्वर नागर, अनूप चौधरी, शंकर इरपाचे तथा भाजपा के पूर्व महामंत्री एवं मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी के करीबी मनोज चौरसिया भी उपस्थित रहे।

### गृह विभाग ने लोक सेवा पदोन्नति नियमों के तहत जारी किए आदेश

# मध्यप्रदेश पुलिस महकमे में बड़े फेरबदल, 374 निरीक्षक बने डीएसपी, 12 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस महकमे में बड़े स्तर पर पदोन्नति और तबादले किए गए हैं। गृह विभाग ने लोक सेवा पदोन्नति नियमों के तहत 374 निरीक्षकों को उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) पद पर पदोन्नत करने के आदेश जारी किए हैं। वहीं राज्य शासन ने 12 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) स्तर के अधिकारियों के तबादले भी किए हैं।

इन तबादलों में रीवा, विदिशा, शिवपुरी, सीहोर और उज्जैन सहित कई जिलों के अधिकारी प्रभावित हुए हैं। गृह विभाग के आदेश के अनुसार पदोन्नत अधिकारियों में 261 पुलिस निरीक्षक उप पुलिस अधीक्षक बनाए गए हैं। इसके अलावा विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के 54 निरीक्षकों को कंपनी कमांडर के पद पर पदोन्नति दी गई है। वहीं 30 रक्षित निरीक्षक, दो रेडियो निरीक्षक, 16 विशेष शाखा निरीक्षक, दो निरीक्षक (आर्म्स), दो अंगुली चिन्ह निरीक्षक, दो शीघ्रलेखक कार्यालय अधीक्षक संवर्ग, दो निरीक्षण कार्यालय अधीक्षक संवर्ग, एक फोटो संवर्ग निरीक्षक तथा दो क्यूडी संवर्ग के निरीक्षक भी पदोन्नत होकर डीएसपी बने हैं। गृह विभाग ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे एक माह के भीतर वेतन निर्धारण संबंधी विकल्प अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

**एक माह के भीतर वेतन निर्धारण संबंधी विकल्प प्रस्तुत करना होगा**



### जिन पुलिस कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं हुई वे अब कार्यवाहक के रूप में संभालेंगे कार्य

इधर, पुलिस मुख्यालय ने कार्यवाहक उच्च पद प्रभार को लेकर भी अलग आदेश जारी किया है। विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) आदर्श कटियार द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जो अधिकारी नियमित पदोन्नति प्राप्त नहीं कर सके हैं, वे फिलहाल कार्यवाहक उच्च पद पर पूर्ववत कार्य करते रहेंगे। हालांकि उन्हें उस उच्च पद की वरिष्ठता या वेतनमान का दावा नहीं मिलेगा। कार्यवाहक पद पर रहने के दौरान वे संबंधित उच्च पद की वर्दी धारण कर सकेंगे। पुलिस मुख्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि नियमित पदोन्नति के बाद भी जिन अधिकारियों को पदोन्नति नहीं मिली है और वे कार्यवाहक व्यवस्था में उच्च पद पर कार्यरत हैं, वे आगामी आदेश तक उसी व्यवस्था में अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहेंगे। इसके साथ ही राज्य शासन ने 12 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के तबादले भी किए हैं, जिनमें रीवा, विदिशा, शिवपुरी, सीहोर और उज्जैन सहित विभिन्न जिलों में नई पदस्थापनाएं की गई हैं। यह प्रशासनिक फेरबदल पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साधा निशाना, कहा- यूसीसी पर रुख स्पष्ट करे कांग्रेस

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समिति द्वारा मुझे यूसीसी की रिपोर्ट सौंप दी गई है। अब कांग्रेस को भी इस विषय पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। चाहे यूसीसी का मुद्दा हो या भोजशाला का, कांग्रेस हर विषय को केवल हिंदू-मुस्लिम और वोट बैंक की राजनीति के नजरिए से देखती है।

उन्होंने कहा कि सकारात्मक बात यह है कि सभी धर्मों के नागरिकों ने यूसीसी पर अपने विचार खुलकर और स्पष्ट रूप से रखे हैं, लेकिन कांग्रेस ने अब तक अपना स्पष्ट रुख सामने नहीं रखा है। डॉ. यादव विधानसभा परिसर में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व कैलाश जोशी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्पार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे।

## हर विषय को हिंदू-मुस्लिम, वोट बैंक के नजरिए से देखती है कांग्रेस

## पूर्व मुख्यमंत्री ने स्व. जोशी की जयंती पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

### सीएम ने प्रतिवेदन के लिए समिति को दिया धन्यवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समय-सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर समिति के सदस्य प्रो गोपाल शर्मा, बुधपाल सिंह, शोभा पैठणकर और समिति के सदस्य सचिव अजय कटेसरिया उपस्थित थे। डॉ. यादव को सौंपे गए प्रतिवेदन में समिति की रिपोर्ट 3 खण्डों में संकलित है। पहले खंड में समिति की अनुशंसाओं का प्रतिवेदन है और इसमें समिति ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य के विभिन्न विधियों एवं प्रथाओं का विश्लेषण कर अपनी अनुशंसाएं प्रतिवेदित की है। इस खंड में 10 अध्याय है।


स्व कैलाश जोशी को पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव, विस अध्यक्ष तोमर व मंत्री पटेल।

### स्व. जोशी के किए गए कार्य हमारे लिए आदर्श

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व कैलाश जोशी का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि वे कुशल संगठनकर्ता और समाजसेवी थे। उन्होंने 1962 में बागली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर अपनी राजनीतिक यात्रा प्रारंभ की। जोशी ने पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सहित अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का कुशलता से निर्वाहन किया। उनका जीवन सादगी, शुचिता, जनसेवा और नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। प्रदेश के विकास और जनकल्याण के प्रति उनका अमूल्य योगदान सदैव प्रेरणादायी और स्मरणीय रहेगा। राज्य सरकार उनके दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ रही है। पुष्पांजलि कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, पूर्व मुख्यमंत्री स्व जोशी के पुत्र एवं पूर्व मंत्री दीपक जोशी सहित परिजन उपस्थित थे।

### अजजा को यूसीसी से बाहर रखने की अनुशंसा

प्रतिवेदन का दूसरा खंड विधेयक के प्रारूप के रूप में है। समिति द्वारा प्रस्तावित विधेयक के प्रारूप को मध्यप्रदेश में प्रचलित विधियों एवं नियमों के दृष्टिगत तैयार किया गया है। प्रस्तावित विधेयक के 4 भाग, 404 धाराएं एवं 7 अनुसूचियां है। तीसरे खंड में जन परामर्श प्रतिवेदन है, जिसमें समिति द्वारा जिला स्तर, राज्य स्तर एवं वेबसाइट के माध्यम से किए गए व्यापक जन-परामर्श का विवरण है। समिति को 9.58 लाख से अधिक परामर्श प्राप्त हुए थे। उनका प्रश्नवार, लिंगवार एवं समुदायवार विश्लेषण इस खंड में शामिल है। समिति ने अनुसूचित जनजातियों को समान नागरिक संहिता से बाहर रखने की अनुशंसा की है।

---

कुछ मंत्रियों ने भी इस पर विरोध दर्ज कराया, इसके बाद मामला कैबिनेट में डिफर हो गया

# जहां डॉक्टर नहीं हैं, पहले वहां डॉक्टरों की भर्ती इसके बाद ही दूसरे अस्पतालों का उन्नयन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मौजूदा समय में सैकड़ों ऐसे छोटे-बड़े अस्पताल, जहां डॉक्टरों की बेहद कमी कोशिशों के बाद भी खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं मिल रहे चिकित्सक

कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को अस्पतालों के उन्नयन, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम समेत तीन मुद्दों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंजूरी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल तो बन जाते हैं, पर डॉक्टरों की कमी की वजह से वह संचालित नहीं हो पाते। प्रदेश में ऐसे तमाम स्वास्थ्य केंद्र हैं, जहां एक भी डॉक्टर नहीं हैं।

पहले उन अस्पतालों में डॉक्टरों की भर्ती कराएं, इसके बाद ही उन्नयन के बारे में चर्चा करें। स्वास्थ्य विभाग में 73 उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन करने का मुद्दा मंजूरी के लिए रखा गया था। किंतु मुख्यमंत्री व कुछ मंत्रियों के सवालों की वजह से नामंजूर (डिफर) हो गया। दरअसल, मौजूदा समय में सैकड़ों ऐसे छोटे-बड़े अस्पताल हैं, जहां डॉक्टरों की बेहद कमी है। तमाम कोशिश के बाद भी खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टर नहीं मिल रहे हैं।


कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से चर्चा करते सीएम डॉ. मोहन।

### 73 अस्पतालों के उन्नयन का रखा था प्रस्ताव

इसके बावजूद कैबिनेट में 73 अस्पतालों के उन्नयन का मुद्दा रखा गया। बताते हैं कि मंजूरी मिलने पर इन सभी अस्पतालों में उपकरणों के साथ ही टेक्निशियन से लेकर अन्य पदों पर भर्ती की जाती। इसके लिए 1600 डॉक्टरों की मांग रखी गई। इस पर कुछ मंत्रियों ने कहा कि डॉक्टरों की कमी प्रदेश भर में हैं। ऐसे में अस्पतालों के उन्नयन से एक और बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने भी कहा कि पहले जिन अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, वहां डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए, इसके बाद ही उन्नयन हो। एक उदाहरण यह भी दिया गया कि राजगढ़ के खिलचीपुर के पास एक अस्पताल में बडे.पैमाने पर फर्जीवाड़ा हुआ है। कई अस्पतालों में इसी तरह की समस्या आ रही है। इसीतरह पीडब्ल्यूडी के राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम में कई खामियां पाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतने कठिन भाषा को पहले सरल हिंदी में करें। इसके बाद इसे दोबारों से रखे। इसके अलावा एक अन्य मुद्दे पर भी सहमति नहीं बनने की वजह से वह भी डिफर हो गया। जबकि प्रथम अनुपूरक बजट करीब 7 हजार करोड़ रुपए का मंजूर हुआ है। इसे विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा।

**जन-कल्याण के लिए 10 हजार 800 करोड़ के प्रस्तावों को मंजूरी**

### नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास के लिए 8 हजार 445 करोड़ रुपए की स्वीकृति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। कैबिनेट की बैठक में मध्यप्रदेश के बुनियादी ढांचे और जन-कल्याण के लिए 10 हजार 800 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। राज्य सरकार ने शहरों के कायाकल्प के लिए नगरीय अधोसंरचना विकास मद में 8 हजार 445 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसके साथ ही कैबिनेट ने किसानों के हित में मूंग उपार्जन के लिए 1,587 करोड़ रुपए की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए कुण्डलिया परियोजना को निरंतर रखने जैसे कई दूरगामी और ऐतिहासिक निर्णयों पर मुहर लगाई है।

#### निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने का निर्णय

रबी वर्ष 2023-24 विपणन वर्ष 2024-25 में भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत लक्ष्य से अधिक उपार्जित मूंग के लिए 1,587 करोड़ रुपए की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया है। पंजाब नेशनल बैंक से ली गई साख सीमा में 19 जुलाई 2026 से 18 जनवरी 2027 तक 6 माह के लिए शेष राशि 396 करोड़ की निःशुल्क प्रत्याभूति उपलब्ध कराई जाएगी।

#### नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास के लिए करोड़ों मंजूर

कैबिनेट ने वाणिज्य कर विभाग के तहत पालिका अधिनियम के तहत पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क के अधिभार से प्राप्त राशि का निधि में अंतरण से संबंधित योजना के आगामी 5 वर्षों तक संचालन के लिए 8 हजार 445 करोड़ की स्वीकृति दी है। मुद्रांक शुल्क के साथ मप्र ननि अतिरिक्त शुल्क के रूप में उद्ग्रहीत राशि को नगरीय विकास विभाग को अंतरित किया है।

---

### नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति गिरोह के विरुद्ध करें कड़ी कार्रवाई

**सीएम ने नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जागरुकता अभियान की प्रचार सामग्री का किया विमोचन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जागरूकता अभियान' ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत समाज को जागृत करने का कार्य किया है। नशे का कोई भी प्रकार एक व्यक्ति और समाज को नष्ट करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रवीन्द्र भवन में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान की पूर्व संध्या पर आयोजित शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त मप्र बनाने और नशा न करने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में नशे की कई प्रकार की चुनौतियां हैं। हमारी सरकार ने नशा मुक्त मध्यप्रदेश बनाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए 19 धार्मिक स्थलों के आसपास नशा और शराबबंदी लागू की है। नशा मुक्ति अभियान में धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं भी भूमिका निभा रही हैं। पहले कहा जाता था कि अगर किसी को बर्बाद करना है तो उसे नशे की लत लगा दो, पूरा परिवार खत्म हो जाएगा।

#### नशे के कारोबार के खिलाफ नरमी छोड़ें और सख्ती से पेश आएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ नरमी छोड़ें और सख्ती से पेश आएं। नशे के खिलाफ ऐसी कार्रवाई हो, जो नजीर बन जाए। राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। स्कूल और कॉलेजों में नशा मुक्ति के लिए कोर्स भी शुरू किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिक महानिदेशक कैलाश मकवाणा की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मकवाणा के परिवार में आई दुःख की घड़ी में हम सभी साथ हैं। मुख्यमंत्री ने नशे के विरूद्ध अभियान को सफल बनाने के लिए विभागों के समन्वय की सराहना की। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

---

20 से शुरू होगा मप्र विस का मानसून सत्र

### सार्थक संवाद, अनुशासन रहेगा प्राथमिकताः तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने पत्रकारों से चर्चा कतरे हुए कहा कि सदन की कार्यवाही अनुशासन, मर्यादा और सार्थक संवाद के साथ संचालित करने का प्रयास रहेगा।

उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी दल लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करते हुए जनता के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा की पहचान हमेशा अनुशासित और मर्यादित सदन के रूप में रही है। उनकी कोशिश रहेगी कि सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर मिले। हालांकि सदन के समय की सीमाएं होती हैं, इसलिए उसी के अनुरूप सभी को बोलने का समय दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार के सत्र में अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया जाएगा।


पत्रकारों को संबोधित करते तोमर।

प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे होगी डे-टू-डे सुनवाई

### ओबीसी आरक्षणः आज से रोजाना बैठेगी हाई कोर्ट की स्पेशल बेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से जुड़े बहुचर्चित मामले की सुनवाई मंगलवार को नहीं हो सकी। प्रशासनिक कारणों से सूचीबद्ध हुए प्रकरणों पर अब 15 जुलाई से प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे हाई कोर्ट की विशेष पीठ नियमित रूप से सुनवाई करेगी।

इस संबंध में हाई कोर्ट ने आदेश जारी कर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डे-टू-डे सुनवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं। हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच क्रमांक-दो में जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस विनय सराफ के समक्ष ओबीसी आरक्षण से संबंधित 91 याचिकाएं सूचीबद्ध थीं। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने न्यायालय को बताया कि मामले सोमवार की सूची में क्रमांक-16 पर लगे हैं, जबकि दोपहर 2:30 बजे से संबंधित बैंच उपलब्ध नहीं रहेगा। इस पर न्यायालय को अवगत कराया गया कि इन प्रकरणों की सुनवाई मूल रूप से 15 जुलाई से निर्धारित थी तथा लगातार (डे-टू-डे) सुनवाई के आदेश पहले से प्रभावी हैं। प्रशासनिक कारणों से ये मामले त्रुटिवश 14 जुलाई की सूची में शामिल हो गए थे।

कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले किसान होंगे सम्मानित

### मुख्यमंत्री इंदौर में करेंगे बलराम कृषि महोत्सव-2026 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को इंदौर में बलराम कृषि महोत्सव-2026 का शुभारंभ करेंगे। वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी परिसर इंदौर में हो रहा है।

महोत्सव में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीजों, नवीन कृषि यंत्रों, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण तथा शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी, जिससे खेती अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं समृद्ध बन सके। महोत्सव में कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले उत्कृष्ट किसानों का सम्मान भी किया जाएगा। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरण, कृषि यंत्रों एवं उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन तथा किसानों को तकनीकी साहित्य भी उपलब्ध कराया जाएगा। महोत्सव में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, कृषि अभियांत्रिकी तथा अन्य संबंधित विभागों की ओर से आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। किसानों को विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों से सीधे संवाद का और अपनी समस्याओं के समाधान का अवसर मिलेगा। साथ ही उन्हें नवीन तकनीकों एवं बाजार आधारित कृषि मॉडल की जानकारी भी मिलेगी। महोत्सव में किसानों को डिजिटल कृषि सेवाओं, ऑनलाइन कृषि परामर्श, मौसम आधारित खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, ड्रोन तकनीक, स्मार्ट सिंचाई, उन्नत कृषि यंत्रों तथा आधुनिक कृषि प्रबंधन प्रणालियों की जानकारी भी दी जाएगी। विशेषज्ञ किसानों को बदलती जलवायु के अनुरूप खेती की नई पद्धतियों एवं जोखिम प्रबंधन के उपायों से भी अवगत कराया जाएगा।

#### मुख्यमंत्री आज इंदौर से करेंगे आबू धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा का शुभारंभ

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 15 जुलाई को इंदौर में मध्यप्रदेश नागरिक विमानन नीति-2025 से वित्त पोषित प्रदेश की पहली अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा इंदौर से आबू धाबी का शुभारंभ करेंगे। यह उड़ान प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी आबू धाबी से सीधे जोड़ेगी। टाटा समूह की विमानन इकाई एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित यह सेवा सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेगी। मालवा-निमाड़ की बड़ी आबादी को मिलेगा लाभ इंदौर से आबू धाबी हवाई सेवा प्रारंभ होने से मालवा-निमाड़ क्षेत्र की बड़ी आबादी को लाभ मिलेगा। वर्तमान में यात्रियों को दिल्ली अथवा मुंबई के माध्यम से यात्रा करनी पड़ती है, जिससे लगभग 7 से 8 घंटे का समय लगता है।

---

ब्राह्मण, अनुसूचित जाति और कुशवाह मतदाता बनेंगे जीत की कुंजी, उम्मीदवारों ने संभाला मैदान

# दतिया उपचुनावः जातीय समीकरण पर टिकी भाजपा-कांग्रेस की रणनीति

समाजों के नेताओं को प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। प्रदेश की प्रतिष्ठा से जुड़े इस चुनाव में विकास और संगठन के साथ-साथ जातीय समीकरण सबसे बड़ा चुनावी फैक्टर बनकर उभरा है। राजनीतिक दलों का पूरा फोकस उन समाजों पर है, जिनकी संख्या अधिक है और जो चुनावी नतीजे प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। इनमें सबसे प्रमुख ब्राह्मण, अनुसूचित जाति (जाटव-अहिरवार) और काछी-कुशवाह समाज हैं।

दतिया विधानसभा क्षेत्र में अगले दो सप्ताह तक विभिन्न समाजों के प्रभावशाली नेताओं को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही बूथ स्तर तक पहुंचकर सामाजिक समीकरण साधने में जुटी हैं। वहीं आजाद समाज पार्टी ने दामोदर यादव को उम्मीदवार बनाकर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश की है।

**जातीय संतुलन बनाते हुए सभी वर्गों का समर्थन हासिल करना लक्ष्य**

#### भाजपा का दांव

भाजपा ने इस बार नया चेहरा आशुतोष तिवारी मैदान में उतारा है। पार्टी सभी प्रमुख समाजों के बीच संपर्क अभियान चला रही है। चुनाव प्रचार के लिए उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद संध्या राय, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, शैलेंद्र बरूआ, शैतान सिंह पाल, ऐंदल सिंह कंषाना, इमरती देवी समेत विभिन्न समाजों के वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी का लक्ष्य जातीय संतुलन बनाते हुए सभी वर्गों का समर्थन हासिल करना है।

#### कांग्रेस की रणनीति

कांग्रेस ने घनश्याम सिंह को उम्मीदवार बनाया है, जो दतिया राजपरिवार से जुड़े होने के कारण क्षेत्र में जाना-पहचाना चेहरा हैं और पहले भी विधायक रह चुके हैं। कांग्रेस 2023 विधानसभा चुनाव की सफलता को दोहराने की रणनीति पर काम कर रही है। पिछले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र भारती ने तत्कालीन गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को 7,742 मतों से हराया था। इसी आधार पर पार्टी स्थानीय समीकरणों और सामाजिक समर्थन को मजबूत करने में जुटी है। कांग्रेस ने ब्राह्मण, अनुसूचित जाति, कुशवाह, वैश्य, क्षत्रिय और मीणा समाज के वरिष्ठ नेताओं को प्रचार में उतारा है।

#### विस चुनाव का इतिहास भी दिलचस्प

दतिया विधानसभा में 1952 से अब तक 16 विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। इनमें कांग्रेस नौ बार जीत दर्ज कर चुकी है। वहीं लगातार तीन बार जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा के नाम है। ऐसे में यह उपचुनाव न केवल दोनों दलों की राजनीतिक प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है, बल्कि 2028 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक संदेश देने वाला चुनाव भी माना जा रहा है।

#### इन मतदाताओं पर सबकी नजर

दतिया विधानसभा में प्रमुख सामाजिक वर्गों के मतदाताओं का अनुमानित आंकड़ा इस प्रकार है

- **अनुसूचित जाति (जाटव-अहिरवार):** लगभग 60 हजार
- **ब्राह्मण:** लगभग 35 हजार
- **काछी-कुशवाह:** लगभग 27 हजार
- **क्षत्रिय, पाल और बघेल :** लगभग 25 हजार
- **यादव :** लगभग 18 हजार
- **वैश्य :** लगभग 15 हजार

सभी वर्गों के मतदाताओं को साधने के लिए दोनों प्रमुख दलों ने अलग-अलग समाजों के प्रभावशाली नेताओं को क्षेत्र में सक्रिय किया है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री की बैठक

### हर कार्यकर्ता को पूरी ताकत और समर्पण के साथ मैदान में उतरना होगाः डॉ. महेंद्र

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मंगलवार को दतिया के एक निजी होटल में दतिया विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की है। दतिया का यह उपचुनाव राजा और रंक के बीच का चुनाव है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी ताकत और समर्पण के साथ मैदान में उतरना होगा।

#### हर बूथ पर मतदान बढ़ाने का लक्ष्य लेकर जुटें कार्यकर्ता : जामवाल

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि दतिया विधानसभा उपचुनाव संगठन की कार्यशैली, अनुशासन और कार्यकर्ताओं के समर्पण की वजह से भाजपा ऐतिहासिक मतों से विजयी होगी। पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ को अपनी जिम्मेदारी मानकर पूरी निष्ठा और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें तथा हर बूथ पर अधिक से अधिक मतों की बढ़त का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरें। उन्होंने कहा कि बूथ ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है, बूथ की मजबूती ही चुनावी विजय का आधार है।


प्रशिक्षण देते हुए केरल रंग विशेषज्ञ वी. गिरीशन।

### संस्कृत विवि परिसर में आयोजित 21 दिवसीय कार्यशाला में देशभर से आए 60 प्रतिभागी ले रहे प्रशिक्षण

# संस्कृत रंगमंच की अनुपम कृति 'नागानंद' का पूर्णतः संस्कृत में होगा पहली बार मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कृत साहित्य की कालजयी नाट्य परंपरा को जीवंत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सम्राट हर्षवर्धन रचित संस्कृत के प्रसिद्ध नाटक 'नागानंद' का मंचन आगामी 27 जुलाई को केंद्रीय संस्कृत विवि, भोपाल परिसर में किया जाएगा। पूर्णतः संस्कृत भाषा में मंचित इस नाट्य प्रस्तुति के लिए विवि परिसर में 21 दिवसीय विशेष नाट्य कार्यशाला आयोजित की जा रही है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 60 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कार्यशाल में निर्देशन केरल रंग विशेषज्ञ वी. गिरीशन कर रहे हैं।

## 7वीं सदी के नाटक में भरतमुनि के आठों रसों की प्रधानता


विश्वविद्यालय की रंग टीम।

नाटक की समन्वयक एवं केंद्रीय संस्कृत विवि की प्रोफेसर डॉ. संगीता गुंदेचा ने बताया कि 'नागानंद' की यह प्रस्तुति दर्शकों के लिए एक समृद्ध सांस्कृतिक और नाट्य अनुभव बनेगी। उन्होंने बताया कि सातवीं शताब्दी में रचित पांच अंकों का यह नाटक बौद्ध दर्शन के अहिंसा, करुणा और परोपकार जैसे मानवीय मूल्यों पर आधारित है। इसकी कथा बोधिसत्व राजकुमार जिमूतवाहन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो नाग जाति को प्रतिदिन होने वाले नरसंहार से बचाने के लिए स्वयं को गरुड़ के समक्ष बलिदान कर देते हैं। इस नाटक में भरतमुनि के नाट्यशास्त्र में वर्णित आठ प्रमुख रसों का प्रभावी समावेश है। संगीता ने बताया कि मप्र में पहली बार पूर्णतः संस्कृत भाषा में यह नाट्य प्रस्तुति होगी, इससे पूर्व वर्ष 2017 में इसकी प्रस्तुति हिंदी में हुई थी।

## कार्यशाला में प्रतिभागी सीख रहे निर्देशन के गुर

डॉ. गुंदेचा के अनुसार कार्यशाला में हिमाचल, केरल, कर्नाटक, राजस्थान, सहित दस राज्यों से आए प्रतिभागी मुख्य रुप से निर्देशन का प्रशिक्षण ले रहे है जो इस नाट्य प्रस्तुति के लिए मंच पर और मंच परे विभिन्न भूमिका निभाऐंगे। निर्देशन प्रधान इस नाटक कार्यशाला के बाद सभी प्रतिभागी अपने-अपने संस्थानों में जाकर स्वयं के निर्देशन में नाटक तैयार करेंगे और उनका मंचन करते हुए भारतीय रंगमंच की इस समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।


नाटक की बारीकियां सिखातीं डॉ. संगीता गुंदेचा।

### शहर की डिजाइनर अनुभूति ब्यौहार ने बयां किया राहुल मिश्रा का विजन

# मंदिरों की मूर्तियों से रैंप तक, 'देवी' ने रची भारतीय फैशन की नई कहानी...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पेरिस की रोशनी में सजा रैंप... सामने दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित फैशन समीक्षक, सेलिब्रिटी और खरीदार... और तभी एक-एक कर मंच पर ऐसे परिधान उतरने लगे, जिन्हें देखकर कुछ पल के लिए यह तय करना मुश्किल हो गया कि सामने कपड़ा है, पत्थर है या किसी प्राचीन मंदिर की जीवंत मूर्ति। यह केवल एक फैशन शो नहीं था। यह भारतीय सभ्यता, मूर्तिकला और शिल्पकला का ऐसा दृश्य रूपांतरण था, जिसने दुनिया को याद दिलाया कि भारत की सबसे बड़ी प्रेरणा उसकी अपनी सांस्कृतिक विरासत है।जी हां, हम बात कर रहे हैं 6 जुलाई को पेरिस हाउते कॉउचर वीक में भारतीय डिजाइनर राहुल मिश्रा द्वारा प्रस्तुत शानदार कलेक्शन 'देवीः द इटरनल म्यूज' की, जो इन दिनों सोशल मीडिया पर खासा चर्चा का विषय है।




रैंप पर देवी प्रतिमा का रूप धरे उतरीं मॉडल।


प्रतिमाओं को देख मॉडल की पोषाक तय की गई थी।

## लगा मानो किसी मंदिर की प्रतिमा रैंप पर उतर आई हो

अनुभूति कहती हैं कि इस फैशन शो पर फ्रेंच कला का प्रसिद्ध शब्द 'ट्रोम्प-लॉई', यानी ऐसा दृश्य भ्रम जो आंखों को धोखा दे, पूरी तरह सटीक बैठता है। पहली नजर में दर्शक ठहर जाता है। क्या यह कपड़ा है? क्या यह पत्थर है? या फिर किसी मंदिर की प्रतिमा जीवित होकर रैंप पर उतर आई है?

### धागों, जरी और जरदोजी को दी पत्थर जैसी बनावट

उन्होंने कहा कि 'देवी' फैशन शो में प्रस्तुत कॉस्ट्यूम्स की पत्थर जैसी बनावट रेशम के धागों, जरी, जरदोजी, दबका, पिट्टा और आरी कढ़ाई से तैयार की गई थी। मंदिरों की नक्काशी, जालियां, स्तंभ, अलंकरण और त्रिभंग मुद्रा को इतनी सूक्ष्मता से वस्त्रों पर उकेरा गया कि हर परिधान एक चलती-फिरती मूर्ति जैसा दिखाई देता था।

### राहुल ने अपनी कल्पना को जीवंतता प्रदान की

### दक्षिण भारतीय मंदिर बने प्रेरणा का स्त्रोत

इस फैशन शो में दक्षिण भारत के मंदिर, खजुराहो, अजंता-एलोरा, होयसला स्थापत्य और बेलूर के चेन्नकेशव मंदिर की मोहिनी प्रतिमा को आधार मानकर डिजाइनर राहुल ने अपनी कल्पना को जीवंतता प्रदान करते हुए मंच पर उतारा।

### स्त्री केवल सौंदर्य का प्रतीक नहीं, बल्कि शक्ति और संवेदना का रूप भी

राहुल के इस 'देवी' कलेक्शन ने दर्शाया कि भारतीय मूर्तिकला में स्त्री केवल सौंदर्य का प्रतीक नहीं, बल्कि शक्ति, संवेदना, नृत्य, मातृत्व और सृजन का रूप है। यही दर्शन राहुल मिश्रा के हर सिल्हूट, हर कढ़ाई और हर अलंकरण में दिखाई दिया। राहुल के 'देवी' कलेक्शन ने एक तरह से सोशल मीडिया पर बहस तेज कर दी है, लेकिन इस भारतीय डिजाइनर के कलेक्शन का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है और सभी इस नायाब कलेक्शन की सराहना करते नहीं थक रहे।


मॉडल के साथ फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा।

### राहुल ने खोजी पत्थर से वस्त्र तक की यात्रा

अनुभूति ने कहा कि इस फैशन शो में डिजाइनर राहुल ने शरीर को भारतीय संस्कृति की स्मृतियों में खोजा। उनके लिए शरीर केवल एक आकृति नहीं, बल्कि मंदिरों की मूर्तियों, शिल्पशास्त्र, स्थापत्य और भारतीय स्त्री शक्ति का विस्तार था। उन्होंने कहा कि इस शो की सबसे बड़ी खूबी यह थी कि इसमें आधुनिक तकनीक से बने स्कल्प्चर नहीं थे।



### स्व. राजेश प्रसाद मिश्रा की 67वीं जयंती पर भजन संध्या आज

**भोपाल।** समाजसेवा, संस्कृति और जनसेवा को समर्पित स्व. राजेश प्रसाद मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस) की 67वीं जयंती पर बुधवार को भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। रवींद्र भवन के गौरांजनी सभागृह में होने वाला यह कार्यक्रम शाम 6.30 बजे शुरू होगा। लायन और कार्यक्रम के संयोजक हरिओम जटिया ने बताया कि राजेश प्रसाद मिश्रा अपने सरल व्यक्तित्व, कर्तव्यनिष्ठ प्रशासनिक कार्यशैली और समाज के प्रति समर्पण के लिए सदैव स्मरण किए जाते रहेंगे।

### नियमित छोटी बचत से सुरक्षित होगा भविष्य

**भोपाल।** असंगठित और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत 'एनपीएस संचय' जन जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत बैरसिया जनपद सभागार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसे बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को नियमित छोटी बचत से भविष्य की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने प्रेरित करना है।

### सीनियर सिटीजन फोरम का स्थापना दिवस

# कभी कोलार में बसने के लिए झिझकते थे, आज उत्सुक हैं...


फोरम को संबोधित करते विधायक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार क्षेत्र में लोग बसने के लिए झिझकते थे, अब लोग उत्सुक होते हैं। इस क्षेत्र में जहां कुछ भी नहीं था, पानी की समस्या थी, अब भरपूर पानी है, कॉलेज है, एस.डी.एम. आफिस है, स्पोर्ट्स क्लब है, अभी उसके और अधिक विस्तार की योजना पर कार्य चल रहा है। भोपाल की पहली सिक्स लेन सीमेन्ट कांक्रीट रोड है, होशंगाबाद से इंदौर रोड जोड़ने बाईपास है, एक और बाईपास की योजना है। सीनियर सिटीजन फोरम एवं पैलेस आर्केड रहवासी समिति, कोलार रोड द्वारा सीनियर सिटीजन फोरम के दसवें स्थापना दिवस के अवसर पर उक्त उद्गार कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक रामेश्वर शर्मा ने व्यक्त किए।

### नूतन कॉलेज में एक दिवसीय फैकल्टी सेंसिटाइजेशन कार्यशाला

### विभिन्न कॉलेजों के 200 प्रतिभागी हुए शामिल

# महिलाओं की मानसिक शक्ति पुरुषों से है अधिक सशक्त....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक कल्याण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नूतन कॉलेज में सोमवार को संभाग स्तरीय एक दिवसीय फैकल्टी सेंसिटाइजेशन कार्यशाला का आयोजित की गई। जिसमें भोपाल संभाग के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों, नोडल अधिकारियों एवं शिक्षकों सहित लगभग 200 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मानस भवन के कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र विहारी गोस्वामी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भोपाल संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद उपस्थित रहे। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. अनीता पुरी सिंह एवं मंजरी उपमन्यु ने अपने विचार एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

### मन को नियंत्रित करना सरल नहीं

*इस अवसर पर रघुनंदन शर्मा ने कहा कि महिलाओं की मानसिक शक्ति पुरुषों की अपेक्षा अधिक सशक्त होती है। उन्होंने मन की चंचल प्रकृति का उल्लेख करते हुए कहा कि मन क्षणभर में अतीत और भविष्य की यात्रा कर सकता है तथा अनगिनत कल्पनाएं कर सकता है। इसलिए मन को नियंत्रित करना सरल नहीं है।*



### कायस्थम का 'रिमझिम गिरे सावन' 26 जुलाई को

**भोपाल।** कायस्थम मप्र द्वारा 26 जुलाई को बारिश की फुहारों के बीच समाज के चित्रांश गायक स्व. मुकेश के 103 वें जन्मदिवस पर उन्हीं गीतों को गाकर मुकेश को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्य अतिथि आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना, विशेष अतिथि मैपकास्ट डायरेक्टर अनिल कोठार, वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव और प्रसिद्ध भजन गायक रवि खरे होंगे। चित्रांश गायक स्व.मुकेश के साथ साथ किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, आशा भोसले सहित अन्य पार्श्व गायकों के फिल्मी तराने भी छेड़ेंगे। नेहरू नगर स्थित मैपकास्ट परिसर में अपरान्ह 3.30 बजे से कार्यक्रम में करीब 32 गायकों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है, जो अपने सुरों का जादू बिखेरकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देंगे।

### एमसीयू में एआई एफडीपी का छठवां दिन

# आज मीडिया इंडस्ट्री के पैटर्न को बदल रहा एआईः सुधीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज मीडिया इंड़स्ट्री में पूरे न्यूज इकोसिस्टम को एआई ने बदल दिया है। न्यूज क्रिएशन से लेकर इसके कंजप्शन तक के पैटर्न को पूरी तरह से एआई ने बदल दिया है। कंटेंट मैनेजमेंट के साफ्टवेयर्स एआई की मदद से कुछ ही सेकेंड में लंबे लेख लिखने से लेकर खबर के शीर्षक तक तैयार कर सकते हैं। ये टूल्स किसी भी खबर को एडिट तक कर सकते हैं उसके फार्मेट को बेहतर बना सकते हैं। ऐसे में एआई में दक्षता होना आज के समय में एक अनिवार्य शर्त है। एमसीयू में जारी एआई एफडीपी में आज छठवें दिन पहले तकनीकी सत्र में वरिष्ठ पत्रकार सुधीर झा ने यह बात कही।



### डिजाइनिंग से लेकर कंटेट तक सभी काम कर रहा एआई

*झा ने कहा कि आज डिजिटल मीडिया का कोई होम पेज हो या अखबारों का पहला पन्ना, उसकी डिजाइनिंग से लेकर कंटेंट के प्लेसमेंट के तमाम काम एआई की मदद से हो रहे हैं। इसलिए एआई टूल्स मीडिया प्रोफेशनल्स को आना जरूरी है।*

### पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह द्वारा स्थापित संस्था देगी प्रस्तुति

## भारत भवन में 19 जुलाई को होगी 'कथा सियाराम की' भव्य नृत्य प्रस्तुति



**भोपाल।** भारत भवन में 19 जुलाई, रविवार को शाम 7 बजे प्रतिष्ठित नृत्य संस्था नृत्य गुरुकुल के कामाख्या कलापीठ, नई दिल्ली द्वारा भव्य नृत्य-नाट्य प्रस्तुति 'कथा सियाराम की' का मंचन किया जाएगा। यह आयोजन पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह द्वारा स्थापित संस्था के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित 'स्वर्णिका' कार्यक्रम श्रृंखला का हिस्सा है। 'कथा सियाराम की' एक अभिनव नृत्य-संरचना है, जिसमें भगवान श्रीराम और माता सीता के जीवन, आदर्शों एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को शास्त्रीय नृत्य, संगीत और भावाभिव्यक्ति के माध्यम से मंच पर साकार किया जाएगा। प्रस्तुति भारतीय परंपरा, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत झलक दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेगी। कार्यक्रम का आयोजन भारत भवन के अनहद सभागार में किया जाएगा।

### 'हॉल ऑफ स्पेस एक्सप्लोरेशन' देश की अत्याधुनिक विज्ञान गैलरियों में से एक

# सीएम और केंद्रीय मंत्री शेखावत ने किया अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आंचलिक विज्ञान केंद्र, भोपाल में स्थापित 'हॉल ऑफ स्पेस एक्सप्लोरेशन (अंतरिक्ष अन्वेषण गैलरी)' देश की अत्याधुनिक एवं अनुभवात्मक विज्ञान गैलरियों में से एक है। केन्द्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) और जिला प्रशासन भोपाल के सहयोग से विकसित यह गैलरी आगंतुकों को ब्रह्मांड की उत्पत्ति से लेकर आधुनिक अंतरिक्ष अभियानों तक की वैज्ञानिक यात्रा का सजीव अनुभव कराती है। इस गैलरी का उद्घाटन मंगलवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया।


विज्ञान केंद्र में उपस्थित छात्राओं को पुरस्कृत करते सीएम व केंद्रीय मंत्री।


गैलरी में स्थापित भारत की अंतरिक्ष यात्रा के मॉडल का अवलोकन करते अतिथि।

### अंतरिक्ष अन्वेषण में एआई सहित दिखेगी स्पेस टूरिज्म की अवधारणा

गैलरी में प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, ऋग्वेद के नारदीय सूक्त और शून्य की अवधारणा को आधुनिक खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ा गया है। गैलरी में 30 से अधिक इंटरैक्टिव एवं इमर्सिव प्रदर्शों के माध्यम से स्पेस फ्लाइट सिम्युलेटर, स्पेस वॉक, 3-डी में खगोलीय पिंडों का अवलोकन, अंतरिक्ष अन्वेषण में एआई, स्पेस टूरिज्म, रॉकेट एवं जैसी अवधारणाओं को रोचक और सहज ढंग से प्रस्तुत किया गया है।


अंतरिक्ष यात्री के मॉडल के साथ केंद्रीय मंत्री व सीएम।

### आदित्य-एल1 और आगामी गगनयान की उपलब्धि दर्शाई

*गैलरी में भारत की गौरवशाली अंतरिक्ष यात्रा को भी प्रदर्शित किया गया है, जिसमें थुम्बा से प्रथम साउंडिंग रॉकेट के प्रक्षेपण से लेकर आर्यभट्ट, चंद्रयान, मंगलयान, आदित्य-एल1 और आगामी गगनयान मिशन तक की उपलब्धियों को दर्शाया गया है।*

# 25 करोड़ रुपए के हॉकर्स कॉर्नर बदहाल सफाई गायब, फूड सेफ्टी जांच भी बंद

8 साल पहले रोजगार के लिए बने थे हॉकर्स कार्नर

गंदगी और लापरवाही की भेंट चढ़े हॉकर्स कॉर्नर



छह नंबर स्थित हॉकर्स कॉर्नर में फैली गंदगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करीब आठ साल पहले नगर निगम ने लगभग 25 करोड़ रुपए खर्च कर शहरभर में हॉकर्स कार्नर बनाए थे। मकसद था कि सड़क किनारे लगने वाले हाथठेले और फुटकर विक्रेताओं को एक व्यवस्थित जगह मिले और लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलें। लेकिन जनप्रतिनिधियों के आपसी विवाद के कारण कई हॉकर्स कार्नर शुरू ही नहीं हो सके।

जो कुछ चल रहे हैं, उनमें भी अब अव्यवस्था और लापरवाही साफ दिखाई दे रही है। वर्तमान में शहर के छह नंबर मार्केट (शिवाजी नगर), शाहपुरा, एमपी नगर जोन-2, पीरगेट, अशोका गार्डन, करोंद और अरेरा कॉलोनी (कैंपियन स्कूल रोड) के हॉकर्स कार्नर नियमित रूप से संचालित हो रहे हैं। लेकिन यहां सफाई व्यवस्था के भरोसे है। कई जगह कचरे के ढेर, गंदगी और खुले में फैला गंदा पानी दिखाई देता है। इसी माहौल में फास्ट फूड और अन्य खाद्य सामग्री तैयार कर लोगों को परोसी जा रही है।



## कई दुकानों पर बिना ढंके खाद्य पदार्थ रखे मिले

हरिभूमि टीम ने अपनी जांच में पाया कि सबसे बड़ी चिंता खाद्य सुरक्षा को लेकर सामने आई। लोगों का कहना है कि हॉकर्स कार्नर में साफ-सफाई और हाइजीन का कोई ध्यान नहीं रखा जाता। कई दुकानों पर बिना ढके खाद्य पदार्थ रखे मिले, जबकि आसपास गंदगी फैली हुई थी। इसके बावजूद खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच नजर नहीं आती। हॉकर्स संचालकों ने भी बताया कि पिछले दो साल से खाद्य सुरक्षा विभाग का कोई अधिकारी जांच करने नहीं आया। न तो खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए और न ही साफ-सफाई को लेकर निर्देश दिए गए।

### साफ-सफाई कराई जाती है: वसुदेव

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि नियमित हॉकर्स कार्नर की खाद्य पदार्थ की जांच कराई जाती है, साथ ही नगर निगम एएचओ (स्वच्छता प्रभारी) वसुदेव उदेनिया ने कहा कि नियमित हॉकर्स कार्नन की साफ सफाई कराई जाती है।

# रैपिडो बुक कर युवक से छीनी बाइक, शराब पिलाने के बाद की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में रैपिडो बुक कर एक युवक से उसकी बाइक लूटने का मामला सामने आया है। दो युवकों ने पहले रैपिडो से यात्रा की, फिर चालक को शराब पिलाई और उसके साथ मारपीट कर बाइक लेकर फरार हो गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मोबाइल नंबर और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार छीनी गई बाइक सौरभ सेन की है, जो विदिशा जिले के निवासी हैं और ठेकेदारी का काम करते हैं। उन्होंने अपनी बाइक अमन कुर्मी को दी थी, जो रैपिडो चालक के रूप में वाहन चला रहा था। अमन अशोका गार्डन इलाके में किराए से रहता है। शनिवार रात अमन को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से आनंद नगर जाने के लिए रैपिडो बुकिंग मिली। दो युवक उसकी बाइक पर सवार हुए। रास्ते में आरोपियों ने अमन को शराब पीने का प्रस्ताव दिया, जिस पर वह उनके साथ चला गया। आरोपियों ने आईएसबीटी क्षेत्र से शराब खरीदी और अशोका गार्डन के पास बैठकर शराब पी। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने अमन के साथ मारपीट की और उसकी बाइक छीनकर फरार हो गए। घटना शनिवार रात साढ़े नौ बजे की बताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश में हुए उल्लेखनीय कार्य

**भोपाल।** मप्र में 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया। अभियान के तृतीय चरण अंतर्गत प्रदेश के गांव-गांव, नगर-नगर में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य जन सहयोग से कराए गए। मुख्यमंत्री को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मंगलवार को मंत्रालय में अभियान अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यों से संबंधित पुस्तिका भेंट की। मुख्यमंत्री ने अभियान की सफलता के लिए मंत्री सिलावट और विभाग की पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर विभाग के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा भी उपस्थित थे। मंत्री सिलावट ने बताया कि प्रदेश में गत 3 वर्षों से यह अभियान सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है।

### निगम की पहली मंजिल पर परिषद शाखा आठवीं मंजिल पर हो रही शिफ्ट

**भोपाल।** निगम मुख्यालय अटल भवन में पहली मंजिल पर परिषद शाखा को अचानक आठवीं मंजिल पर शिफ्ट किया जा रहा है। इसके आनन-फानन में खाली कराने का कारण एमआईसी मेंबरों के लिए चैंबर मुहैया कराना बताया है।

### स्वास्थ्य विभाग-निगम का संयुक्त अभियान, लार्वा मिला तो लगेगा जुर्माना

**भोपाल।** बारिश के मौसम में डेंगू, चिकुनगुनिया और मलेरिया के बढ़ते खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम ने संयुक्त अभियान शुरू करेगा। इसके तहत शहरभर में लार्वा सर्वे कराया जाएगा। खाली भूखंडों, निर्माण स्थलों, सार्वजनिक स्थानों और अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों में यदि मच्छरों का लार्वा या रुका हुआ पानी मिला तो पहले संबंधित व्यक्ति को चेतावनी दी जाएगी। इसके बाद भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर नगर निगम मौके पर ही जुर्माना और चालानी कार्रवाई करेगा। स्वास्थ्य विभाग, जिला मलेरिया कार्यालय और नगर निगम की संयुक्त टीमें सभी जोन और वार्डों में नियमित निरीक्षण करेंगी। अभियान की समीक्षा राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु जायसवाल, राज्य स्तरीय अधिकारी डॉ. संतोष भार्गव तथा नगर निगम के उपायुक्त हीरेंद्र कुशवाहा की मौजूदगी में की गई। बैठक में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारियों, क्षेत्रीय अधिकारियों और मलेरिया विभाग के पर्यवेक्षकों को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संपर्क अभियान 2026 को मिली बड़ी सफलता

**भोपाल।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का उनके घर के नजदीक त्वरित समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संचालित संपर्क अभियान 2026 को उल्लेखनीय सफलता मिली है। 14 मई से प्रारंभ हुए इस विशेष अभियान के अंतर्गत भोपाल एवं ग्वालियर रीजन के 16 जिलों में अब तक 3355 विशेष शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 1 लाख 47 हजार 633 उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

# राजधानी में देर रात चोरों का आतंक

# दो दुकानें और तीन मकानों से लाखों के जेवर और नगदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में चोर लगातार पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। मंगलवार देर रात अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरों ने दो दुकानों और तीन मकानों में सेंध लगाकर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर, नकदी और अन्य कीमती सामान चुकरा कर फरार हो गए। सभी मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन खबर लिखे जाने तक किसी भी वारदात का खुलासा नहीं हो सका।



### एयरपोर्ट रोड स्थित दुकान से नकदी चोरी

कोहेफिजा थाना क्षेत्र के ईदगाह हिल्स स्थित एक दुकान में चोर शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और करीब 24 हजार रुपए नगद सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। दुकान संचालक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

### आनंद विहार कॉलोनी में दुकान का ताला तोड़ कर की चोरी

करोंद थाना क्षेत्र के आनंद विहार कॉलोनी स्थित एक अन्य दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 55 हजार रुपए नगद और अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस का कहना है कि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### अवकाश पर गए परिवार के घर भी चोरी

छत्रपति शिवाजी कॉलोनी निवासी एक परिवार के सदस्य अवकाश पर बाहर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाया और सोने-चांदी के जेवर सहित कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

### जेवर से भरा बैग लेकर भागे बदमाश

एक अन्य घटना में बाइक सवार बदमाशों ने जेवर से भरा बैग लेकर फरार होने की वारदात को अंजाम दिया। बताया गया कि बैग में लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण रखे थे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### तीन मकानों से जेवर और कीमती सामान चोरी

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र की इंडियन कॉलोनी में रहने वाले एक परिवार के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवर और अन्य कीमती सामान ले गए। इसी तरह ईश्वर नगर और छत्रपति शिवाजी कॉलोनी के दो अन्य मकानों में भी चोरी की वारदात हुई। एक परिवार शादी समारोह में शामिल होने बाहर गया था, जबकि दूसरे मकान के लोग रिश्तेदारी में गए हुए थे। लौटने पर घर के ताले टूटे मिले और सामान गायब था।

## रिटायर्ड जज के घर एक करोड़ रुपए की चोरी

**पारदी गिरोह पर पुलिस का शक छह बदमाशों की तलाश तेज**

राजधानी के कटारा हिल्स स्थित सेवानिवृत्त न्यायाधीश गिरिबाला सिंह के घर हुई हाई-प्रोफाइल चोरी की जांच तेज हो गई है। पुलिस को आशंका है कि वारदात को पारदी गिरोह ने अंजाम दिया है। इसी कड़ी में पुलिस की कई टीमें पारदी गिरोह के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। चोरी गए सामान की कीमत करीब एक करोड़ रुपए आंकी जा रही है। पुलिस के अनुसार चोरी गए सामान की विस्तृत सूची जांच अधिकारियों को सौंप दी है। सूची में चोरी हुए आभूषण और अन्य कीमती सामान का उल्लेख है। हालांकि उसमें सामान की कीमत दर्ज नहीं है, लेकिन सूची के आधार पर चोरी की कुल कीमत लगभग एक करोड़ रुपए होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जांच के दौरान घटनास्थल से पांच अलग-अलग लोगों के अंगुलियों के निशान मिले हैं। पुलिस इन निशानों के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने में जुटी है। वारदात के तरीके को देखते हुए भी पुलिस को पारदी गिरोह की संलिप्तता की आशंका है, क्योंकि चोरी का तरीका गिरोह की कार्यशैली से मेल खाता है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह चोरी 27 और 28 जून की दरमियानी रात हुई थी। प्रारंभिक जांच के अनुसार वारदात में छह बदमाश शामिल थे। इनमें से पांच आरोपी घर में घुसे, जबकि एक बदमाश बाहर था।

# बैंक प्रबंधक समेत छह के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**छात्रवृत्ति घोटाले में सीबीआई की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरकारी छात्रवृत्ति योजना में कथित एक करोड़ रुपए से अधिक के घोटाले को लेकर सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने एक बैंक प्रबंधक सहित छह लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन और बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से छात्रों के नाम पर फर्जी बैंक खाते खोलकर छात्रवृत्ति की राशि का गबन किया गया। सीबीआई की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वर्ष 2020-21 के दौरान बिना आवेदन किए ही एमबीए के छात्रों के नाम पर 118 बैंक खाते खोले गए। इन खातों में सरकारी छात्रवृत्ति की राशि जमा कर उसे निकाल लिया गया। कई छात्रों को यह तक जानकारी नहीं थी कि उनके नाम से बैंक खाते खोले गए हैं।

### जांच का दायरा बढ़ाया

सीबीआई ने मामले में बैंक प्रबंधक समेत छह आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच का दायरा बढ़ा दिया है। अब एजेंसी अन्य कॉलेजों और संदिग्ध बैंक खातों की भी जांच करेगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि घोटाले का नेटवर्क कितना बड़ा है और इसमें किन-किन लोगों की भूमिका रही है।

### पारदर्शिता पर खड़े हो रहे सवाल

इस कार्रवाई के बाद शिक्षा व्यवस्था और बैंकिंग प्रणाली की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

# केन-बेतवा परियोजना प्रभावितों से मिले नेता प्रतिपक्ष उमंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंगलवार को छतरपुर जिले के बिजावर पहुंचकर केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित किसानों, दलितों और आदिवासियों से मुलाकात की। बराना नदी में पिछले 11 दिनों से जल सत्याग्रह कर रहे आंदोलनकारियों के बीच पहुंचकर उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि कांग्रेस उनके अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर विधानसभा तक लड़ेगी।

**मप्र के भोपाल मंडल सहित 13 प्रमुख रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया**

# अमृत भारत स्टेशन योजना से बदलेगी एमपी के रेलवे स्टेशनों की तस्वीर, यात्रियों को मिल सकेगा एयरपोर्ट जैसा अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए तेजी से काम कर रहा है। इसी कड़ी में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मप्र के कई प्रमुख रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया गया है। इन स्टेशनों को केवल यात्रा का केंद्र नहीं, बल्कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुउद्देशीय सिटी सेंटर के रूप में विकसित करना है, जहां यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल सकें।

भोपाल मंडल सहित प्रदेश के कई स्टेशनों पर पुनर्विकास कर आधुनिक वास्तुकला, बेहतर यात्री सुविधाएं सुरक्षित,और आरामदायक बन सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 80 आधुनिक रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे।

### 13 स्टेशन होंगे शामिल

भोपाल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि देशभर में जिन स्टेशनों का लोकार्पण किया जाएगा, उनमें मध्यप्रदेश के 13 रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। इनमें विदिशा, सांची, अशोकनगर, शिवपुरी छतरपुर टीकमगढ़ और छिंदवाड़ा जैसे प्रमुख स्टेशन शामिल हैं।उन्होंने बताया कि स्टेशनों का निर्माण भविष्य की आवश्यकताओं और बढ़ती यात्री संख्या को ध्यान में रखकर किया गया है।

### कमर्शियल स्पेस और सिटी सेंटर की अवधारणा

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों को केवल परिवहन केंद्र नहीं, बल्कि व्यावसायिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। इसके लिए स्टेशनों पर कमर्शियल स्पेस, रिटेल आउटलेट, फूड प्लाजा और अन्य सुविधाएं तैयार की जा रही हैं।रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इन स्टेशनों का विकास यूरोपीय मानकों की तर्ज पर किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित और विश्वस्तरीय सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी

परियोजना के दूसरे चरण में स्टेशनों के दूसरे प्रवेश द्वार, अतिरिक्त पार्किंग, आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण और अन्य यात्री सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा। रेलवे का मानना है कि अमृत भारत स्टेशन योजना से न केवल यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा, बल्कि स्थानीय व्यापार, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी। **सौरभ कटारिया**, सीनियर डीसीएम भोपाल

**जल संसाधन में 299 सहायक यंत्रियों को बनाया ईई**

# जल संसाधन विभाग में 14 कार्यपालन यंत्रियों को अधीक्षण यंत्री के पद पर प्रमोट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीएचई में विवाद के बाद भी विभाग ने 26 कार्यपालन यंत्रियों को अधीक्षण यंत्री (एसई) के पद पर पदोन्नत किया है। यह सभी पहले से ही प्रभारी एसई के रूप में काम संभाल रहे थे। जल संसाधन विभाग में 14 कार्यपालन यंत्रियों को अधीक्षण यंत्री के पद पर प्रमोट किया है, जबकि 299 सहायक यंत्रियों को कार्यपालन यंत्री बनाया है। उधर, पीडब्ल्यूडी में अफसरों ने बड़ा खेल करते हुए करीब 25 इंजीनियरों की डीई समाप्त करते हुए उन्हें प्रमोशन दे दिया। वैसे इस मामले में अभी आदेश जारी नहीं किए गए हैं। जल संसाधन विभाग में कार्यपालन यंत्री से जिन अधिकारियों को अधीक्षण यंत्री बनाया है, उनमें राजेंद्र कुमार, राजाराम मीणा, प्रवीण कुमार खरत, सज्जन सिंह चौंगड, कमलेश कुमार रायकवार, विनोद कुमार मंडलोई, प्रवीण चंद्र महाजन, राजेंद्र सिंह कंवर, बृजेश कुमार सिंह आदि शामिल है।


### पीएचई में यह हुए पदोन्नति

पीएचई विभाग ने अनुराग श्रीवास्तव, आलोक जैन, दिलीप कुमार जैन, राजीव खुराना, व्ही के छारी के अलावा अजय दिवाकर, शैलेंद्र गुप्ता, मोहन कृष्ण मुदगल, अविनाश नेमा, संजीव कुमार गुप्ता, शैलेष कुमार गुप्ता, सुनील कुमार चतुर्वेदी, सुनील उदिया, आलोक अग्रवाल, स्मृति बाबुलकर, पंकज विजयवर्गीय, ईश्वर सिंह चंदेली, मोनिका सप्रे, मंजू सिंह को अधीक्षण यंत्री के पद पर पदोन्नत किया है।
मनोज श्रीवास्तव को रिटायरमेंट के बाद प्रमोशन दिया है। साथ ही रिटायर्ड हुए एसएन राजू, सुनील कुमारखरे, पीके रघुवंशी तथा सुबोध कुमार जैन को अधीक्षण यंत्री के पद पर प्रोफार्मा पदोन्नित दी गई है।

इसके अलावा कार्यपालन यंत्री (मैकेनिकल) से अधीक्षण बनाए गए इंजीनियरों में नन्हेलाल तांडेकर, भारत भूषण सिंह चौधरी, उदति गर्ग, डीएस पटेल, राजेश दुबे, पंकजराव गौरखेडे आदि का नाम शामिल हैं। इन सभी को हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामलों में होने वाले निर्णय के आधार पर प्रमोट किया है।

**रोगी कल्याण समिति की बैठक में लिया निर्णय**

# कोलार अस्पताल में सड़क निर्माण के साथ बनेगी पार्किंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार अस्पताल में सड़क निर्माण के साथ वाहनों को पार्क करने के लिए पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा। यह निर्णय कोलार स्वास्थ्य केंद्र में हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक लिया गया। विधायक रामेश्वर शर्मा के निर्देशानुसार जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में कोलार अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक विधायक प्रतिनिधि अनिकेत पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अनिकेत पांडे ने बताया कि बैठक में जनसंख्या नियंत्रण हेतु जागरूकता अभियान पर चर्चा की गई। अस्पताल के अधूरे निर्माण, पार्किंग, सड़क पर चर्चा की गई।

### कांग्रेस महासचिव निधि चतुर्वेदी ने कारण बताओ नोटिस को बताया अवैध

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में अनुशासनात्मक कार्रवाई को लेकर अंदरूनी विवाद खुलकर सामने आ गया है। प्रदेश कांग्रेस की महासचिव एवं सह-प्रभारी (प्रशिक्षण विभाग) निधि सत्यव्रत चतुर्वेदी ने संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले द्वारा 3 जुलाई 2026 को जारी कारण बताओ नोटिस का दो पन्नों में विस्तृत जवाब देते हुए नोटिस की वैधता और अधिकार क्षेत्र पर ही सवाल उठा दिए हैं। उन्होंने इसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान के विपरीत बताते हुए चयनात्मक कार्रवाई, मानहानि और लैंगिक भेदभाव जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। निधि चतुर्वेदी ने अपने जवाब में कहा कि नोटिस में उनका पदनाम गलत लिखा गया है।

**मंत्री कृष्णा गौर की अध्यक्षता में हुई रोगी कल्याण समिति बैठक**

गोविंदपुरा सिविल हॉस्पिटल में बढ़ेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

# 24 घंटे बिजली बैकअप, ओटी के लिए थ्री-फेज लाइन और सुरक्षा के लिए बनेगी पुलिस चौकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



खबर का असर



भेल क्षेत्र के गोविंदपुरा हताईखेड़ाखेड़ा स्थित सिविल हॉस्पिटल में मंगलवार को रोगी कल्याण समिति साधारण सभा बैठक मंत्री कृष्णा गौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अस्पताल में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए डीजी सेट, डीजल एवं इन्वर्टर की व्यवस्था करने, ऑपरेशन थिएटर में स्टेरलाइजेशन के लिए ऑटोक्लेव चलाने के लिए थ्री फेज लाइन कनेक्शन, अस्पताल में पुलिस चौकी स्थापित करने, ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक कृष्णा गौर ने कहा कि रोगी कल्याण समिति के माध्यम से इस अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं विस्तार किया जाए। रोगी कल्याण समिति के निर्णयों के अनुरूप अन्य स्वीकृतियों के लिए राज्य शासन से पत्राचार कर संसाधनों की व्यवस्था की जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि समाचार पत्र ने 28 मई और 4 जून को सिविल अस्पताल की कमियों को उजागर करते हुए प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए मंत्री और क्षेत्रीय विधायक कृष्णा गौर ने मंगलवार को बैठक की और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

## पहले वनडे में इंग्लैंड को 6 विकेट से दी करारी शिकस्त, अक्षर ने बॉलिंग के बाद बल्लेबाजी में दिखाया कमाल

# भारत ने खोला ब्रिटेन दौरे पर जीत का खाता, बनाई बढ़त

एजेंसी ▸▸ बर्मिंघम

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने एजबेस्टन मैदान पर अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए 80 रन की आकर्षक पारी खेली, जिसकी बदौलत भारत ने 3 मैचों की श्रृंखला में पहले वनडे में इंग्लैंड को 6 विकेट से हराकर इस दौरे की पहली जीत दर्ज की। हरफनमौला अक्षर पटेल ने भी बल्ले और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले 4 विकेट लेकर इंग्लैंड को 258 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई और फिर 52 गेंदों में नाबाद 57 रन बनाकर लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके साथ वाशिंगटन सुंदर ने भी नाबाद 52 रन बनाए। भारत ने ब्रिटेन दौरे पर जीत का खाता खोला। इससे पहले टीम को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं में हार का सामना करना पड़ा था।

### अक्षर और वाशिंगटन ने की 102 रन की साझेदारी

जीत के लिए 259 रन का पीछा करते हुए भारत ने 45.2 ओवर में 4 विकेट पर 262 रन बनाकर मुकाबला अपने कनाम किया। एक समय टीम का स्कोर 160 रन पर 4 विकेट था, लेकिन प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर और वाशिंगटन ने पांचवें विकेट के लिए नाबाद 102 रन की साझेदारी कर भारत को आसान जीत दिला दी। गिल शानदार लय में दिखे और 75 गेंदों की अपनी पारी में 11 चौके तथा एक छक्का लगाया। शतक के करीब पहुंचने से पहले उन्हें पिंडली और मांसपेशियों में ऐंठन के कारण वह रिटायर हर्ट हो गए।

## गिल ने खेली कप्तानी पारी, रो-को की फीकी वापसी



### रो-को हुए सस्ते में आउट

इस जीत के साथ गिल ने रोहित शर्मा (11) और विराट कोहली (5) के सस्ते में आउट होने के बाद 48 रन पर दो विकेट गंवा चुके भारत के लिए जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने उपकप्तान श्रेयस अय्यर (35) के साथ तीसरे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

### रूट और डॉसन की शानदार पारी

टॉस जीत कर बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद इंग्लैंड का स्कोर 13वें ओवर तक बिना किसी नुकसान के 61 रन था। इसके बाद उसने 22वें ओवर तक छह विकेट 107 रन पर गंवा दिए और लग रहा था कि मेजबान टीम 150 रन भी नहीं बना सकेगी। रूट ने हालांकि 76 गेंद में 76 और डॉसन ने 83 गेंद में 68 रन की पारी खेलकर टीम को संकट से निकाला।

### गिल और गुरनूर को छोड़ना पड़ा मैदान

इंग्लैंड के खिलाफ़ पहले वनडे मैच में शुभमन गिल और गुरनूर को बीच मैच मैदान छोड़ना पड़ा। इंग्लैंड में अपना पहला इंटरनेशनल मैच खेल रहे गुरनूर ने पारी के दौरान शानदार गेंदबाजी की।दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को 48वें ओवर में अपने रन-अप के आखिर में परेशानी महसूस हुई। वह आगे खेल जारी नहीं रख सके और मैदान से बाहर चले गए। शुभमन गिल बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गए। गिल को चोट के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। पारी के 26वें ओवर के दौरान वह ठीक से खड़े नहीं हो पाए और अपने दाहिने पैर के पिछले हिस्से को पकड़कर पिच पर ही लेट गए।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का ब्रूक बो कुरन | 11 | 21 | 1 | 0 |
| गिल रिटायर हर्ट | 80 | 75 | 11 | 1 |
| कोहली पगबाधा आर्चर | 05 | 6 | 1 | 0 |
| अय्यर रन आउट | 35 | 53 | 2 | 0 |
| वाशिंगटन नाबाद | 52 | 63 | 4 | 1 |
| राहुल बो टंग | 01 | 03 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 57 | 52 | 5 | 1 |

अतिरिक्त: 20, कुल योग: 45.2 ओवर में 262/4 रन
गेंदबाजी: आर्चर 10-0-60-1, टंग 10-0-50-1, कुरन 10-0-55-1, राशीद 5.2-0-34-0, बेथल 1-0-10-0, डॉसन 2-0-10-0, जैक्स 7-0-43-0

| इंग्लैंड पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डकेट का बुमराह बो बरार | 43 | 45 | 6 | 2 |
| बेथेल का वॉशिंगटन बो बरार | 14 | 31 | 1 | 0 |
| रूट नाबाद | 76 | 76 | 6 | 1 |
| ब्रूक का शर्मा बो बुमराह | 01 | 03 | 0 | 0 |
| बटलर का बरार बो प्रसिद्ध | 05 | 14 | 0 | 0 |
| कुरेन का राहुल बो प्रसिद्ध | 00 | 03 | 0 | 0 |
| विल जैक्स का राहुल बो दुबे | 20 | 19 | 3 | 0 |
| डॉसन का शर्मा बो पटेल | 68 | 83 | 6 | 1 |
| आर्चर का वॉशिंगटन बो अक्षर | 12 | 06 | 1 | 1 |
| रशीद स्ट राहुल बो अक्षर | 01 | 05 | 0 | 0 |
| जोश टंग बो अक्षर | 00 | 02 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 18 रन, योग : 47.5 ओवर में 258 रन
**गेंदबाजी :** बुमराह 9-0-31-1, प्रसिद्ध 10-2-50-2, बरार 9-0-61-2, दुबे 6-0-27-1, वॉशिंगटन 4-0-13-0, अक्षर 9.5-0-62-4

## 968 दिन का बाद बुमराह का 'कमाल कमबैक'

### वनडे में चटकाए 150 विकेट



भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 968 दिन बाद वनडे क्रिकेट में लौटते ही कमाल कर दिया। पहले 4 ओवर में सिर्फ 8 रन और फिर पांचवें ओवर में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक का विकेट लेते ही उन्होंने दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। उन्होंने इस विकेट के साथ वनडे इंटरनेशनल में अपने 150 विकेट पूरे किए। साथ ही वह इंग्लैंड में सबसे ज्यादा वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज भी बने। जसप्रीत बुमराह ने अपने 90वें मैच और 89वीं पारी में 150वां विकेट लिया और सबसे तेज यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने। जबकि इंग्लैंड में उनका यह 31वां वनडे विकेट था। रविंद्र जडेजा (30) को पीछे छोड़ते हुए इस मामले में बुमराह नंबर 1 भारतीय गेंदबाज बने। भारत के लिए सबसे तेज 150 वनडे विकेट लेने का रिकॉर्ड मोहम्मद शमी के नाम है।

#### सबसे तेज 150 वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज

| | |
|---|---|
| मोहम्मद शमी | : 80वां मैच |
| कुलदीप यादव | : 88वां मैच |
| **जसप्रीत बुमराह** | **: 90वां मैच** |
| अजीत अगरकर | : 97वां मैच |
| जहीर खान | : 103वां मैच |

#### इंग्लैंड में सबसे ज्यादा वनडे विकेट लेने वाले भारतीय

| | |
|---|---|
| **31 विकेट** | **: जसप्रीत बुमराह*** |
| 30 विकेट | : रविंद्र जडेजा |
| 28 विकेट | : भुवनेश्वर कुमार |
| 27 विकेट | : मदन लाल |
| 26 विकेट | : मोहम्मद शमी |

## खबर संक्षेप

### मप्र हॉकी अकादमी के चार खिलाड़ी भारतीय टीम में, मस्कट में दिखाएंगे दम

**भोपाल।** मप्र राज्य हॉकी अकादमी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। पुरुष वर्ग में आयुष रजक (गोलकीपर) एवं करण गौतम तथा महिला वर्ग में महक परिहार (गोलकीपर) एवं नौशीन नाज़ (फॉरवर्ड) का भारतीय टीम में चयन यूथ हॉकी5एस एशियन चैंपियनशिप– के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 20 से 25 जुलाई तक मस्कट, ओमान में आयोजित होगी। पुरुष वर्ग की भारतीय टीम में आयुष रजक और करण गौतम का चयन प्रदेश की मजबूत हॉकी संरचना एवं उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था का प्रमाण है। वहीं महक परिहार और नौशीन नाज़ की जगह भारतीय टीम में बनना यह दर्शाता है कि मप्र की बेटियां भी देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### ऑल इंडिया नौ सैनिक कैंप में एमपी-सीजी पहले स्थान पर



**भोपाल।** भारतीय नौसेना द्वारा महाराष्ट्र के लोणावला स्थित आईएनएस शिवाजी में आयोजित ऑल इंडिया नौ सैनिक कैंप-2026 में मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ (एमपी-सीजी) निदेशालय ने पहली बार ओवरऑल चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि में रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मनोज सिंह मनराल ने एमपी-सीजी कंटिंजेंट कमांडर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि के साथ एमपी-सीजी ने कैंप में कुल 18 स्वर्ण, 7 रजत एवं 5 कांस्य पदक अपने नाम किए। देशभर के लगभग 1,000 कैडेटों की सहभागिता वाले 10 दिवसीय शिविर में ड्रिल, बोट पुलिंग, सीमैनशिप, बोट रिगिंग, सेमाफोर तथा सर्विस सब्जेक्ट सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## 21 साल बाद अर्जेंटीना और इंग्लैंड में भिड़ंत

### सेमीफाइनल में आज मेस्सी और केन होंगे आमने-सामने



अटलांटा। अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल की बहुचर्चित प्रतिद्वंद्विता बुधवार को जब विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में फिर से जीवंत होगी तो सबकी नजर इस पर टिकी रहेगी कि इसमें लियोनेल मेस्सी के पांवों का जादू चलेगा या हैरी केन का करिश्मा। मेस्सी ने अब तक मौजूदा टूर्नामेंट में 8 गोल करके अर्जेंटीना की जीत में अहम भूमिका निभाई है तो केन भी उनसे ज्यादा पीछे नहीं है, जिन्होंने छह गोल दागे हैं। यह दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार आमने-सामने होंगे क्योंकि दोनों टीम के बीच 2005 के बाद कोई मुकाबला नहीं हुआ है।



### मिडफील्ड में होगा रोमांचक मुकाबला

इस मैच में मिडफील्ड में रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। इंग्लैंड को अपना पूरा ध्यान मेस्सी पर लगाने से बचना होगा, जो एंजो फर्नांडीज और एलेक्सिस मैक एलिस्टर के साथ मिलकर इंग्लैंड की रक्षात्मक पंक्ति को भेदने और उनके आक्रामक डिफेंस के पीछे मौजूद खाली जगह का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। इंग्लैंड के कोच थॉमस ट्यूशेल की रणनीति रक्षात्मक चूक को कम करने को प्राथमिकता देनी होगी। डेक्लान राइस और कोबी मैनू की मेस्सी को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### 968 दिन का बाद बुमराह का 'कमाल कमबैक', वनडे में चटकाए 150 विकेट

**बर्मिंघम।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 968 दिन बाद वनडे क्रिकेट में लौटते ही कमाल कर दिया। पहले 4 ओवर में सिर्फ 8 रन और फिर पांचवें ओवर में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक का विकेट लेते ही उन्होंने दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। उन्होंने इस विकेट के साथ वनडे इंटरनेशनल में अपने 150 विकेट पूरे किए। साथ ही वह इंग्लैंड में सबसे ज्यादा वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज भी बने। जसप्रीत बुमराह ने अपने 90वें मैच और 89वीं पारी में 150वां विकेट लिया और सबसे तेज यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने।

## 77 रन पर ढेर पूरी टीम, 6 ओवर में खत्म हो गया टी20 मुकाबला

एजेंसी ▸▸ बर्मिंघम

टी20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर मुकाबले में एक बेहद एकतरफा और हैरान करने वाला मैच देखने को मिला। इस मुकाबले में बेल्जियम ने हंगरी के खिलाफ 10 विकेट से एकतरफा और धमाकेदार जीत दर्ज की। हंगरी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 77 रनों पर ढेर हो गई, जिसके बाद बेल्जियम ने महज 6 ओवरों में ही बिना कोई विकेट खोए टारगेट हासिल कर लिया।

बेल्जियम ने हंगरी को 10 विकेट से हराया



### हंगरी की बैटिंग फेल

मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हंगरी की शुरुआत बेहद खराब रही। बेल्जियम के घातक गेंदबाजी आक्रमण के सामने हंगरी का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। टीम की तरफ से जाहिर सफी मोहम्मद ने सबसे ज्यादा 26 गेंदों में 20 रन बनाए। उनके अलावा मोहम्मद माज भाईजी ने 11 और कप्तान विनोद रविंद्रन ने 10 रनों का योगदान दिया। इन तीनों के अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू सका और पूरी टीम 19.3 ओवरों में 77 रन बनाकर पवेलियन लौट गई।

## आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग : मानव-मानुष बने वर्ल्ड नंबर-2, शीर्ष 10 में तीन भारतीय जोड़ियां

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय टेबल टेनिस ने बड़ी उपलब्धि हासिल की जब नवीनतम आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग में भारत की तीन युगल जोड़ियों ने शीर्ष 10 में जगह बनाई। भारतीय युगल जोड़ियों की अगुआई मानव ठक्कर और मानुष शाह कर रहे हैं, जो पुरुष युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं, जो किसी भी युगल वर्ग में किसी भारतीय जोड़ी की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हैं। महिला युगल में दीया चितले और यशस्विनी घोरपडे दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी के रूप में शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं। मिश्रित युगल में दीया और मानुष दुनिया की पांचवें नंबर



की जोड़ी है। यह पहली बार है जब भारत की तीन जोड़ियों ने विश्व रैंकिंग में एक साथ शीर्ष 10 में जगह बनाई है।

### भारत की जोड़ियां दे रही पारंपरिक दिग्गजों को टक्कर

*यह उपलब्धि युगल खेलने वाले सबसे मजबूत देशों में भारत की बढ़ती अहमियत को दिखाती है क्योंकि भारत की जोड़ियां लगातार चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और चीनी ताइपे जैसे पारंपरिक दिग्गजों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। यह उपलब्धि खेल के लिए एक अहम मोड़ पर भी आई है क्योंकि लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में युगल वर्ग की ओलंपिक कार्यक्रम में वापसी होने वाली है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस स्पर्धा का महत्व बढ़ गया है।*

## जापान ओपनः सिंधू ने मलेशिया की चिंग को हराकर दूसरे दौर में बनाई जगह

# सिंधू ने सीधे गेम में मारी बाजी, कोर्ट से हटी स्टार जोड़ी

एजेंसी ▸▸ टोकियो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के कंधे की समस्या के कारण उन्हें और चिराग शेट्टी को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मैच के बीच से हटना पड़ा जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मलेशिया की वोंग लिंग चिंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। सात्विक और चिराग की विश्व में चौथे नंबर की जोड़ी ने सिंगापुर ओपन जीतकर दो साल से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म किया था। इसके बाद उन्होंने इंडोनेशिया ओपन में भाग नहीं लिया था। जापान ओपन में उन्होंने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड से पहला गेम 19-21 से हारने के बाद हटने का फैसला किया।



### कपिला और तनीशा की दूसरे दौर में एंट्री

भारत के ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो ने भी अपने मिश्रित युगल मुकाबले में स्कॉटलैंड के एलेक्जेंडर डन और जूली मैकफर्सन को 21-16, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। हालांकि रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे पहले ही दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 11-21, 10-21 से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (वि./यॉ.)**
**लोक निर्माण विभाग, वि./ यॉ. संभाग क्र.-2, बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)**

निविदा सूचना

सूचना प्रकाशन क्रमांक. 12/व.ले.लि./2026-27 भोपाल, दिनांक : 10/07/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | एन.आई.टी.क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB_520686_1 | 30/SAC/2026-27 | पोल शिफ्टिंग एण्ड हाईट रेसिंग ऑफ 11/33 केव्ही एल टी लाईन एवं ट्रांसफार्मर, ड्यू टू कन्स्ट्रक्शन ऑफ रोड सेमरादांगी, बरखेडा, सुखाल जिला सीहोर | प्रथम आंमत्रण | 3424047.00 | 50000.00 | 5000.00 |
| 2 | 2026_PWDRB_520687_1 | 31/SAC/2026-27 | प्रोवाईडिंग एवं शिफिटंग 11/33 केव्ही लाईन एल टी लाईन एण्ड डीटीआर ड्यू टू रोड वाईडनिंग फोम डबल फाटक से बिरजाखेडी रोड जिला हरदा | प्रथम आंमत्रण | 1545086.00 | 30902.00 | 2000.00 |
| | | | योग :- | | 4969133.00 | | |

नोटः- निविदा विक्रय दिनांक 10/07/2026 प्रातः 10:30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 28/07/2026 सांय 5:30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

(इंजी.हिमांशु उपाध्याय)
कार्यपाल यंत्री
लो.नि.वि. (वि./यां.) संभाग क्र. 02 भोपाल

जी -15642/26 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
फोन नं. 07752-273990 E-mail: cmomalhar@rediffimail.com

क्र./969/ ई-निविदा/न.पं./2026-27 मल्हार, दिनांक 14/07/2026

अष्ठम ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत मल्हार में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के यूएसओआर दिनांक 01.06.2020, जल संसाधन विभाग के एसओआर 01.08.2022, लोक निर्माण विभाग के एसओआर (भवन व सड़क निर्माण कार्य) दिनांक 01.01.2015, तथा लोक निर्माण विभाग के एसओआर (विद्युत और यांत्रिकी) दिनांक 01.06.2020 फार्म-एच (लमसम दर) अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 195443 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, MALHAR under SBM 2.0 (RS 273.56 Lac) (form-H) (Lumpsum Rate) (8TH call | 14.07.2026 17.30 बजे से | 24.07.2026 17.30 बजे | 28.07.2026 16.00 बजे | 28.07.2026 17.00 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से संबन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in अथवा www.cg.uad.gov.in पर उपलब्ध है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मल्हार




# अनुराग ने की मलयालम फिल्म की तारीफ



**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने मलयालम फिल्ममेकर अभिनव सुंदर नायक की फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' की तारीफ की है। उन्होंने कुछ दिन पहले ही इसे साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक बताया था। अनुराग ने हाल ही में अभिनव के साथ उनके घर पर 2022 की इस मलयालम ब्लैक कॉमेडी फिल्म को देखा और बाद में एक शानदार रिव्यू में इसे जबरदस्त फिल्म बताया। अब अभिनव सुंदर नायक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अनुराग कश्यप के घर पर एक दोपहर बिताई, जिसमें फिल्मों, इंडस्ट्री और अपनी हालिया डायरेक्टोरियल फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' पर बातचीत हुई।

# अनुराधा ने लता संग विवाद पर तोड़ी चुप्पी...



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन सिंगर्स में से है अनुराधा पौडवाल की एक समय पर स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर से तुलना की जाती थी। इसी तुलना ने एक विवाद को जन्म दिया जिसमें कहा जाता था कि लता मंगेशकर ने अनुराधा को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया। अब इस पर अनुराधा ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एक बातचीत में उन्होंने कहा है कि वो मेरी गुरु जैसी हैं और गुरु की कोई बराबरी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं मानती हूं कि गुरु की कोई बराबरी नहीं करता। गुरु को फॉलो किया जाता है, उनकी पूजा की जाती है। दूसरी बात लोगों की सोच ही ऐसी है, क्योंकि वे हमारी तुलना करते हैं, इसीलिए उनको ये सुनने में स्पाइसी लगता है कि उन्होंने मुझे आगे नहीं बढ़ने दिया'।

# रणवीर प्रलय की शूटिंग के बीच लेंगे पैटरनिटी लीव ...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। इस साल आई उनकी फिल्म धुरंधर ने ग्लोबल स्तर पर तक छाप छोड़ी है। इंडियन बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़कर नए रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। अब आने वाले समय में रणवीर अपनी दूसरी बड़ी फिल्म प्रलय की शूटिंग में बिजी होने वाले हैं। इस के अलावा एक दोबारा से पापा बनने के बाद एक्टर एक लंबी पैटरनिटी लीव पर जा सकते हैं। रणवीर सिंह अपने करियर की बड़ी फिल्म प्रलय को लेकर लंबे समय से सुर्खियों में बने हुए हैं। अब इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट सामने आ गई है। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट की मानें रणवीर अगले महीने यानी अगस्त 2026 से फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। लेकिन वो ये शूटिंग अगले दो महीनों तक ही करेंगे। इसके बाद पत्नी दीपिका पादुकोण की दूसरी डिलीवरी होनी है। ऐसे में एक्टर दीवाली के आस पास फिल्म प्रलय और अन्य प्रोजेक्ट्स से ब्रेक लेकर पैटरनिटी लीव लेंगे। इस दौरान रणवीर अपनी बेटी दुआ और पत्नी दीपिका के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे और नए सदस्य का स्वागत करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया




रणवीर पैटरनिटी लीव के बाद साल 2027 में ही प्रलय का काम फिर से शुरू करेंगे। रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। साल 2024 में बेटी दुआ के जन्म के बाद साल 2025 और 2026 में धुरंधर और धुरंधर 2 के धमाके ने इंडस्ट्री हिला दी। अब आने वाले दिनों में रणवीर प्रलय में लीड किरदार में नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो रणवीर स्टारर प्रलय एक 300 करोड़ के बजट वाली फिल्म होने वाली है।

# कर्ण से लेकर अश्वत्थामा तक, कल्कि 2 में खुलेंगे अनसुने रहस्य, महाभारत से कनेक्शन पर अश्विन की दो टूक

**नई दिल्ली।** साल 2024 में फिल्म कल्कि 2898 एडी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। माइथोलॉजिकल साइंस फिक्शन जॉनर वाली इस मूवी ने काफी लोकप्रियता हासिल की। प्रभास , अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे दिग्गज कलाकारों से सजी कल्कि का निर्देशन नाग अश्विन ने किया। लंबे समय से कल्कि 2 की चर्चा चल रही है। अब नाग ने अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म को लेकर खुलकर बात की है और बताया है कि कर्ण और अश्वत्थामा जैसे किरदारों को लेकर पार्ट में क्या खास देखने को मिलेगा। जब फिल्म कल्कि के पार्ट-1 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया तब से लेकर अब तक महाभारत से इसको जोड़े जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले पर हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान नाग अश्विन ने अपनी दो टूक राय रखी है और कहा है- महाभारत के संदर्भों के उन सभी पहलुओं को कल्कि 2 में खासतौर पर स्पष्ट किया जाएगा, जिन पर अभी सवाल उठ रहे हैं। पार्ट 2 का इंतजार कीजिए। पहले आप लोग पार्ट 2 को आने तो दो, इसके बाद ही पता चल पाएगा कि हमने क्लाइमैक्स में क्या और क्यों दिखाया गया। कृपया महाभारत को ध्यान से पढ़िए, मुझे हमारे



इतिहास का अत्यंत सम्मान है और मैं जानता हूं कि मैं क्या कर रहा हूं। बता दें कि कल्कि 2898 एडी के क्लाइमैक्स में भैरव (प्रभास) के कर्ण का पुनर्जन्म होने का खुलासा होता है, जिसके बाद वह अश्वत्थामा (अमिताभ बच्चन) के साथ मिलकर धर्म की रक्षा करता नजर आता है। हालांकि, असली महाभारत का सार इससे थोड़ा विपरीत माना जाता है।

## कल्कि 2 की शूटिंग जारी

इतना ही नहीं नाग अश्विन ने इस बात का भी खुलासा किया है कि कल्कि 2 में पहले से और ज्यादा बड़े एक्शन सीक्वेंस और मिथकीय ब्रह्मांड का विस्तार दर्शाया जाएगा। बता दें कि फिल्म हैदराबाद में फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है।

## कौन करेगा दीपिका को रिप्लेस

कल्कि 2898 एडी में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने सुमति का अहम किरदार अदा किया था। अब जब वह कल्कि 2 का हिस्सा नहीं हैं तो इस मामले को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है कि वह कौन सी अभिनेत्री होगी, जो कल्कि पार्ट 2 में दीपिका को रिप्लेस करेगी। इसको लेकर आलिया भट्ट और साई पल्लवी जैसी अभिनेत्रियों के नाम भी सामने आए हैं, जिस पर अब नाग अश्विन ने तस्वीर साफ करते हुए कहा है- कल्कि 2 में सुमति के किरदार को कौन निभाएगा, इसकी घोषणा हमें करनी है। अभी जो कुछ भी चल रहा है, वह केवल अटकलें हैं। इतना तय है कि सुमति का किरदार कहानी का बेहद अहम हिस्सा रहेगा। नाग के इस बयान से साफ हो गया कि भैरव, सुप्रीम यास्किन (कमल हासन) और अश्वत्थामा के अलावा कल्कि 2 में कल्कि के किरदार को भी वरीयता दी जाएगी।

# गोलमाल के 20 साल पूरे होने का मनाया जश्न...



**मुंबई।** मशहूर अभिनेता अजय देवगन ने मंगलवार को अपनी सुपरहिट कॉमेडी फिल्म 'गोलमाल' के 20 साल पूरे होने पर खुशी जताई है। इसी के साथ अजय ने सोशल मीडिया पर फिल्म की पुरानी तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने 'गोलमाल' के इस सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर कई मोशन वीडियो साझा किए हैं। इसी के साथ अजय ने लिखा कि दो दशक पहले शुरू हुआ यह सफर आज भी लोगों को उतनी ही हंसी और खुशी दे रहा है। उन्होंने फिल्म के किरदारों की कुछ मजेदार तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने लिखा, 'गोलमाल शुरू किए हुए 20 साल हो गए और इसका मजा आज भी वैसा ही है।'
फिल्म 'गोलमाल' में अजय देवगन के साथ तुषार कपूर, अरशद वारसी, शरमन जोशी, रिमी सेन और परेश रावल मुख्य भूमिकाओं में थे।

# आलिया तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर हुईं ट्रोल

तुम्बाड 2 के मेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट करके बताया कि फिल्म में आलिया भट्ट भी एक अहम किरदार निभाएंगी। फिल्म में आलिया की कास्टिंग सोशल मीडिया यूजर्स को पंसद नहीं आई, इस वजह से एक्ट्रेस को जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

एजेंसी ⏭ मुंबई



नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बाद फिल्म 'तुम्बाड 2' से आलिया भट्ट भी जुड़ गई हैं। इस हॉरर-थ्रिलर फिल्म में वह एक अहम किरदार निभाने वाली हैं। फिल्म से जुड़कर आलिया भट्ट भी काफी खुश हैं। लेकिन, पहली फिल्म 'तुम्बाड'को पसंद करने वाले फैंस दूसरे पार्ट में आलिया की कास्टिंग से नाराज नजर आ रहे हैं। वह मेकर्स के डिसीजन को गलत बता रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने आलिया भट्ट को तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर कई वजहों से ट्रोल किया है। एक यूजर ने लिखा, आलिया से तुंबाड 2 को बचाओ।




# Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant in Madhya Pradesh. * This exchange scheme is valid across India till 31st March, 2027 and is available exclusively through authorised TVS main dealers (AMDs) and authorised TVS dealers (ADs). ^ Colours available in TVS XL100 Heavy Duty Alloy variant. + Based on internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply.

**FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com** मुख्य अधिकृत विक्रेता – भोपाल : कोहिनूर टीवीएस, 7389901018, 7554245855, कोहिनूर टीवीएस, 7389924459, 7389924456, अट्रेक्टिव टीवीएस, इंद्रपुरी भोपाल, 8370003697, 8370002230, कोहिनूर टीवीएस, 9870326564, 9111018733, भोपाल टीवीएस, 0755–4948300, 9926526466, संकल्प टीवीएस, मो. 7898987990, 7898987984, सक्सेस टीवीएस, मो. 9826717528, 8889655523, रायसेन : सिद्धीसारथी टीवीएस, 9238234860, 9303816415, सीहोर : ममता टीवीएस, 9201826868, राजगढ़ : श्री सांवरिया टीवीएस, 9039551201, 7748099834, जीपीडी टीवीएस, 9753055245, 7974190962, मंगल टीवीएस, 9171112384, 9171112386, विदिशा : यूरेका टीवीएस, 07592–403859, 9806974281, तारणम् टीवीएस, 9243122422, 9827399444, अशोकनगर : श्री विनायक टीवीएस, 7879041038, 7999608681, गुना : वंदना टीवीएस, 9755364517, 7694000571, श्री हरिगिरधर टीवीएस, 9425710114, 9425710113, बैतूल : ओम शक्ति टीवीएस, 9340291652, 7049027410, नर्मदापुरम : श्री ओम शक्ति टीवीएस, 9340249811, 9329914754, इटारसी : आई लक्ष्मी टीवीएस, 9244377833, सारणी : लक्ष्मी टीवीएस, 9425366960, 8959091939, हरदा : श्री विद्यासागर टीवीएस, 7697255552, अधिकृत डीलर भोपाल : भानपुर 9981997535, 9981641501, 9713681500, करोंद 7772005953, हर्राखेड़ा 9893548735, ईंटखेड़ी 8120928303, फंदा 9806175382, नेहरूनगर 7723977850, 9893231841, बैरागढ़ 9827081627, 7987196944, बैरसिया 07565–292222, 7580876776, 9754784161, बंगरसिया 9131494312, 9826934463, देहगांव 9893932299, उदयपुरा 9893509802, सुल्तानपुर 8120053803, अधिकृत डीलर अशोकनगर : बहादुरपुर 9591155334, राजपुर 6266358545, ईसागढ़ 8878682065, 9425798779, मुंगावली 8839740541, 9806374388, अधिकृत डीलर गुना : आरोन 8085808501, बमौरी 7987068010, फतेहगढ़ 6265242811, मक्सूदनगढ़ 9424849214, राघौगढ़ 9669843208, जामनेर 7770960853, अधिकृत डीलर रायसेन : गैरतगंज 9425653354, 7999934324, देहगांव 6264514663, मंडीदीप 9893016056, 9009085515, ओबेदुल्लागंज 7987999256, 9713470480, सिलवानी 6266504460, बैगमगंज 8770809631, बरेली 9009222227, उदयपुरा 9893509802, अधिकृत डीलर राजगढ़ : छापीहेड़ा, 8109238402, जीरापुर, 7581071198, 6166386978, खिलचीपुर 9893624685, कुरावर 9981241802, माचलपुर, 9685505767, सारंगपुर, 7000013615, 7000822287, तलेन 9926922770,अधिकृत डीलर विदिशा : गंज बासोदा 8989029329, 9584494644, गुलाबगंज 9993944799, 9993182352, ग्यारसपुर 9752535692, 6260403349, लटेरी 9074929908, शमशाबाद 9755106709, सिरोंज 8770963822, कुरवाई 9617457020, अधिकृत डीलर नर्मदापुरम : बाबई 7828641086, बनखेड़ी 8602257406, बुदनी 9827005454, डोलरिया 9977220337, पिपरिया 9329770107 , सिवनी मालवा 6264865638, शाहगंज 8461890106, सोहागपुर 7000862026, अधिकृत डीलर बैतूल : आमला 6261272636, आठनेर 9425623807, चिचोली 9179178890, चोपना 9977653785, घोड़ाडोंगरी 9407521428, भैंसदेही 9977711439, अधिकृत डीलर सीहोर : आष्टा 9977707427, चांदबड़ 8719082045, लाड़कुई 9229651220, नसरूल्लागंज 9977877877, श्यामपुर 9201826868, बिलकिसगंज 9783587709, श्यामपुर 7566784778, 9981241802, अधिकृत विक्रेता हरदा : टिमरनी 9755930630.

dentsu/hb bho/05/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930